CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-03-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 03-29-2026 23:05 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > सोमवार, 30 मार्च 2026 > चैत्र 9 शक संवत 1948 चैत्र शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 74 > पेज 16* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

बेलारूस की सबालेंका ने जीता मायामी ओपन
▸p10

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ऐसे मिसाइल इंजन का टेस्ट, जिसकी जद में US
▸p12

दो सीट से चुनाव लड़ेंगे विजय, TVK ने जारी किया अजेंडा ▸▸ पेज 6

रेमंड को आसमान दिया, किराये पर रहे... विजयपत सिंघानिया को अंतिम विदाई ▸▸ पेज 12

वामिका बोली- ऐक्टिंग न करती तो जानवरों को बचा रही होती ▸▸ देखें सप्लिमेंट

फटाफट खबरें

नीतीश MLC पद से आज देंगे इस्तीफा

बिहार के सीएम नीतीश कुमार सोमवार को राज्य विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। JDU विधायक अनंत कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की। हाल ही में राज्यसभा के लिए चुने गए नीतीश कुमार ने पहले ही मुख्यमंत्री पद छोड़ने की बात कही थी।

मणिपुर: बैन संगठन के 4 मेंबर मारे गए

मणिपुर के कामजोंग जिले में एक प्रतिबंधित संगठन के चार कार्यकर्ताओं की प्रतिद्वंद्वी गुट के सदस्यों ने गोली मारकर हत्या कर दी। प्रतिबंधित एनएससीएन ईस्टर्न फ्लैंक ने कहा, प्रतिद्वंद्वी गुट ने गाड़ी को रोककर गोलियां चलाईं। चार की मौत हो गई। दो भाग निकले।

रोहित गोदारा गैंग का शूटर गिरफ्तार

दिल्ली के एक नामी ज्वैलर से 10 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले गैंगस्टर वीरेंद्र चरण के गुर्गे को स्पेशल सेल ने पकड़ा है। यह कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-वीरेंद्र चरण गैंग का शूटर है। आरोपी का नाम दीपक उर्फ दिलावर है। स्पेशल सेल डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि गैंग ने वसूली के कॉल किए।

STAR WARS
IPL : आज का मैच

राजस्थान रॉयल्स Vs चेन्नै सुपर किंग्स
गुवाहाटी, शाम 7:30 बजे से
टेलिकास्ट : जियोहॉटस्टार पर

NBT नवभारत टाइम्स Wealth
क्या आपने NBT Wealth लिया?
पर्सनल फाइनैंस की खबरें आपकी भाषा हिंदी में।
हर सोमवार पढ़ें NBT Wealth
सिर्फ 6 रुपये में
अपने वेंडर से संपर्क करें या 18001205474 पर भी कॉल कर सकते हैं।
NBT Wealth आपको कैसा लगता है, इसमें क्या पसंद आता है और क्या नहीं? क्या और चाहते हैं आप? ऐसे विषयों पर आप कॉल करके अपनी बात नोट करा सकते हैं। आपका संदेश संपादक तक पहुंच जाएगा।
कॉल करें 011-4978 0064 पर आज दिन में 11 से 12 बजे तक

हैपी मॉर्निंग

दोस्त: सुबह तेरी नींद क्यों नहीं खुलती?
दूसरा: क्योंकि मेरा सपना अधूरा रह जाता है।
दोस्त: कौन सा सपना?
दूसरा: अमीर बनने का।

मौसम

अधिकतम तापमान 36.2°
19.8° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त सोमवार 6:38 | सूर्योदय मंगलवार 6:13
आज दोपहर में गरज के साथ बहुत हल्की बारिश हो सकती है।

युद्धपोत USS त्रिपोली सैनिकों को लेकर आया, दोनों ओर से हमले रहे जारी

खाड़ी में पहुंचे 3500 अमेरिकी सैनिक, पाक में 4 देशों की बैठक

■ एपी, दुबई/इस्लामाबाद

पश्चिम एशिया में एक महीने से चल रहे युद्ध के बीच अमेरिका के लगभग 3,500 सैनिक इस क्षेत्र में पहुंच गए हैं। सैनिकों को युद्धपोत USS त्रिपोली लेकर आया। पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती है। उधर, ईरान युद्ध को खत्म करने के लिए पाकिस्तान समेत चार देशों ने रविवार को इस्लामाबाद में मीटिंग की। इसमें पाकिस्तान के अलावा, इजिप्ट, तुर्किये और सऊदी अरब के विदेश मंत्री भी शामिल हुए। सोमवार को भी मीटिंग होगी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि क्षेत्रीय हालात पर बात की गई।

पाक ने कहा, क्षेत्रीय हालात पर मिलकर चर्चा की गई

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि वह जमीनी फोर्स उतारने के साथ ही अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर सकते हैं। इस बीच, रविवार को ईरान ने खाड़ी के देशों में मौजूद इस्राइली और अमेरिकी यूनिवर्सिटी को निशाना बनाने की धमकी दी। ऐसा पहली बार है जब ईरान ने शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने की खुले तौर पर धमकी दी है। ईरान के युद्ध में ज्यादा से ज्यादा बच्चे प्रभावित होने के बाद यह कहा है कि ... ... सोमवार तक ... के हमले किए गए ... शनिवार देर रात तेहरान में भीषण हवाई हमले हुए। ईरान ने रविवार तड़के इस्राइल की ओर मिसाइलें दागीं।

नो किंग्स अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ बड़ी तादाद में लोगों ने प्रदर्शन किया।

वॉर अपडेट्स

- कुवैत की सेना ने बताया कि उसके मिलिट्री कैंप पर मिसाइल हमले में 10 जवान घायल हो गए।
- सऊदी अरब के एयरबेस पर ईरान के हमले में अमेरिकी विमान 'अवॉक्स' और रिफ्यूलिंग विमान तबाह हो गए।
- इस्राइल में मशोशाम प्लांट पर ईरानी मिसाइल से हमला हुआ। यह चीनी सिंजेंटा ग्रुप की कंपनी है।
- इस्राइल का कहना है कि उसने तेहरान में मौजूद एक महत्वपूर्ण मिसाइल बनाने के ठिकाने पर हमला किया है।
- बहरीन ने समुद्री आवाजाही बैन की घोषणा की है।

बातचीत के साथ-साथ तकरार भी...

ईरान में ज़मीनी सैनिक अभियान की तैयारी में है पेंटागन: रिपोर्ट

अमेरिकी मीडिया ने दावा किया है कि पेंटागन ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी सैन्य अभियानों की तैयारी कर रहा है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप संघर्ष को और बढ़ाने का फैसला लेते हैं, तो यह युद्ध एक खतरनाक चरण में बदल सकता है। संभावित जमीनी अभियान पूर्ण आक्रमण से कम होगा और उसमें स्पेशल ऑपरेशंस फोर्सेज और पैदल सेना मिलकर छापेमारी कर सकती है।

ईरान ने कहा- सैनिकों का इंतज़ार है, उन्हें आग के हवाले कर देंगे

ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आरोप लगाया कि कूटनीतिक कोशिशों के बावजूद अमेरिका चुपके से जमीनी अभियान की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर आने का इंतजार है। उन्हें आग लगाकर हटाएंगे। उनके क्षेत्रीय सहयोगियों को भी सजा देंगे। ईरानी फोर्स पूरी तरह तैयार है। गोलीबारी जारी है। मिसाइलें तैनात हैं। आत्मविश्वास और भी बढ़ गया है। ▸▸ पेज 5

सिलिंडर डिलिवरी नॉर्मल: सरकार

94,000 टन LPG के साथ आ रहे 2 जहाज़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

युद्ध के हालात में अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील करते हुए सरकार ने रविवार को कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार है। केंद्र ने कहा कि घरेलू प्लेयर्स को उनकी औसत खपत के 75% के बराबर गैस सप्लाई की जा रही है। वहीं, होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर 2 जहाज भारत की ओर आ रहे हैं। इन पर करीब 94000 टन LPG है। केंद्र ने देश में LPG सिलिंडर की डिलिवरी सामान्य होने की बात कही। सरकार ने कहा कि मार्च में अब तक 2.9 लाख से ज्यादा LPG उपभोक्ता PNG पर शिफ्ट हो चुके हैं।

PDS के तहत डीलर को पंप से मिलेगा केरोसिन

सरकार ने तय किया है कि दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब समेत 21 राज्यों के हर जिले में अधिकतम दो पेट्रोल पंपों पर केरोसिन उपलब्ध होगा। यहां से डीलर या एजेंट ले जाकर PDS के तहत लोगों को खाना पकाने, रोशनी के लिए देंगे।

मोदी बोले, संकट में एकजुट रहें देशवासी

पीएम नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध से चुनौतीपूर्ण स्थिति बनी है। उन्होंने कहा कि देश के सभी नागरिक इससे निपटने के लिए एकजुट रहें। देश इसका डटकर मुकाबला कर रहा है। अफवाहें फैलाने वाले लोग देश को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। मोदी ने कहा, 'हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे देश के 140 करोड़ देशवासियों ने पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर कठिन हालात से विजयी बनकर बाहर निकल जाएंगे।' साथ ही कहा कि खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद के लिए वह उन देशों के आभारी हैं। (पीटीआई)

नेपाल में छात्र राजनीति बैन, 5वीं क्लास तक कोई परीक्षा भी नहीं

PM बालेन शाह की 'Gen-Z' सरकार ने पहली ही कैबिनेट में शिक्षा के क्षेत्र में कई बदलावों का किया ऐलान

निजी अस्पतालों के लिए अनिवार्य नियम, अपने 10 प्रतिशत बेड जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त में रखें रिजर्व

■ NBT रिपोर्ट

प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह (बालेन) की अगुआई वाली नेपाल की 'Gen-Z' सरकार ने सत्ता संभालते ही शिक्षा के क्षेत्र में कई बदलावों की घोषणा की है। शाह प्रशासन ने कहा है कि वह कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में छात्र राजनीति को खत्म कर देगा। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों से अपनी छात्र इकाइयों को कैंपस से बाहर करने को कहा गया है। वहीं, 5वीं कक्षा तक अब कोई परीक्षा नहीं होगी। शिक्षा को ज्यादा समावेशी बनाना, कैंपस को राजनीति से मुक्त करना और पढ़ाई की गुणवत्ता को बढ़ाना इन सुधारों का मकसद है। इसके अलावा, निजी अस्पतालों के लिए यह अनिवार्य नियम सख्ती से लागू किया जाएगा कि वे अपने 10 प्रतिशत बेड जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त में रिजर्व रखें। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, सरकार ने शनिवार को प्रभावी शासन के लिए 100-सूत्री कार्ययोजना जारी की।

भावी शासन के लिए जारी की 100-सूत्री कार्ययोजना

नेताओं और सरकारी अधिकारियों की जांच

बालेन सरकार की पहली कैबिनेट ने एक और अहम निर्णय लिया है, जिसके तहत दूसरे जन आंदोलन (2006) के बाद से अब तक सार्वजनिक पदों पर रहे वरिष्ठ राजनीतिक पदाधिकारियों, उच्च-रैंकिंग वाले सरकारी अधिकारियों की संपत्तियों की जांच होगी। इसके लिए पहले चरण में 15 दिन में एक समिति बनाई जाएगी। इसमें कानून, वित्त, राजस्व और रिसर्च के विशेषज्ञ शामिल होंगे। समिति प्रधानमंत्री कार्यालय और मंत्रिपरिषद के अधर काम करेगी। दूसरे चरण में, यह समिति 1991 से 2006 के बीच महत्वपूर्ण सार्वजनिक पदों पर रहे लोगों की संपत्तियों की जांच करेगी। ▸▸ पेज 12

20 अप्रैल से फ्लाइट्स की 60% सीटों पर नहीं लगेगा एक्स्ट्रा चार्ज

■ **आईएएनएस, नई दिल्ली:** एयरलाइंस कंपनियां बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के 60 प्रतिशत सीटें 20 अप्रैल से ऑफर करेंगी। इससे उड़ानों में पारदर्शी सीट आवंटन को बढ़ावा मिलेगा। डीजीसीए के मुताबिक, इससे यात्रियों पर आर्थिक बोझ कम होगा, क्योंकि फिलहाल एयरलाइंस सीट आवंटन के लिए अलग से चार्ज वसूलती हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने 18 मार्च को डीजीसीए को यह नियम लागू कराने को कहा था। इसे लेकर डीजीसीए ने 20 मार्च को संशोधित एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर जारी किया। इसमें यह भी कहा गया है कि एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वालों को साथ में बैठाया जाए।

सियासी हमले तेज

केरल को LDF, UDF ने लूटा: PM

■ **पीटीआई, पलक्कड़ (केरल) :** पीएम नरेन्द्र मोदी ने माकपा के नेतृत्व वाले LDF और कांग्रेस के नेतृत्व वाले UDF पर केरल को लूटने का आरोप लगाया। रविवार को यहां रैली में उन्होंने कहा कि BJP के नेतृत्व वाला NDA ही राज्य की 'असली ए-टीम' है, न कि किसी की 'बी-टीम।'



नरेन्द्र मोदी

BJP नॉनवेज बंद कर देगी: ममता

■ **पीटीआई, पुरुलिया:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार किया। कहा कि शाह के खिलाफ उनके 'पुराने कुकर्मों' के लिए आरोपपत्र आना चाहिए। रैली में उन्होंने कहा, 'बीजेपी यहां सत्ता में आई, तो लोग मछली, मांस और अंडा नहीं खा पाएंगे।'

असम में कांग्रेस की 'पांच गारंटी'

■ **पीटीआई, नाओबोइचा (असम) :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को असम के लिए 'पांच गारंटी' की घोषणा की। इसमें महिला कल्याण, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा, भूमि अधिकार और जुबिन गर्ग की मौत मामले में न्याय पर जोर दिया गया है।

खरगे

महिलाओं को कूपन देगी DMK

■ **पीटीआई, चेन्नै :** तमिलनाडु के सीएम और DMK अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने रविवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। इसमें महिलाओं के लिए घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने/बदलने के लिए 8 हजार की 'इलेक्ट्रॉनिक' कूपन योजना की घोषणा की गई है। घोषणापत्र में स्टालिन ने कई और वादे भी किए।

हिमाचल में बर्फबारी, दिल्ली में चढ़ा पारा... बारिश के आसार

- हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के सिस्सू में ताजा बर्फबारी हुई। इससे पूरा इलाका बर्फ से ढक गया।
- दिल्ली-एनसीआर में तापमान में इजाफा हो रहा है। रविवार को 17 दिन बाद तापमान बढ़कर 36 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।
- हालांकि सोमवार और मंगलवार को बूंदाबांदी से तापमान में कमी आ सकती है। अप्रैल के पहले हफ्ते में बारिश के आसार हैं।

भाईचारा रैली में BJP पर बरसे अखिलेश यादव

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा :** जेवर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के अगले दिन रविवार को दादरी में समाजवादी पार्टी ने भाईचारा रैली के जरिए अपनी ताकत दिखाई। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस दौरान औपचारिक रूप से चुनावी शंखनाद कर दिया। नोएडा एयरपोर्ट के संबंध में उन्होंने कहा कि पीएम वादा करके जाएं कि इसे बेचा नहीं जाएगा। लगता है कि उद्घाटन एयरपोर्ट को बेचने के लिए किया गया है। उन्होंने एक दिन पहले जेवर में लगाए गए नरेंद्र मोदी के आरोपों का जवाब व्यंग्यात्मक अंदाज में दिया। सपा को लूट का एटीएम कहे जाने पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि पहले अपने छोटे एटीएम की जांच कर ली जाए। उन्होंने PM की रैली में जुटी भीड़ पर तंज कसते हुए कहा कि वहां लोगों को लाया गया था, जबकि दादरी में लोग खुद आए हैं। ▸▸ देखें सप्लिमेंट

गलती से गोली चली

कुपवाड़ा के आर्मी कैंप में फायरिंग, तीन जवान घायल

■ **पीटीआई, श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में गलती से हुई फायरिंग की एक कथित घटना में सेना के तीन जवान घायल हो गए। रविवार को सेना के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात ट्रेहगाम इलाके में सेना के एक कैंप में हुई। एक जवान का सर्विस हथियार गलती से चल गया। इससे उसके तीन साथी घायल हो गए। उनका मिलिट्री अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में और अधिक जानकारी का इंतजार है। इससे पहले, अधिकारियों ने कहा था कि यह फायरिंग आपसी झगड़े (fratricide) का संदिग्ध मामला लग रहा है। हालांकि, बाद में इसे खारिज कर दिया गया।

घायलों का मिलिट्री अस्पताल में चल रहा है इलाज

रखा अपना पक्ष SC में कहा, यह धार्मिक स्वतंत्रता में दखल के समान हो सकता है

मुस्लिम बोर्ड की दलील, धार्मिक प्रथाएं तय करने से बचें अदालतें

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि अदालतों को यह तय करने से बचना चाहिए कि 'आवश्यक धार्मिक प्रथा' क्या है? बोर्ड ने कहा कि इस तरह की न्यायिक जांच संविधान के अनुच्छेद-25 और 26 के तहत दी गई 'धर्म की स्वतंत्रता' में हस्तक्षेप के समान हो सकती है। सबरीमला रेफरेंस मामले में दाखिल लिखित दलील में बोर्ड ने तर्क दिया कि किसी धर्म के 'मूल' (कोर) की पहचान स्वभाव से व्यक्तिपरक होती है और यह अनुयायियों की आस्था पर निर्भर करती है। बोर्ड ने तर्क दिया कि किसी धर्म की आवश्यकताओं का निर्धारण आस्था, सिद्धांत और व्याख्या से जुड़े जटिल प्रश्नों से संबंधित है, जिन्हें अदालतों के बजाय धार्मिक विद्वानों और संप्रदायों पर छोड़ना ज्यादा ठीक है।

1. पांच जजों की बेंच ने 2019 में धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव का मामला बड़ी पीठ को रेफर किया था। 7 अप्रैल से अंतिम सुनवाई।
2. इसमें सबरीमला मंदिर में हर उम्र की महिलाओं के प्रवेश, मुस्लिम महिलाओं की मस्जिद में एंट्री, पारसी महिलाओं से जुड़े अधिकार के मुद्दे शामिल हैं।

सबरीमला मामले में 7 से सुनवाई

धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव से संबंधित याचिकाओं के समूह पर 9 जजों की बेंच 7 अप्रैल से अंतिम सुनवाई करेगी। इसमें केरल के सबरीमला मंदिर में हर उम्र की महिलाओं के प्रवेश समेत अन्य मामले शामिल हैं। इसके लिए चीफ जस्टिस पीठ का गठन करेंगे। 22 अप्रैल तक सुनवाई पूरी हो सकती है। कोर्ट ने सभी पक्षकारों से लिखित दलील मांगी थी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-03-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP10 User: cci Time: 03-29-2026 23:35 Color:

262 रन का टारगेट चेज किया था पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ साल 2024 IPL में। यह IPL में सबसे बड़े चेज का रेकॉर्ड है

Quiz IPL स्पेशल

इस पेज पर छपी खबरों में हैं इन सवालों का जवाब है।

1. IPL-19 में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कौन है? A) यशस्वी जायसवाल B) ध्रुव जुरेल C) रियान पराग D) रविंद्र जाडेजा
2. IPL इतिहास में चेज करते हुए 4000+ रन बनाने वाले पहले बैटर कौन है? A) डेविड वॉर्नर B) रोहित शर्मा C) महेंद्र सिंह धोनी D) विराट कोहली

कल के जवाब
1. B) अलेक्जेंडर ज्वेरेव
2. A) मुंबई

लकी WINNER

1. गौरव छाबड़ा, शालीमार बाग
2. शैलेंद्र चतुर्वेदी, लखनऊ, उ. प्र.
3. गणेश कोले, भिवंडी, महाराष्ट्र

अब आप अपने जवाब हमें !!!!अलर्ट!!!! **8796958780** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम, तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

भारतीय बॉक्सर उतरेंगे
■ उलानबटोर: भारतीय बॉक्सर सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियन चैंपियनशिप में उतरेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिए नए व्यस्त सीजन की शुरुआत होगी जिसमें जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स, सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियन गेम्स और उज्बेकिस्तान में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स होने हैं।

वर्ल्ड वुशू में चमके
■ तियानजिन: भारतीय खिलाड़ियों ने 10वीं वर्ल्ड वुशू चैंपियनशिप में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झाव लिनिंग के सामने थी, लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गई। गौतम मनकांस ब्रॉन्ज से संतोष करना पड़ा।

सा.अफ्रीका को बढ़त
■ क्राइस्टचर्च: साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने वनडे मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अगले मुकाबले 1 और 4 अप्रैल को वेलिंगटन में खेले जाने हैं।

लक्ष्मण,दिलीप जुड़े
■ बेंगलुरु: बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फील्डिंग कोचों के लिए एक व्यापक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें क्लासरूम सेशन और ऑन-फील्ड मॉड्यूल दोनों शामिल थे। वीवीएस लक्ष्मण, टी दिलीप, मुनीश बाली, शुभदीप घोष इस वर्कशॉप से जुड़े और उन्होंने अपने अनुभव बांटे।

आडवाणी सेमीफाइनल में
■ लुधियाना: पंकज आडवाणी ने 9-बॉल पूल नैशनल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने पीयूष कुशवाहा को 9-3 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में नितिन शर्मा का सामना एस. श्रीकृष्णा से होगा।

मुंबई इंडियंस ने कोलकाता पर 6 विकेट से हासिल की जीत

रोहित-रिकेल्टन के धमाके में उड़ गए नाइटराइडर्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/मुंबई: इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन की पहली रात भले विराट कोहली के नाम हुई तो दूसरी भारतीय क्रिकेट के एक अन्य सितारे रोहित शर्मा के नाम रही। 'हिटमैन' रोहित ने वानखेड़े के मैदान पर कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ रन का पीछा करते हुए 38 गेंद पर 6 फोर और 6 सिक्स से सजी 78 रन की पारी खेलकर मुंबई इंडियंस की 6 विकेट से जीत की कहानी लिखी। इसमें उनके साथ मिला साउथ अफ्रीका के ओपनर रेयान रिकेल्टन का, जिन्होंने दूसरे छोर से 81 रन (43 बॉल, 4 फोर, 8 सिक्स) की पारी खेली, जिसकी बदौलत मुंबई इंडियंस ने अपने IPL इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया। कोलकाता नाइटराइडर्स ने 4 विकेट पर 220 रन बनाए थे, जिसे मुंबई ने चार विकेट खोकर पांच गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। इस जीत के साथ मुंबई ने लीग में पहला मैच गंवाने के सिलसिले को भी तोड़ा। साल 2012 के बाद यह पहला सीजन है जिसकी शुरुआत उसने जीत के साथ की है।

रहाणे की क्लासिक पारी: इससे पहले, लंबे समय से इंटरनैशनल क्रिकेट से बाहर चल रहे अजिंक्य रहाणे ने 67 रन की क्लासिक पारी खेली। उनके अलावा युवा अंगकृष रघुवंशी ने भी 29 गेंद पर 51 रन की पारी खेली, जिसकी बदौलत कोलकाता ने चार विकेट पर 220 रन का विशाल टोटल खड़ा किया। मुंबई ने लीग के इतिहास में इतना बड़ा लक्ष्य कभी हासिल नहीं किया था। उसके द्वारा हासिल किया गया सबसे बड़ा टारगेट 219 था जो उसने 2021 में दिल्ली में चेन्नै सुपरकिंग्स के खिलाफ पाया था। सबसे बड़े लक्ष्य के खिलाफ उसने नवीन शुरुआत की। शुरुआती दो ओवर में 15 रन तो आए लेकिन वहां किस्मत की भूमिका ज्यादा रही, लेकिन तीसरे ओवर में जैसे ही रोहित ने वैभव पर छक्का जड़ा, दोनों ओपनर पूरी लय में आ गए। रोहित ने पावरप्ले में ही 23 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली, जो उनके IPL करियर की सबसे तेज फिफ्टी रही। वहीं टीम के खाते में बिना विकेट गंवाए 80 रन आ गए।

तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी: मुंबई के पास विकल्प था कि वह रोहित के साथ अनुभवी क्विंटन डीकॉक को पारी के आगाज के लिए चुनता, लेकिन उसने रिकेल्टन पर दांव खेला, जो एकदम सही बैठा। रिकेल्टन ने शुरुआत थोड़ी धीमी की और पावरप्ले में सिर्फ 28 रन बनाए। लेकिन फिर उन्होंने अगली 11 गेंदों पर 22 रन बनाकर कुल 24 गेंदों में फिफ्टी पूरी कर ली। रिकेल्टन ने पारी और तेज करते हुए 11 ओवर के अंत तक अपना स्कोर भी 33 गेंद पर 66 कर दिया, वहीं दूसरे छोर पर रोहित 34 गेंद पर 67 रन बनाकर खड़े थे। रोहित 12वें ओवर में आउट हुए लेकिन तब तक दोनों के बीच 148 रन की साझेदारी हो चुकी थी।

Kaushik Naik

148 रन की साझेदारी की रोहित और रिकेल्टन (बाएं) ने। यह IPL में मुंबई के लिए किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है

शार्दुल का गोल्डन आर्म
मुंबई मैच में जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, हार्दिक पंड्या जैसे स्टार पेसर्स के साथ उतरी थी लेकिन कोलकाता के रनों पर लगाम और विकेट निकालने का काम गोल्डन आर्म वाले मीडियम पेसर शार्दुल ठाकुर ने किया। शार्दुल ने पावरप्ले के अंतिम ओवर में आकर खतरनाक फिन एलेन को आउट किया। वह जब दोबारा नौवें ओवर में अटैक पर लौटे तो इस बार उन्होंने कैमरन ग्रीन को अपना शिकार बनाया। मुंबई की टीम को मिली यह दूसरी सफलता रही। इस बीच रहाणे ने पारी के 10वें ओवर में 27 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की, जो उनका IPL करियर का 34वां हाफ सेंचुरी रही। रहाणे अगली 13 गेंदों पर सिर्फ 17 रन ही बना सके। अगली 15 गेंदों तक बाउंड्री का सूखा रहा। हालांकि विकेट नहीं गिर रहे थे और ऐसे में एक बार फिर अपना तीसरा ओवर लेकर 14वें ओवर में अटैक पर आए शार्दुल ने फिर जादू चलाया और रहाणे का विकेट निकालकर टीम को बड़ी राहत दिलाई।

78 रन बनाए कोलकाता नाइटराइडर्स ने पावरप्ले में। यह मुंबई इंडियंस के खिलाफ किसी टीम द्वारा पावरप्ले में बनाए गए चौथे सर्वाधिक रन हैं

25 रन लुटाए हार्दिक ने अपने दूसरे ओवर में। यह IPL में उनका दूसरा सबसे महंगा ओवर साबित हुआ। उनका सबसे महंगा ओवर 26 रन का है

स्कोरकार्ड
KKR: अजिंक्य रहाणे का हार्दिक बो शार्दुल 67, फिन एलेन का तिलक बो शार्दुल 37, कैमरन ग्रीन का रदरफोर्ड बो शार्दुल 18, अंगकृष रघुवंशी का तिलक बो हार्दिक 51, रिंकू सिंह नॉट आउट 33, रमनदीप सिंह नॉट आउट 4 **एक्स्ट्रा:** 10 **टोटल:** 20 ओवर्स में 4 विकेट पर 220 रन **विकेट:** 1-69, 2-109, 3-145, 4-205 **बोलिंग:** ट्रेंट बोल्ट 4-0-38-0, हार्दिक पंड्या 3-0-39-1, एएम गजनफर 4-0-51-0, जसप्रीत बुमरा 4-0-35-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-39-3, मयंक मार्कंडे 1-0-16-0

MI: रयान रिकेल्टन रन आउट 81, रोहित शर्मा का अनुकूल बो वैभव 78, सूर्यकुमार यादव का रिंकू बो कार्तिक 16, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या **एक्स्ट्रा** 6 **टोटल** 19.1 ओवर्स में चार विकेट पर 224 रन **विकेट:** 1-148, 2-179, 3-184, 4-215 **बोलिंग:** वैभव अरोड़ा 4-0-52-1, ब्लेसिंग मुजरबानी 3-0-34-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-48-0, कार्तिक त्यागी 4-0-43-1, सुनील नरेन 3-0-30-1, अनुकूल रॉय 1.1-0-15-0

ब्रेक बना देता है विराट को फ्रेश

■ एजेंसियां, बेंगलुरु: IPL 2026 के आगाज में नाबाद अर्धशतक जमाने वाले विराट कोहली ने अपनी लय का श्रेय नियमित ब्रेक को दिया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 38 गेंद में 69* रन (5 फोर, 5 सिक्स) की पारी खेलकर उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से जीत दिलाई। विराट ने कहा कि लगातार क्रिकेट खेलने के बाद ब्रेक लेने से मानसिक और शारीरिक ताजगी मिलती है। उनके मुताबिक, 'जब भी

जारी है जलवा

मैं खेलने आता हूं तो 120 प्रतिशत देने की कोशिश रहती है। कभी तैयारी के बिना नहीं आता। अतिरिक्त विश्राम से मुझे मानसिक रूप से तरोताजा होने में मदद मिली। अगर आप शारीरिक और मानसिक रूप से तरोताजा होकर खेलते हैं तो टीम के लिए योगदान दे सकते हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि हालिया वनडे सीरीज ने उनकी लय वापस दिलाई।

विराट 40 रन के आसपास खेल रहे थे। उन्होंने एक सिंगल भागा, वह रुके और दूसरे बैटर के आधे रास्ते तक पहुंचने से पहले ही, वह दूसरे रन की तलाश में जुट गए। यह दिखाता है कि वह खेल के प्रति कितना उत्साह रखते हैं। *-रविचंद्रन अश्विन, पूर्व क्रिकेटर*

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कमाल की लय में कोहली
विराट टेस्ट और टी20इंटरनैशनल से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे व IPL के रूप में टी20 फॉर्मैट में शिरकत करते हैं। उनके अधिकतर मैच लंबे अंतराल के बाद होते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके बल्ले की धार में कोई कमी नहीं आई है और वह तेजी से रन जुटा रहे हैं। अगर उनकी पिछली 10 व्हाइट बॉल इनिंग्स पर नजर डालें, तो उनकी लय का पता लगता है। उन्होंने पिछली 10 इनिंग्स में 893 रन बनाए हैं। उनका बैटिंग औसत 127.5 और स्ट्राइक रेट 116.42 रहा है। इन 10 इनिंग्स के दौरान वो केवल एक बार 50 से कम रन पर आउट हुए हैं, जबकि उन्होंने पांच बार अर्धशतक और चार बार शतक जमाया है। उनके बल्ले से 83 फोर और 25 सिक्स भी निकले हैं यानी वह प्रति पारी 8.3 फोर और 2.5 सिक्स लगाते हैं।

टेस्ट में फिर कमान संभालें विराटः रायुडू

भारत के पूर्व बैटर अंबाती रायुडू

■ एजेंसियां, बेंगलुरु: भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए उनसे टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि विराट जिस तरह से वनडे में बैटिंग कर रहे हैं और IPL में भी अपनी फॉर्म जारी रखे हुए हैं, वह काफी कमाल है। रायुडू के मुताबिक विराट में अभी पांच से छह साल का इंटरनैशनल क्रिकेट बाकी है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि IPL में उनका बेस्ट आना बाकी है। उन्हें टेस्ट क्रिकेट में वापसी करनी चाहिए, एक कप्तान के तौर पर। वह भारतीय क्रिकेट में सबसे अच्छे रेड बॉल के कप्तान रहे हैं, जिन्हें मैंने देखा है। विराट को ऐसा करना चाहिए, क्योंकि जिस तरह से वह बैटिंग कर रहे हैं, भारतीय क्रिकेट को उनकी बहुत जरूरत है। उनके अंदर पांच से छह साल का क्रिकेट करियर दिखाई देता है।'

एक्सपर्ट की राय

IPL 2026 POWER स्टैट्स

चेज के सुपरस्टार
टारगेट का पीछा करते वक्त विराट कोहली का बैट हर बार नई कहानी लिखता है। IPL-19 के शुरुआती मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेली गई 69* रन की पारी के दौरान विराट रन चेज में IPL में 4000 रन बनाने वाले लीग इतिहास के पहले बल्लेबाज बन गए।

IPL के रेकॉर्ड
चेज में सर्वाधिक रन

चेज में सर्वाधिक सिक्स

चेज में सर्वाधिक 50+ स्कोर

चेज में IPL टीमों के खिलाफ विराट



रॉयल्स-सुपरकिंग्स के बीच आज सीज़न की पहली भिड़ंत

■ एजेंसियां, गुवाहाटी: संजू सैमसन आज उसी राजस्थान रॉयल्स टीम टीम के खिलाफ चेन्नै सुपरकिंग्स (CSK) की जर्सी में नजर आएंगे जिसकी उन्होंने काफी समय तक अगुआई की। दूसरी ओर लंबे समय तक CSK का हिस्सा रहे रविंद्र जाडेजा अब राजस्थान रॉयल्स (RR) की ओर से चेन्नै के खिलाफ मैदान पर होंगे। जिस तरह से चेन्नै की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे। चेन्नै इस मैच के जरिए राजस्थान पर अपने पुराने दबदबे को भी फिर से बनाना चाहेगी। पिछले 10 मैचों में से चेन्नै की टीम सिर्फ दो बार ही राजस्थान पर जीत हासिल कर पाई है।

नए चेहरे भी हैं तैयार: सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे। धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं पहुंचे हैं और उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन तथा गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी।

रविंद्र जाडेजा
संजू सैमसन

टेलिकास्ट: शाम 7.30 बजे से, स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क, जियोहॉटस्टार पर

पिच व मौसम
बारासपारा क्रिकेट स्टेडियम आमतौर पर पहले बोलिंग करने वाली टीमों के पक्ष में माना जाता है, क्योंकि ओस (ड्यू) के कारण फ्लड लाइट में लक्ष्य का पीछा करना ज्यादा आसान हो जाता है। इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का औसत स्कोर 150-160 है। सोमवार को मैच के दौरान बारिश का पूर्वानुमान भी है।

संभावित प्लेइंग XI
राजस्थान रॉयल्स: यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (कप्तान), शिमरॉन हेटमायर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जाडेजा, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, संदीप शर्मा, रवि बिश्नोई, एडम मिल्ने
इम्पैक्ट प्लेयर: अमन राव पेराला
चेन्नै सुपरकिंग्स: संजू सैमसन (विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, प्रशांत वीर, जेमी ओवर्टन, अकील हुसैन, नूर अहमद, खलील अहमद
इम्पैक्ट प्लेयर: कार्तिक शर्मा

टीम की बोलिंग से विटोरी नाखुश

■ एजेंसियां, बेंगलुरु: सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के हेड कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली हार के लिए गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया। विटोरी ने कहा कि उनकी टीम गेंदबाजी में अच्छा नहीं कर पाई। उन्होंने माना कि बोलर उतने अनुशासित नहीं थे और सही लाइन-लेंथ पर बोलिंग नहीं कर सके, जिससे RCB के बैटर्स को आसानी से रन बनाने के मौके मिले। उन्होंने कहा, 'टीम ने शुरुआत में फिल सॉल्ट का विकेट लेकर अच्छा मौका बनाया था, लेकिन टीम के गेंदबाज उस दबाव को कायम नहीं रख सके।' विटोरी के अनुसार, कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए जीत को हैदराबाद से दूर कर दिया।

IPL रिएक्शंस

हैदराबाद के हेड कोच डेनियल विटोरी

पीएम ने J&K की रणजी टीम को सराहा

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली जम्मू-कश्मीर (J&K) की क्रिकेट टीम की तारीफ की। पीएम ने कहा, 'लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने पहला रणजी खिताब जीता। यह अभूतपूर्व सफलता प्लेयर्स के कई बरसों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। J&K के कप्तान पारस डोगरा ने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया।'



मन की बात

PM नरेंद्र मोदी

सोशल विंडो

महेंद्र सिंह धोनी

पूरी तरह दूरी बना रहे हैं 'थाला'

■ नई दिल्ली: चेन्नै सुपरकिंग्स की 'आत्मा' की तरह रहे महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन के शुरुआती दो हफ्तों तक मैदान पर नहीं दिखेंगे। यह भी तय नहीं कि वह आगे भी वह लौटेंगे या नहीं। इस बीच टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने बताया कि धोनी अब चेन्नै सुपरकिंग्स के 'टीम डिस्कशन' का भी हिस्सा नहीं बनते। कोई रणनीति बन रही हो तो वहां भी धोनी उपस्थित नहीं रहना चाहते।

मेरी बातें मत मानो: धोनी का नजरिया बिल्कुल साफ है कि टीम मैनेजमेंट के कामकाज में अब कोई दखलअंदाजी नहीं। रुतुराज बताते हैं, 'धोनी ने साफ तौर पर कहा है कि अगर तुम मुझसे सलाह मांगते भी हो, तो यह जरूरी नहीं कि उसे मानो ही।' धोनी का यह अप्रोच उनके पेशेवर नैतिकता के बारे में बताता है। हालांकि, सुपरकिंग्स के फैंस को अपने 'थाला' धोनी का इस तरह टीम से दूरी बनाना अच्छा नहीं लग रहा है। रुतुराज के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर यह भी चर्चा तेज हो गई है कि क्या थाला अब पूरी तरह रिटायर हो चुके हैं? क्या वह इस सीजन में थाला को खेलते हुए देख सकेंगे? क्या वह कोई फेयरवेल मैच भी नहीं खेलेंगे?

इटली के युवा सनसनी किमी ने जीती दूसरी रेस

■ एपी, सुजुका: मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ-1) रेस जीत ली। इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। तीन रेस में एंटोनेली के 72 अंक हैं। वह अब सीजन की ड्राइवर की लिस्ट में टॉप पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। एंटोनेली ने कहा, 'चैंपियनशिप के बारे में सोचना अभी जल्दबाजी होगी।'

जापानी ग्रां प्री

इटली के किमी एंटोनेली

IOC के फैसले से निराश है सेमेन्या

■ एपी, केपटाउन: दो बार की ओलिंपिक चैंपियन ऐथलीट कैस्टर सेमेन्या ने इंटरनैशनल ओलिंपिक कमिटी (IOC) की प्रेसिडेंट किर्स्टी कोवेंट्री के उस फैसले पर निराशा व्यक्त की जिसमें ओलिंपिक्स में 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धा करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साउथ अफ्रीका की सेमेन्या ने कहा कि उन्हें कोवेंट्री जैसी महिला अध्यक्ष से इस फैसले की उम्मीद नहीं थी जो खुद अफ्रीका से हैं। कोवेंट्री जिम्बाब्वे की हैं।

ऐथलीट कैस्टर

आखिरी दिन शानदार वापसी से एलेक्स ने जीता खिताब

■ एजेंसियां, गुरुग्राम: इंग्लैंड के एलेक्स फिट्जपैट्रिक ने शानदार वापसी करते हुए चार शॉट्स की बढ़त से हीरो इंडियन ओपन खिताब अपने नाम किया, जो उनका पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब है। उन्होंने जब आखिरी दिन की शुरुआत की तो वह बीती रात टॉप पर चल रहे और गत चैंपियन यूजेनियो चाकारा से चार शॉट पीछे थे। हालांकि, 18वें होल तक वह चार शॉट्स की बढ़त बनाए थे। एलेक्स ने आखिरी होल में डबल बोगी की, लेकिन तब तक वह ट्रॉफी जीतने के लिए दो शॉट्स की बढ़त बना चुके थे। इंग्लैंड के फिट्जपैट्रिक ने 585 पॉइंट्स भी हासिल किए और रेस-टु-दुबई रैंकिंग्स में छठे स्थान पर पहुंच गए।

इंडियन ओपन गोल्फ

विजेता एलेक्स फिट्जपैट्रिक

प्रो-बॉक्सिंग रिंग में दिखेंगी मैरी कॉम!

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: ओलिंपिक मेडलिस्ट एमसी मैरी कॉम ने संकेत दिए हैं कि वह जल्द ही प्रफेशनल बॉक्सिंग में कदम रख सकती हैं। ओलिंपिक्स में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज मैरी ने कहा कि अब अमेचर सर्किट में खेलना उनके लिए मुश्किल है। उन्होंने कहा, 'छह वर्ल्ड टाइटल जीतना खास रहा, लेकिन अब प्रो-बॉक्सिंग एक नया मौका हो सकता है।' मैरी ने कहा कि वह मेहनत के साथ वापसी की तैयारी में जुटी हैं।

मैरी कॉम

दबदबा कायम रखते हुए सबालेंका बनी चैंपियन

■ एजेंसियां, मियामी: वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका ने कोको गॉफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर मियामी ओपन टेनिस में विमिंस सिंगल्स का खिताब जीता। इसके साथ ही उन्होंने 'सनशाइन डबल' (एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन जीतना) भी पूरा किया। सबालेंका साल 2022 में इगा स्वितेक के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक सेट गंवाया और लगातार दूसरे साल खिताब जीतकर सेरेना विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं।

मियामी ओपन

वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-03-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP11 User: brahmansh.yadav@timesofindia.c Time: 03-29-2026 22:03 Color:

विचार

अगर आपके जीवन में कोई समस्या नहीं आ रही है, तो समझ लीजिए कि आप गलत मार्ग पर हैं। प्रकृति प्रमाण है कि आप सही दिशा में सफलता की ओर प्रगति कर रहे हैं। – **स्वामी विवेकानंद**

उम्मीद का फैक्ट

TB पर जीत की ओर भारत! तेजी से घट रहे नए मामले

AI Image

भारत टीबी के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ रहा है और अब इसके असर साफ दिखने लगे हैं। सरकार की नई रणनीति, टेक्नोलॉजी और लोगों की भागीदारी से देश तेजी से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

- **मामलों में आई भारी कमी:** 2015 से 2024 के बीच भारत में टीबी के नए मामलों में 21% की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इसी दौरान टीबी से होने वाली मौतों में भी 28% की कमी आई है।
- **ग्लोबल एवरेज से आगे भारत:** भारत में टीबी के इलाज की सफलता दर (Success Rate) अब बढ़कर 90% हो गई है, जो 88% के ग्लोबल एवरेज (वैश्विक औसत) से भी ज्यादा है।
- **20 करोड़ लोगों की हुई जांच:** 100 दिवसीय 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत रिकॉर्ड 20 करोड़ से ज्यादा लोगों की जांच की गई। इसमें 28 लाख मरीजों की पहचान कर उनका तुरंत इलाज शुरू किया गया।
- **मरीजों के खातों में भेजे पैसे:** 'निक्षय पोषण योजना' के तहत मरीजों को अच्छी डाइट के लिए हर महीने 1,000 रुपये दिए जा रहे हैं। अब तक 1.37 करोड़ मरीजों के बैंक खाते में सीधे 4,406 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

सोर्स: PIB की रिपोर्ट

एक वीकेंड पर गांव ने दिखाया अपना ज़ोर, अब फिर चमकता है तालाब का हर छोर

तालाब का पानी लौटाया, गांव मुस्कुराया

Sudha.Nambudiri
@timesofindia.com

जलकुंभी ने पानी की सतह को एक मोटी हरी चादर से ढककर निगल लिया था, नीचे गाद-कीचड़ जमा थी

■ त्रिशूर जिले के चेरपू पंचायत में 'पेरुवनम महादेव मंदिर' के पास मौजूद थोट्टुकुलम तालाब के किनारे भीड़ जमा थी। उस पल वह लोग वही कर रहे थे जो अक्सर भीड़ करती है... तमाशा देखना, मोबाइल से वीडियो बनाना। क्रेन अपना काम कर रही थी, तालाब से काले कीचड़ के बड़े-बड़े ढेर निकालकर किनारे डाल रही थी। पंचायत के करीब दर्जन भर मजदूर घुटनों तक पानी में उतरकर सफाई में लगे थे। तभी वहां से पेरुवनम कुट्टन मारार गुजरे। वह मशहूर चेंडा (एक वाद्य यंत्र) उस्ताद हैं, जिनका नाम इस पेरुवनम महादेव मंदिर की पहचान से ही जुड़ा है। वह मंदिर से लौट रहे थे जब उन्होंने वह सारा शोर-शराबा देखा। वह रुके, तालाब को देखा, पलटे और घर चले गए। कुछ ही मिनटों बाद वह वापस लौटे। इस बार उनका मुंडू (केरल में पुरुषों के पहने जाने वाली इस पारंपरिक धोती) घुटनों से ऊपर फोल्ड था और बिना एक शब्द कहे वो उस गंदे पानी में उतर गए। किनारे पर अचानक सन्नाटा छा गया। नौजवानों के हाथों से फोन नीचे आ गए। फिर एक-एक करके वो युवा भी उस पानी में उतरने लगे।

दरअसल, थोट्टुकुलम तालाब कई साल से तिल-तिल कर मर रहा था। जलकुंभी ने पानी की सतह को एक मोटी हरी चादर की तरह निगल लिया था। नीचे गाद और कीचड़ बैठ गया था। करीब एक एकड़ में फैला यह तालाब कभी इस गांव की जान हुआ करता था। शाम ढलते ही लोग यहां जुटते थे, त्योहारों के वक्त 'प्रोसेशन' से पहले हाथियों को इसके किनारे आराम कराया जाता था। लेकिन अब हालत ये थी कि लोग बिना इसकी तरफ देखे वहां से गुजर जाते।

फिर सांस ले रहा तालाब

'पेरुवनम पूरम' त्योहार की 'आराट्टु' रस्म के लिए तालाब की सफाई जरूरी थी। लेकिन सरकारी सुस्ती, रुके हुए रेनोवेशन के कारण तालाब गंदा पड़ा था। थक-हारकर पंचायत अध्यक्ष सिजो जॉर्ज ने 14 मार्च (शनिवार) को वट्सऐप पर गांव वालों से मदद मांगी। जब बुजुर्ग कुट्टन मारार गंदे पानी में उतरे, तो उन्हें देख ग्रामीण भी खुद को रोक नहीं पाए। लोगों ने जलकुंभी की जड़ें खींचीं, हाथों-हाथ काई के गुच्छे बाहर फेंके। कोई फिसला तो लोग हंसे, फिर एक-दूसरे को संभाला। दोपहर होते-होते पानी नजर आने लगा, रविवार शाम तक तालाब फिर सांस लेने लगा था।

सुस्त सिस्टम अब जागा

हैरानी की बात देखिए, सरकारी जवाब असली सुबह सोमवार को आया, वो भी तब, जब गांव वालों की इस मेहनत का वीडियो वायरल हो चुका था। दावा किया गया कि उन्होंने तो पहले ही सफाई के ऑर्डर दे दिए थे। उल्टे उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि पंचायत ने बिना परमिशन के यह काम क्यों किया।

J&K की पहली पोस्टवुमन हर सुबह चिट्ठियां लेकर निकल पड़ती हैं पैदल

बर्फ हो या बारिश, नहीं थमा सफर

■ बिलाल बहादुर, श्रीनगर

दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में हर सुबह एक ऐसा नजारा दिखता है, जो पिछले तीस सालों से नहीं बदला है। यह कहानी है 55 साल की उल्फत बानो की, जो जम्मू-कश्मीर की पहली 'पोस्टवुमन' हैं। हर सुबह उल्फत डिस्ट्रिक्ट पोस्ट ऑफिस से पचीसों चिट्ठियां समेटती हैं और पैदल ही निकल पड़ती हैं। उनके पास न तो पोस्टल वैन है और न ही साइकिल। उनका सफर सिर्फ मजबूत कदमों के सहारे तय होता है। अपने पुश्तैनी गांव 'हीरापोरा' की पगडंडियों, पत्थर की दीवारों और खलिहानों को पार करते हुए वह चलती हैं। सर्दियों में घुटनों तक जमी बर्फ के बीच से गुजरते हुए वह तय करती हैं कि हर लिफाफा सही हाथों तक पहुंचे। इन 30 से ज्यादा सालों से उनका यह रूटीन नहीं बदला है। आज भी वह उसी जोश के साथ काम करती हैं, जैसे किसी नए इंसान ने ज्वॉइन किया हो। हीरापोरा के लोगों के लिए यह बाहरी दुनिया से जुड़ने का इकलौता जरिया है।

> पुरुषों के दबदबे वाले पेशे में उल्फत पुरुष कलीग्स के बराबर काम करती हैं, कोई रियायत नहीं चाहतीं

30+ साल की नौकरी के बाद भी 55 साल की उल्फत बानो का नहीं बदला है रूटीन

55 साल की उम्र पर वही जोश, वही शिद्दत

पोस्टल डिपार्टमेंट अपनी इस कर्मचारी पर आज बढ़ चढ़कर भरोसा करता है। चाहे तेज धूप हो, भारी बारिश या कंपा देने वाली बर्फबारी, एक हाथ में छाता और दूसरे में चिट्ठियां लिए उल्फत कभी रुकती नहीं हैं। पुरुषों के दबदबे वाले इस पेशे में उल्फत महीने के बाईस हजार रुपये कमाती हैं। वह पुरुष कलीग्स के बराबर ही काम करती हैं और किसी रियायत की मोहताज नहीं हैं। अब उनके रिटायरमेंट में मुश्किल से पांच साल बचे हैं। 55 की उम्र में शरीर पर थकान साफ महसूस होती है। उल्फत भावुक होकर मानती हैं कि कभी-कभी यह बहुत मुश्किल होता है, लेकिन उनका पैशन उन्हें रुकने नहीं देता।

देवों का रथ, आस्था का पथ

PTI

चेन्नै के मायलापुर में आस्था का महाकुंभ: ऐतिहासिक कपालेश्वर मंदिर के वार्षिक 'कार फेस्टिवल' में रविवार को श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सजे-धजे रथ पर विराजे भगवान के दर्शन को हजारों श्रद्धालु सड़कों पर उतरे।

दिखावा OUT... खुशियां IN

राजस्थान में सादगी से शादी का राज!

Photos: Arvind Sharma

सामाजिक कार्यकर्ता परसराम बिश्नोई के बेटे जयदीप बिश्नोई ने जोधपुर में एक सादे समारोह में हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री की पोती से शादी की

ShoebKhan
@timesofindia.com

संविधान और आंबेडकर की तस्वीर के सामने की ममता मेघवंशी और कृष्ण कुमार ने सादगी भरी शादी

■ जोधपुर: राजस्थान में शादियों को हमेशा से हैसियत और दिखावे का प्रतीक माना जाता रहा है, लेकिन अब इस सोच में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव आ रहा है। लोग महंगी और भव्य शादियों को नकार कर सादगी को अपना रहे हैं। इस बदलाव की एक बड़ी मिसाल पिछले साल दिसंबर में जोधपुर में देखने को मिली। सामाजिक कार्यकर्ता परसराम बिश्नोई ने अपने बेटे की शादी हरियाणा के पूर्व मंत्री की पोती से की, लेकिन 51 लाख रुपये का 'टीका' लेने से साफ इनकार कर दिया। इस शादी में मेहमानों को कुल्हड़ में पानी और बेहद सादा खाना परोसा गया। इसका मकसद समाज को यह संदेश देना था कि शादियों में लाखों का खर्च परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डालता है।

दरअसल, दिखावे की होड़ में मध्यम और गरीब वर्ग के लोग भी कर्ज लेकर या जमीन बेचकर शादियों में पैसा बहाने लगे थे। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, जीवन भर की बचत शादी के एक हफ्ते में खत्म हो जाती थी। इस बर्बादी को रोकने के लिए अब बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर सहित कई जिलों में बिश्नोई, जैन, जाणिद, जाट और कुमावत समाजों ने कड़े कदम उठाए हैं। डीजे, शराब, महंगे गिफ्ट्स और फिजूल सजावट पर रोक लगाई जा रही है, जिससे शादियों का खर्च 40 से 60 प्रतिशत तक कम हो गया है। बांसवाड़ा में पटेल समाज ने तो प्री-वेडिंग शूट पर रोक लगाकर नियम तोड़ने वालों पर जुर्माने का प्रावधान तक कर दिया है।

युवाओं की पसंद भी बदल रही है, वे महंगे कपड़ों के बजाय हल्के कपड़ों और छोटी गेस्ट लिस्ट को तरजीह दे रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यद्यपि इसे अभी पूरी तरह से 'ट्रेंड' कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन यह साफ है कि राजस्थान में लोगों की सोच बदल रही है और वे दिखावे को छोड़कर सादगी की राह पर चल पड़े हैं।

सादगी की यह लहर हर धर्म-वर्ग में

सादगी की यह लहर हर धर्म और वर्ग में दिख रही है। कारोबारी मोहम्मद सलीम सिद्दीकी ने अपनी बेटी का निकाह बिना किसी भव्य दावत के मस्जिद में बेहद सादगी से किया। वहीं, दलित समाज में 'अंबेडकराइट' शादियों का चलन बढ़ रहा है, जहां महापुरुषों की तस्वीरों के सामने बिना किसी आडंबर के विवाह संपन्न कराए जा रहे हैं। मार्च 2023 में भंवर मेघवंशी ने बेटी की शादी इसी तरह की थी।

NBT कम्युनिटी कनेक्ट

उत्तराखंडी नाटक 'जै जिया' का मंचन 31 मार्च को होगा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** उत्तराखंडी नाट्य एवं फिल्म निर्माण में सक्रिय प्रज्ञा आर्ट्स थिएटर ग्रुप अपना नया नाटक 'जै जिया' 31 मार्च को मंडी हाउस के श्री राम सेंटर में प्रस्तुत करने जा रहा है। इस नाटक को लिखा है मदन मोहन सती ने जबकि इसकी परिकल्पना और निर्देशन किया है लक्ष्मी रावत ने। आयोजन से जुड़े मनमोहन रावत ने बताया कि यह नाटक उत्तराखंड की एक वीर महिला के जीवन पर आधारित है। एक वीरांगना जो जीवित रहते मां के रूप में मृत्यु पश्चात देवी के रूप में पूजी गई। नाटक शाम 6 बजे से शुरू होगा।

> मंडी हाउस के श्री राम सेंटर में किया जाएगा मंचन

भोजपुरी नाट्य संस्था रंगश्री ने किया 'न्याय' का मंचन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भोजपुरी नाट्य संस्था रंगश्री ने शनिवार को मुक्तधारा ऑडिटोरियम में चौधरी कन्हैया प्रसाद सिंह कृत भोजपुरी नाटक 'न्याय' का मंचन किया। महेन्द्र प्रसाद सिंह के निर्देशन में हुए इस नाटक में दिखाया गया है कि कैसे गवाहों के बयान पर आधारित अंग्रेजों की दी हुई खर्चीली न्यायिक व्यवस्था में लंबी प्रक्रिया से गुजरते हुए अदालत के गलत फैसले को पंचायत कुछ ही देर में पलटकर दूध का दूध और पानी का पानी कर देती है।

सौमित्र वर्मा और अखिलेश कुमार पाण्डेय ने क्रमशः वादी और प्रतिवादी की भूमिका में दर्शकों का दिल जीता। प्रज्ञा श्री, रुस्तम कुमार, विनय यादव, प्रभात रंजन, मुन्ना कुमार, दीपक सिंह, सत्यदेव सिंह, रविकांत यादव, कृति कुमारी, सौरभ कुमार, अशोक, रश्मि सहित अन्य कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं को बखूबी निभाया।

> महेन्द्र प्रसाद सिंह के निर्देशन में हुआ नाटक

चंद्रमणि झा को दिया जाएगा रवींद्र साहित्य सम्मान

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मिथिला के महाकवि रवींद्रनाथ ठाकुर की याद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम रवींद्रनाथ ठाकुर जन्मोत्सव में इस बार मिथिला के वरिष्ठ गीतकार चंद्रमणि झा को रवींद्र साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। 5 अप्रैल को ITO स्थित राजेंद्र भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ललितेश चन्द्र को रवींद्र नाट्य एवं चलचित्र सम्मान, गोविंद सरस्वती को रवींद्र मैथिली संगीत सम्मान और प्रियम्वदा सिंह को रवींद्र शिक्षा अलख सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम को लेकर रवींद्र सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने कहा कि रवींद्रनाथ ठाकुर ने अपने गीत के माध्यम से मिथिला की परंपराओं और लोकजीवन को जीवंत बनाया। संस्था के महासचिव अवनींद्र ठाकुर ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान गीत-संगीत का आयोजन भी किया जाएगा।

> 5 अप्रैल को राजेंद्र भवन में होंगे सम्मानित

बलिराजगढ़ की खुदाई से मिथिला के प्राचीन इतिहास की मिलेगी जानकारी

Roushan.Jha
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** बलिराजगढ़, मतलब राजा बलि का गढ़। मिथिला के मधुबनी जिले में करीब एक किलोमीटर तक फैले इस जगह को प्राचीन मिथिला की राजधानी माना जाता है। यहां वर्ष 1962 से अब तक कई चरणों में खुदाई हुई है और हर बार कई प्राचीन अवशेष मिले हैं। हर बार कहा जाता रहा है कि अगर इस जगह की सही से खुदाई हुई तो 2000 साल पहले मिथिला कैसा था, इसकी सही-सही जानकारी मिल सकती है। इसी के तहत शनिवार से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने एक बार फिर से इसकी खुदाई शुरू कर दी है। पहले की खुदाई कई कारणों से बीच में ही रोक दी गई थी। लेकिन, इस बार इस कार्य को एक बार में ही पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

> ASI ने फिर से सभ्यता के अवशेषों की खोज की शुरू, टूटेंगे कई मिथक

शनिवार को खुदाई का शुभारंभ करते हुए राज्यसभा सांसद और मिथिला के दिग्गज नेता संजय झा ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि बलिराजगढ़ में उत्खनन कार्य का शुभारंभ हो रहा है। अपनी जड़ों को जानने की ललक से मैं निरंतर इस दिशा में प्रयास कर रहा था। अब यह प्रयास पूर्ण हो रहा है। ASI द्वारा स्वीकृत इस पहल से मिथिला की प्राचीन सभ्यता के कई अनछुए पहलुओं पर नया प्रकाश पड़ने की उम्मीद है। इस दौरान झंझारपुर के सांसद रामप्रीत मंडल सहित कई और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कहते हैं कि ईसा से 200 साल पूर्व यहां शुंग काल का शासन हुआ करता था। तब यहां, मतलब करीब 4-5 हजार साल पहले विशाल राजभवन हुआ करता था जिसे एकीकृत मिथिला की राजधानी कहा जाता था। भवनों के अवशेष अब भी मौजूद हैं जो ऊंचे-ऊंचे टीलों के भीतर दबे हुए हैं। इससे पूर्व हुई खुदाई में यहां से मौर्यकालीन सिक्के, ईंट, बर्तन भी मिले हैं। इस बार की खुदाई से मिथिला से संबंधित कई मिथक टूट सकते हैं।

हनुमान जयंती पर होगा आस्था संग सम्मान समारोह का आयोजन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर स्थित अनुराग फार्मिंग में होगा, जिसमें धार्मिक आस्था और सामाजिक सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद दोपहर 12 बजे भोजन प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष का आयोजन खासतौर पर राजस्थान के गुर्जर समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। महासभा द्वारा राजस्थान से जुड़े कार्यकर्ताओं को गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। यह पहल समाज के गौरवशाली इतिहास को याद करने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के लोग, पदाधिकारी और श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, संस्कृति और परंपराओं को मजबूत करना है। महासभा ने सभी श्रद्धालुओं और समाज के लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

- फरीदाबाद में प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ होगा कार्यक्रम
- अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा की ओर से होगा कार्यक्रम का आयोजन
- मिहिर भोज की प्रतिमा देकर बढ़ाया जाएगा कार्यकर्ताओं का मान

जीत सिंह नेगी शताब्दी श्रृंखला समारोह मनाया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** 22 मार्च, 2026 को उत्तराखण्ड लोक-भाषा साहित्य मंच, दिल्ली द्वारा मयूर पब्लिक स्कूल, विनोद नगर, दिल्ली में उत्तराखण्ड के कालजयी लोक गायक स्वर्गीय जीत सिंह नेगी शताब्दी श्रृंखला समारोह का आयोजन किया गया।

उत्तराखण्ड लोक-भाषा साहित्य मंच, दिल्ली के दिनेश ध्यानी ने बताया कि अगले साल 2 फरवरी, 2027 को जीत सिंह नेगी की सौवीं जयंती है। हमारी कोशिश है कि नई पीढ़ी को स्वर्गीय जीत सिंह नेगी जी के बारे में जानकारी हो। इसी कड़ी में यह आयोजन मयूर पब्लिक स्कूल में किया गया। इस आयोजन में मयूर पब्लिक स्कूल के चेयरमैन मनवर सिंह रावत ने भजन और नेगी जी के गीत गाकर नेगी जी को याद किया। जीत सिंह नेगी की सुपुत्री पुष्पा रावत व छोटे दामाद राजेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।

NBT जन्मदिन मुबारक

आप भी भेज सकते हैं देश की जानी-मानी हस्तियों को जन्मदिन की बधाई। बस इस QR कोड को स्कैन करें और विश करें।

HAPPY BIRTHDAY HAPPY BIRTHDAY

30 मार्च

पलक मुच्छल
30 मार्च 1992 को जन्मीं पलक मुच्छल बॉलिवुड की मशहूर प्लेबैक सिंगर हैं। वह सामाजिक कार्यों, बच्चों की हार्ट सर्जरी के लिए फंड जुटाने के लिए भी जानी जाती हैं।
@palakmuchhal3
@palakmuchhal3

3 अप्रैल

प्रभु देवा
3 अप्रैल 1973 को जन्मे प्रभु देवा 'इंडियन माइकल जैक्सन' कहे जाते हैं। डांस, एक्टिंग और डायरेक्शन, तीनों में सुपरहिट करियर।
@prabhudevaofficial

1 अप्रैल

हामिद अंसारी
1 अप्रैल 1937 को जन्मे हामिद अंसारी भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति (2007-2017) और वरिष्ठ राजनयिक रहे हैं। उन्होंने कई देशों में भारत के राजदूत के रूप में सेवा दी और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर भी रहे।

विक्रांत मैसी
3 अप्रैल 1987 को जन्मे विक्रांत मैसी '12th Fail', 'Mirzapur' जैसी फिल्मों और वेब सीरीज से दमदार एक्टर के रूप में उभरे हैं।
@vikrantmassey
@VikrantMassey

जैज़ी बी
1 अप्रैल 1975 को जन्मे जैज़ी बी पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के आइकॉन माने जाते हैं। 'ओह हो हो हो', 'नचदी' जैसे गानों से इंटरनेशनल पहचान बनाई और भांगड़ा म्यूजिक को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया। @jazzyb

जया प्रदा
3 अप्रैल 1962 को जन्मीं जया प्रदा बॉलिवुड और साउथ की सफल अभिनेत्री रहीं और बाद में राजनीति में आकर सांसद भी बनीं।
@jayapradaofficial
@realjayaprada

4 अप्रैल

पल्लवी जोशी
4 अप्रैल 1969 को जन्मीं पल्लवी जोशी ने 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी फिल्मों और टीवी में दमदार अभिनय किया है। वह नैशनल अवॉर्ड विनर एक्ट्रेस हैं और प्रोड्यूसर भी हैं।
@pallavijoshiofficial

2 अप्रैल

अजय देवगन
2 अप्रैल 1969 को जन्मे एक्टर और डायरेक्टर अजय देवगन 'सिंघम', 'दृश्यम', 'तान्हाजी' जैसी हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। 2 नैशनल अवॉर्ड और पद्म श्री से सम्मानित।
@ajaydevgn
@ajaydevgn

कपिल शर्मा
2 अप्रैल 1981 को जन्मे पॉपुलर कॉमेडियन कपिल शर्मा ने टीवी और फिल्मों दोनों में सफलता पाई और कई अवॉर्ड जीते हैं।
@kapilsharma
@KapilSharmaK9

5 अप्रैल

रश्मिका मंदाना
5 अप्रैल 1996 को जन्मीं रश्मिका मंदाना पुष्पा, एनिमल जैसी फिल्मों से पैन-इंडिया स्टार बन चुकी हैं। हाल ही में साउथ के बड़े स्टार विजय देवरकोंडा से शादी की है।
@rashmika_mandanna
@iamRashmika

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-03-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDBP User: cci Time: 03-29-2026 22:49 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज है विश्व बायपोलर दिवस

आज विश्व बायपोलर दिवस है। बायपोलर डिसऑर्डर एक मानसिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति के मूड में गहरा अवसाद और तीव्र उत्साह जैसे उतार-चढ़ाव आते हैं। इस दिन की शुरुआत 2014 में फेमस पेंटर विंसेंट वान गॉग (Vincent van Gogh) की याद में हुई थी। WHO इस दिन कई तरह के जागरूकता अभियान चलाता है। भारत में NIMHANS जैसे संस्थान इस दिन बायपोलर डिसऑर्डर के बारे में अवेयरनेस बढ़ाते हैं।

AI काउंसलर देगा 24x7 सपोर्ट

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में बायपोलर डिसऑर्डर का प्रबंधन बहुत आसान हो जाएगा। AI गैजेट्स और ब्रेन-इंटरफेस मूड में सूक्ष्म बदलाव पहचानकर पहले ही चेतावनी दे देंगे। पर्सनल AI काउंसलर 24x7 सपोर्ट देंगे। जेनेटिक डेटा के आधार पर सटीक इलाज होगा। एपिसोड के शुरू होने से पहले ही नियंत्रित किया जा सकेगा। डिजिटल थेरेपी और रियल-टाइम मॉनिटरिंग से मरीजों की तकलीफ काफी कम हो जाएगी, जिससे वे सामान्य और संतुलित जीवन जी सकेंगे।

AI Images

10वीं फेल 'बाबा' पूजा के नाम पर करता था शोषण, VIPs से जुड़े तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

महाराष्ट्र के नासिक में ढोंगी बाबा द्वारा महिलाओं के शोषण और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। ये आरोप- 'स्वयंभू बाबा' अशोक खरात पर लगे हैं। अहम बात यह है कि खरात पर जिन महिलाओं के यौन शोषण और ब्लैकमेल के आरोप लगे हैं, वे सभी पढ़ी-लिखी और अच्छे परिवार से हैं। पूरा मामला अंधविश्वास, ब्लैकमेलिंग, यौन शोषण, राजनीतिक महत्वाकांक्षा और अधिकारियों से रिश्तों का कॉकटेल बताया जा रहा है। खरात से करीबी पर NCP नेता रूपाली चाकणकर को महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और NCP महिला प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा। माना जा रहा है कि जांच का दायरा बढ़ने के साथ ही कई नेता और अधिकारी भी इसकी चपेट में आ सकते हैं।

1500 करोड़ का साम्राज्य बनाया 15 साल में आरोपी ने

मामला गंभीर, SIT को जांच का जिम्मा: यह मामला कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र में अशोक खरात का मुद्दा छाया रहा। खरात से जुड़े यौन शोषण के विडियो सामने आने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को कई बार बयान देना पड़ा। गंभीरता को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने SIT बनाई। 10वीं फेल खरात का यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग और ठगी का साम्राज्य 12 वर्षों में 1500 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। एसआईटी को उसके खिलाफ 100 शिकायतें मिली हैं।

100 शिकायतें मिली नासिक के अशोक खरात के खिलाफ SIT को

12 साल में खड़ा किया 1500 करोड़ का साम्राज्य ब्लैकमेलिंग से

18 मार्च को 67 साल के खरात को गिरफ्तार किया।

आरोप है कि खरात पारिवारिक विवाद, संतान की चाह रखने वाली महिलाओं को 'शुद्धिकरण' के नाम पर फंसाता था।

FILE

नासिक कोर्ट ने खरात की पुलिस कस्टडी को 1 अप्रैल तक बढ़ाया।

'ढोंगी बाबा' खरात के गुनाहों का इस तरह फूटा भांडा

खरात के खिलाफ 9 केस दर्ज हो चुके हैं। पहले खरात ने खुद को पीड़ित बता आपत्तिजनक विडियो से ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए 29 दिसंबर 2025 को नासिक में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन, फरवरी 2026 में खरात के एक साथी के खिलाफ मॉर्फ्ड अश्लील तस्वीरें बनाने और धमकी का केस दर्ज हुआ। नासिक पुलिस ने 13 मार्च को SIT बनाई। 18 मार्च को एक महिला ने नासिक में शिकायत दर्ज कराई कि खरात ने 2022 से 2025 के बीच बार-बार उसका यौन शोषण किया। SIT ने 18 मार्च को 67 साल के खरात को गिरफ्तार किया। पुलिस कंप्लेंट के मुताबिक, पीड़िता के साथ 2022 में शादी के बाद खरात ने उसे अपने ऑफिस बुलाया। नशीला ड्रिंक पिलाकर रेप किया और तीन साल तक यौन शोषण करता रहा।

खुलते गए काले कारनामे

खरात खुद को रिटायर्ड मर्चेंट नेवी का 'कैप्टन' और 'कॉस्मोलॉजी एक्सपर्ट' बताता था। एसआईटी जांच और छापेमारी में 100 से ज्यादा संदिग्ध विडियो, एक पिस्टल और बड़ी मात्रा में संपत्ति के दस्तावेज बरामद हुए। आरोप है कि खरात बीमारी, पारिवारिक विवाद या संतान की चाह रखने वाली महिलाओं को 'शुद्धिकरण' और तांत्रिक उपायों के नाम पर फंसाता था।

कोड भाषा से सिग्नल देता

SIT जांच में 'कोड भाषा' का पता चला है। खरात के केबिन के बाहर एक झूमर था। जब खरात किसी महिला को 'शुद्धिकरण' के लिए बुलाता तो वह झूमर की लाइट बंद कर देता था। स्टाफ समझ जाता था और किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं है।

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है। IRA 2026 बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां। सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं। हुस्न और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें। व्हॉट्सऐप नंबर -7003490071

SPEED News

पूर्व पाक सेना प्रमुख बाजवा का निधन हो

गया। जावेद बाजवा (65) बाथरूम में फिसल गए थे। सिर में चोट लगने पर अस्पताल में भर्ती थे।

इंदिरा गांधी के हत्यारे के भतीजे को अरेस्ट

कर लिया गया है। ड्रग तस्करी के आरोप में न्यूजीलैंड में यह कार्रवाई की गई है।

चीन की राजधानी पेइचिंग में रामायण

पर आधारित एक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई। चीनी विद्वान जी शियानलिन ने रामायण का अनुवाद किया था।

OpenAI के शुरुआती निवेशक

विनोद खोसला ने कहा, US में 1 लाख डॉलर तक कमाने पर फेडरल इनकम टैक्स हटे। इससे 12.5 करोड़ लोग टैक्स से बच सकते हैं, बिना सरकारी राजस्व घटाए।

GenZ आंदोलन में मृतकों के परिजन को सरकारी नौकरी

■ NBT रिपोर्ट

नेपाल की सरकार ने देश में सुशासन (गुड गवर्नेंस) लाने के लिए 100-पॉइंट वर्क प्लान जारी किया है। यह फैसला बालेंद्र शाह सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में लिया गया। काठमांडू पोस्ट के अनुसार, प्रशासन ने शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार पर बड़े सुधारों की रूपरेखा तय की गई। 15 दिनों के भीतर एक कमिटी बनाई जाएगी, जो 2006 के जनआंदोलन के बाद से अब तक ऊंचे पदों पर रहे नेताओं और अधिकारियों की संपत्ति की जांच करेगी। इसके बाद दूसरे चरण में 1991 से 2006 तक के पदाधिकारियों की भी जांच होगी।

सितंबर में हुए 'Gen Z आंदोलन' के बाद प्रभावित लोगों के लिए पुनर्वास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा की भी योजना बनाई गई है। 100 दिनों के भीतर एक पूरा पुनर्वास पैकेज लागू करने की बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जान गंवाने वाले 27 लोगों के करीबी परिजन को सरकारी नौकरी देने का फैसला भी हुआ है। 15 दिनों के अंदर राज्य उन समुदायों के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय और भेदभाव को आधिकारिक रूप से स्वीकार करेगा और उनके लिए सामाजिक न्याय का ढांचा तैयार करेगा।

सभी दलों से बनेगा 'नैशनल कमिटमेंट': सरकार एक 'नैशनल कमिटमेंट' बनाएगी, जिसमें सभी राजनीतिक दल और हितधारक होंगे। फेडरल सिविल सर्विस बिल का मसौदा 45 दिनों के भीतर तैयार किया जाएगा। इस कार्ययोजना का मकसद यह है कि जांच रिपोर्ट सिर्फ फाइलों में दबकर न रह जाएं। अब 30 दिनों के अंदर पुरानी रिपोर्टों की सिफारिशों को लागू किया जाएगा। इसके लिए सरकार जरूरी कानूनी और प्रशासनिक कदम उठाएगी, जैसे सिस्टम में सुधार, ढांचे में बदलाव और नियमों का सख्ती से पालन कराना।

FILE

- नेपाल में बालेंद्र सरकार ने तय किया 100-पॉइंट वर्क प्लान
- पूर्व नेताओं, अफसरों की संपत्ति की जांच करेगी कमिटी
- 45 दिनों के भीतर फेडरल सिविल सर्विस बिल का मसौदा तैयार होगा

नेपाल में नई कैबिनेट की पहली बैठक

AIIMS से पढ़ी निशा नेपाल की स्वास्थ्य मंत्री

■ पीटीआई, नई दिल्ली/काठमांडू: ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIIMS) के कॉलेज ऑफ नर्सिंग से पढ़ी निशा मेहता को नेपाल की स्वास्थ्य मंत्री नियुक्त किया गया है। AIIMS ने रविवार को नर्सिंग समुदाय के लिए गर्व का पल बताया। कहा कि मेहता की यात्रा बेडसाइड नर्सिंग से नीति-निर्माण की अहम भूमिका तक पहुंचने की कहानी है, जो नर्सिंग पेशे की बढ़ती भूमिका और नेतृत्व क्षमता को दर्शाती है। मेहता ने 2006 से 2010 के बीच B.Sc नर्सिंग की पढ़ाई की थी और 27 मार्च को नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री पद की शपथ ली।

ओली के बाद एक और पूर्व मंत्री अरेस्ट

नेपाल पुलिस ने पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड़का को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में रविवार को अरेस्ट कर लिया। पूर्व पीएम के.पी. ओली के बाद ये दूसरी गिरफ्तारी है। GenZ आंदोलन में ऐसे विडियो सामने आए, जिसमें खड़का और पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, पुष्प कमल दहल के आवास पर जले हुए नोटों के टुकड़े दिख रहे थे। फरेंसिक टेस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की गई। ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान खड़का पर परियोजनाओं के लिए लाइसेंस और टेंडर दिलाने के बदले वित्तीय लाभ प्राप्त करने का आरोप लगाया गया था।

बिना मुकदमा कैद में रखना सज़ा बराबर... मर्डर केस में आरोपी को बेल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिना मुकदमे के कैद में रखना सजा के बराबर है। कोर्ट ने हत्या की कोशिश के एक मामले में पंजाब बेस्ड शख्स को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि वह शख्स दो साल तक जेल में रहा जबकि मुकदमा अभी तक शुरू भी नहीं हुआ।

जस्टिस दीपंकर दत्ता और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने अपने हालिया आदेश में कहा कि प्रदीप कुमार उर्फ बानू को फरवरी 2024 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न आरोपों में बुक किया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने अभी तक मामले से जुड़े 23 गवाहों में से किसी एक का भी परीक्षण नहीं किया है। शीर्ष अदालत ने 11 जुलाई 2025 के पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। अदालत ने कुछ शर्तों के साथ आरोपी की जमानत मंजूर कर ली।

'एक भी गवाह का परीक्षण नहीं हुआ'

सुप्रीम कोर्ट ने 13 मार्च के अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष 23 गवाहों को पेश करने का प्रस्ताव करता है, लेकिन अभी तक किसी का भी परीक्षण नहीं हुआ है। इस प्रकार, मुकदमे को समाप्त होने में कुछ समय लगने की संभावना है। अदालत ने कहा कि बिना मुकदमे के कैद रखना सजा के समान है। मुकदमे के लंबित रहने के दौरान अपीलकर्ता को आगे हिरासत में रखना जरूरी नहीं है।

स्पर्म डोनेशन से प्रेग्नेंसी पर उम्र सीमा को चुनौती

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

डोनेशन के जरिए स्पर्म प्राप्त करने की उम्र से जुड़ी पाबंदी के खिलाफ दो महिलाओं ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी ऐक्ट (ART) का प्रावधान महिलाओं को सिर्फ 50 साल की उम्र तक डोनेशन के माध्यम से स्पर्म (शुक्राणु) प्राप्त करने की इजाजत देता है। पुरुष को अधिकतम 55 साल की उम्र तक स्पर्म डोनेशन की अनुमति देता है। उम्र की पाबंदी से संबंधित प्रावधान को 55 और 53 साल की दो महिलाओं ने कोर्ट में चुनौती दी है।

इसे असंवैधानिक और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाला बताया गया है। याचिकाओं में महिलाओं ने कहा है कि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने उन्हें सर्टिफिकेट जारी किए हैं, जिनमें कहा गया है कि वे गर्भावस्था को पूर्ण अवधि तक ले जाने और बच्चे को जन्म देने में सक्षम हैं।

महिलाओं को 50 साल तक डोनेशन से स्पर्म की इजाजत है

AI Image

ने कहा कि हमें याचिकाओं में ऐसा कोई शोध नहीं मिला है, जिसका हवाला देकर प्रथम दृष्टया यह कहा जा सके कि महिलाएं (याचिकाकर्ता) मेडिकली इतनी स्वस्थ और सक्षम हैं कि वे जीवन के इस पड़ाव पर गर्भधारण और बच्चे को जन्म दे सकती हैं। अदालत ने मामले की पैरवी और सहायता के लिए सीनियर ऐडवोकेट आशुतोष कुम्भकोणी को एमिकस क्यूरी (न्यायमित्र) के तौर पर नियुक्त किया है। बेंच ने 22 अप्रैल 2026 को याचिका पर अगली सुनवाई रखी है।

EU संग FTA पर गोयल ने की चर्चा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपियन यूनियन में ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविच से मुलाकात कर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को जल्द लागू करने के पर बात की। गोयल कैमरून में वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

वाणिज्य मंत्री कैमरून में EU के ट्रेड कमिश्नर से मिले

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. इनमें से किस देश में छात्र राजनीति पर रोक लगाई गई है?
A. भूटान B. श्रीलंका C. नेपाल
2. जनरल कमर जावेद बाजवा का निधन हो गया है, वे किस देश के आर्मी चीफ रहे हैं?
A. बांग्लादेश B. पाकिस्तान C. अफगानिस्तान
3. AIIMS से पढ़ी निशा मेहता को नेपाल में किस विभाग की मंत्री नियुक्त किया गया है?
A. शिक्षा B. स्वास्थ्य C. वित्त
4. ईरानी संसद के स्पीकर कौन है, जिन्होंने US पर जमीनी अभियान की साजिश का आरोप लगाया?
A. अली लारीजानी B. मोहम्मद बाकेर गालिबफ C. हसन रूहानी
5. इलेक्ट्रॉनिक्स की चीजें खरीदने के लिए 8 हजार के कूपन देने का चुनावी वादा इनमें से किसका है?
A. बीजेपी B. कांग्रेस C. डीएमके

कल के जवाब

A1 B. 'GenZ' आंदोलन दबाने A2 A. यमन A3 A. 3 पेपर A4 B. मोंटेकार्लो मास्टर्स A5 B. मनी लॉन्ड्रिंग

लकी विनर्स

1. विक्रम सिंह बिष्ट, लखनऊ
2. विजय कुमारी छाबड़ा, दिल्ली
3. प्रवीण कुमार झा, नोएडा

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।



ट्रेन में 80 रुपये का खाना 120 में दिया, विरोध करने पर धमकी दी

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ NBT नई दिल्ली : दक्षिण एक्सप्रेस ट्रेन में खाने का एमआरपी से अधिक चार्ज वसूलने का मामला सामने आया है। ग्वालियर से मथुरा आ रहे विकास सिंह राजावत नाम के यात्री का आरोप है कि उनसे दक्षिण एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच में 80 रुपये के खाने के 120 रुपये वसूले गए। उसका वेंडर ने बिल भी नहीं दिया। इस मामले में पीड़ित यात्री विकास सिंह ने 28-29 मार्च की आधी रात 12:36 बजे 'एक्स' पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल सेवा, IRCTC और नॉर्थ-वेस्टर्न रेलवे को टैग करते हुए शिकायत की। रविवार को एनबीटी ने पीड़ित यात्री विकास से बात की। बताया, ओवर चार्ज करने का विरोध किया तो वेंडर ने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। इस तरह की शिकायत लगभग हर दिन होती है। वेंडर ने बिल देने से मना कर दिया। मामले में आईआरसीटीसी का कहना है कि वह इसकी जांच कर रहे हैं।

FILE

आम होती जा रही है शिकायतें

ट्रेनों में मिलने वाले खाने में कभी खाने की गुणवत्ता को लेकर तो कभी एमआरपी से अधिक पैसा वसूलने की शिकायत लगभग आम होती जा रही है। रेलवे को चाहिए कि ट्रेन में मिलने वाला खाना बढ़िया क्वॉलिटी का हो और यह सुनिश्चित हो कि ट्रेन में कोई दूसरा वेंडर चढ़कर खाने-पीने का सामान ना बेच सके।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ट्यूलिप बुला रहे

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में ट्यूलिप रिसर्च सेंटर का रविवार को उद्घाटन हुआ। पर्यटक मुस्कुराते ट्यूलिप्स को निहारते नजर आए।

PTI

कीर्तिमान गढ़ा टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई ऊंचाई देने के लिए उन्हें 2006 में 'पद्म भूषण' से नवाजा गया था। उन्होंने इस सेक्टर में वर्ल्ड-क्लास क्वॉलिटी के मानक स्थापित किए।

US तक जाएंगी नॉर्थ कोरियन मिसाइलें!

■ एपी, सियोल: उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हाई-पावर ठोस ईंधन वाले नए इंजन का टेस्ट देखा और कहा कि उनकी मिसाइलें अमेरिका तक जा सकेंगी। इससे देश की सैन्य ताकत और मजबूत होगी। सरकारी मीडिया के मुताबिक यह कदम अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बनाने वाली उन्नत मिसाइलों के लक्ष्य से जुड़ा है। हालांकि कुछ विशेषज्ञ इसे बढ़ा-चढ़ा कर बताया गया दावा मान रहे हैं।

किम जोंग उन ने ठोस ईंधन के इंजन का टेस्ट देखा

रेमंड को आसमान दिया, किराये के घर में रहे... विजयपत विदा

■ पीटीआई, मुंबई

टेक्सटाइल ब्रैंड 'रेमंड' को नई ऊंचाई देने वाले विजयपत सिंघानिया का रविवार को मुंबई में अंतिम संस्कार हुआ। 87 वर्षीय सिंघानिया का शनिवार शाम को निधन हुआ था। उम्र संबंधी बीमारियों के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी थी, जिसके बाद उन्हें शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे अपने पीछे पत्नी आशादेवी और तीन बच्चों- मधुपति सिंघानिया, शेफाली रुइया और गौतम सिंघानिया को छोड़ गए हैं।

1980 में संभाली थी रेमंड की बागडोर: विजयपत 1980 में रेमंड के चेयरमैन बने थे। उनके नेतृत्व में रेमंड लिमिटेड एक बड़े समूह के रूप में उभरी, जिसने सिंथेटिक फैब्रिक्स, डेनिम, स्टील, इंडस्ट्रियल फाइल्स और सीमेंट जैसे क्षेत्रों में विस्तार किया।

■ मंदी में फंसा स्टील-सीमेंट कारोबार बेचना पड़ा था

अपने चेयरमैन पद के अंतिम वर्षों में मंदी के कारण कंपनी के स्टील और सीमेंट कारोबार पर दबाव बढ़ा, जिसके चलते इन इकाइयों को बेच दिया गया। इसके बाद उन्होंने कंपनी की कमान अपने बेटे गौतम सिंघानिया को सौंप दी और कुछ समय तक चेयरमैन एमेरिटस के रूप में जुड़े रहे।

■ पद्म भूषण भी मिला

विजयपत सिंघानिया को 2006 में 'पद्म भूषण' से नवाजा गया था। यह सम्मान उन्हें व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया। उन्होंने न केवल 'रेमंड' को एक ग्लोबल ब्रैंड बनाया, बल्कि भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर में आधुनिक तकनीक और वर्ल्ड-क्लास क्वॉलिटी के मानक स्थापित किए।

■ हॉट एयर बलून में वर्ल्ड रेकॉर्ड

2005 में 67 साल की उम्र में उन्होंने हॉट एयर बलून के जरिए लगभग 69,000 फीट की ऊंचाई तक उड़कर वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया था। इससे पहले 1988 में उन्होंने एक माइक्रोलाइट विमान में लंदन से नई दिल्ली तक 23 दिन में अकेले उड़ान भरकर 'स्पीड-ओवर-टाइम एड्वेंचर रिकॉर्ड' बनाया था।

■ बेटे के साथ विवाद रहा था सुर्खियों में

कंपनी का कामकाज संभालने के बाद उनके बेटे गौतम के साथ विवाद खूब सुर्खियों में रहा था। विवाद एक फ्लैट को लेकर शुरू हुआ था। विजयपत उस फ्लैट को बेचना चाहते थे, लेकिन गौतम इसके लिए तैयार नहीं थे। विवाद इतना बढ़ गया कि विजयपत सिंघानिया मालाबार हिल में स्थित 37 मंजिला जेके हाउस को छोड़कर किराए के मकान में रहने लगे। उन्होंने अपने बेटे गौतम पर घर के साथ-साथ कार और ड्राइवर जैसी सुविधाएं भी छीनने का आरोप लगाया था।

फटाफट खबरें

RPF ने दो युवकों को किया अरेस्ट

■ NBT न्यूज, आगरा: आगरा में RPF ने रविवार को आगरा फोर्ट स्टेशन पर दो युवकों को गिरफ्तार किया। युवकों पर आरोप है वे छह नाबालिगों को मजदूरी के लिए गुजरात ले जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आगरा फोर्ट RPF के इंस्पेक्टर प्रियव्रत दहिया ने रविवार को बताया कि कुछ ट्रेनों में मानव तस्करी होने की सूचनाएं मिल रही थीं। शनिवार को RPF टीम ने साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन से छह नाबालिग बच्चों को बरामद किया।

कार-पिकअप में टक्कर, 1 की मौत

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: थाना रामगढ़ क्षेत्र के चनोरा पुल के पास रविवार दोपहर एक कार और पिकअप में टक्कर हो गई। हादसे में कार ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सरकारी ट्रॉमा सेंटर भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं ड्राइवर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र के गांव रोसिहपुर से सभी आगरा जा रहे थे।

कॉलेज में मिला चौकीदार का शव

■ NBT न्यूज, अलीगढ़: थाना क्वार्सी क्षेत्र के रामघाट रोड स्थित टीकाराम महाविद्यालय के परिसर में रविवार सुबह एक चौकीदार का शव संदिग्ध हालत में मिला। शव पर घसीट डाले जाने के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान किशनपुर निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र कोल के रूप में हुई है, जो कॉलेज में चौकीदार के पद पर तैनात थे। परिजनों के मुताबिक, धर्मेंद्र सुबह करीब 6 बजे ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। करीब 10 बजे कॉलेज से फोन आया कि वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे हैं। इसके बाद परिजनों ने उनका मोबाइल मिलाया, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला।

महाराजा सूरजमल की प्रतिमा से जाट शब्द हटाने पर हंगामा

मेरठ में था कार्यक्रम, बिना अनावरण के लौटे पंजाब CM भगवंत मान

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ

मेरठ में रविवार को महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के दौरान उस समय माहौल गरमा गया, जब प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से 'जाट' शब्द हटाने का मामला सामने आया। इससे नाराज समाज के लोग मौके पर ही धरने पर बैठ गए और जमकर विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन ने जानबूझकर 'जाट' शब्द हटाकर समाज का अपमान किया है। उनका कहना था कि रात में प्रतिमा के नीचे 'जाट' शब्द की प्लेट लगी थी, लेकिन सुबह वह गायब मिली। गेट पर लिखा

NBT

पंजाब के CM, मुजफ्फरनगर के पूर्व सांसद समेत कई नेता कार्यक्रम में पहुंचे।

'जाट' शब्द भी पेंट कर ढक दिया गया।

कार्यक्रम में मौजूद नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने मंच से इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि अगर बात नहीं बनी तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता संजीव बालियान ने भी मामले को गंभीर बताया। हंगामे के बीच प्रशासन और लोगों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। अधिकारियों ने सफाई दी कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार जातिसूचक शब्द नहीं लिखे जा सकते। साथ ही उन्होंने समाधान के लिए 10 दिन का समय मांगा।

हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु चौधरी ने प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि यदि तय समय में 'जाट' शब्द दोबारा नहीं लिखा गया तो 16वें दिन उसी स्थान पर पंचायत कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

BJP नेता बालियान ने किया अनावरण

कार्यक्रम के दौरान भगदड़ जैसे हालात भी बने। प्रतिमा का अनावरण पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को करना था, लेकिन भीड़ के कारण वे आगे नहीं बढ़ सके और बिना अनावरण किए लौट गए। बाद में संजीव बालियान ने प्रतिमा का अनावरण किया।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस में लगी आग, सभी सुरक्षित

सवारियों को लेकर बस आगरा से नोएडा की ओर आ रही थी

■ NBT न्यूज, मथुरा

यमुना एक्सप्रेस- वे पर रविवार की सुबह सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस में अचानक आग लग गई। थाना नौहझील क्षेत्र में हुए इस हादसे में बस ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोक दिया, जिससे उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। जानकारी के मुताबिक, रविवार की सुबह बस सवारियों को लेकर यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते आगरा से नोएडा की ओर जा रही थी। बताया गया है कि बस में 48 यात्री सवार थे। बस जैसे ही थाना नौहझील क्षेत्र में माइल स्टोन संख्या 64 के नजदीक पहुंची कि अचानक बस से धुंआ उठने लगा। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोक दिया, जिससे बस में सवार सभी यात्री बस से उतरकर सुरक्षित स्थान पर चले गए। देखते ही देखते बस में से आग की लपटें उठने लगीं। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने सभी यात्रियों को दूसरी गाड़ियों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। पुलिस ने बताया कि आग से किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

घटना के समय बस में 48 यात्री सवार थे।

NBT

फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

■ बस में धुआं उठते ही ड्राइवर ने बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया, जिससे सभी समय रहते बाहर आ गए।

सहारनपुरः होटल में ID मांगने पर फायरिंग का आरोप

■ NBT न्यूज, सहारनपुर: स्टेट हाइवे पर स्थित एक होटल में रविवार को बाइक सवार कुछ युवकों पर फायरिंग का आरोप है। जानकारी के अनुसार, देवबंद में स्थित वीआईपी रोज होटल में कुछ युवक कमरे लेने पहुंचे थे। रिसेप्शन पर मौजूद कर्मचारी ने उनसे पहचान पत्र (आईडी) मांगा। एक युवक ने तो आईडी दिखा दी, लेकिन बाकी युवकों से आईडी मांगने पर भड़क गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने होटल में फायरिंग कर दी। इसके बाद उन्होंने होटल में तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिससे कई शीशे टूट गए और सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए होटल कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की गई। जान बचाने के लिए कर्मचारी कमरों में छिप गए, घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

होटल के कर्मचारियों को पीटने का भी आरोप।

पीलीभीत में खंभे से बांधकर युवक को पीटा, दो गिरफ्तार

■ पीटीआई, पीलीभीत: पीलीभीत जिले में एक 22 साल के युवक को बिजली के खंभे से बांधकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। इस घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि विडियो सामने आने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। दो आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जबकि बाकी संदिग्धों की तलाश जारी है।

यह घटना बरखेड़ा इलाके के पीटा कलां गांव की है। पुलिस के मुताबिक, 22 साल का आरिफ पिछले तीन दिनों से लापता था। बरखेड़ा थाना प्रभारी (SHO) ने बताया कि पीड़ित के पिता शफीक शाह की शिकायत पर तीन नामजद और एक अज्ञात शख्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

शिकायत में शफीक शाह ने आरोप लगाया कि उनका बेटा 24 मार्च की शाम करीब 4 बजे घर से रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकला था। रास्ते में खमरिया गांव के पास आरोपी तालिब, कैसर और पप्पू ने 10-12 अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर आरिफ को रोक लिया। पिता ने बताया, उन्होंने उसे रस्सी से बिजली के खंभे से बांध दिया और लात-घूंसों व लाठियों से उसकी बुरी तरह पिटाई की।

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि आरिफ कथित तौर पर गांव में अपनी महिला दोस्त से मिलने गया था।

AI Image

3 दिन से लापता था युवक

- पुलिस के मुताबिक, 22 वर्षीय आरिफ पिछले तीन दिनों से लापता था।
- शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक अपनी महिला दोस्त से मिलने गया था।

जेवर पर 'क्रेडिट वॉर', मायावती का दावा- हमने रखी थी नींव

सोशल मीडिया पर लिखा, बुनियादी काम हमारी सरकार के दौरान हुए

■ पीटीआई, लखनऊ: नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट (जेवर) का श्रेय लेने की होड़ मच गई है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बाद अब बीएसपी प्रमुख मायावती ने रविवार को दावा किया कि इस प्रोजेक्ट की शुरुआती नींव उनके मुख्यमंत्री रहते हुए ही रखी गई थी। उन्होंने इसके काम में हुई देरी के लिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जेवर में इस एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर एक पोस्ट में मायावती ने कहा कि लंबे इंतजार के बाद एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन हुआ है, लेकिन इसका ब्लूप्रिंट और जरूरी बुनियादी काम उनकी सरकार के दौरान ही शुरू हो गए थे। उन्होंने लिखा, 'लंबे इंतजार के बाद कल जेवर में नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन हुआ, जबकि इसका नक्शा ही नहीं, बल्कि तमाम जरूरी शुरुआती काम बीएसपी की मेरी सरकार के समय ही शुरू कर दिए गए थे।'

कांग्रेस पर निशाना: मायावती ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर उस समय केंद्र की कांग्रेस सरकार ने रुकावटें पैदा न की होतीं, तो यह विकास कार्य यमुना एक्सप्रेस-वे की तरह उनके कार्यकाल में ही काफी पहले पूरा हो गया होता।

File

एसपी ने योजनाओं को खत्म किया : BSP चीफ

मायावती ने समाजवादी पार्टी की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि एसपी सरकार ने विकास पर ध्यान देने के बजाय उनकी सरकार की योजनाओं को खत्म करने में समय बर्बाद किया। BSP सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि एसपी सरकार 'जातिवादी और राजनीतिक द्वेष' वाले कामों में लगी रही, जिसमें संस्थानों के नाम बदलना और दलित समाज के संतों व गुरुओं के सम्मान में बनाए गए स्मारकों और पार्कों की अनदेखी करना शामिल था।

फिरोज़ाबाद में रेप के आरोपी को 10 साल की सज़ा

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: जनपद न्यायालय के स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी को 10 साल की कैद की सजा सुनाई। साथ ही 26 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस के अनुसार, थाना खैरगढ़ के गांव शेखपुरा में 25 अगस्त 2022 को एक युवक ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की से रेप किया था। पीड़िता की मां ने थाने में FIR दर्ज कराई थी। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल टेस्ट कराया था और साक्ष्य इकट्ठा किए थे। साथ ही मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। कार्रवाई के बाद पुलिस ने न्यायालय में चार्ज शीट दाखिल की थी। कोर्ट में संबंधित मामले की पैरवी सरकारी वकील अवधेश भारद्वाज द्वारा लगातार की गई।

आरोपी पर 26 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

1.95 लाख लोगों ने अब तक उठाया सुनियो योजना का लाभ

Rajesh.Saroha@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** प्रॉपर्टी मालिकों ने एमसीडी की सुनियो योजना को हाथों हाथ लिया है। अभी तक 1.95 लाख प्रॉपर्टी मालिक इस योजना का लाभ उठाकर इस साल के साथ-साथ पिछला सारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान कर चुके हैं। एमसीडी के खाते में 1120 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा हो चुकी है। प्रॉपर्टी टैक्स विभाग का कहना है कि आखिरी सप्ताह में इस डेटा में और वृद्धि होगी।

MCD के खाते में अभी तक 1120 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा

यह योजना इतनी कामयाब कैसे हो पाई? इस सवाल के जवाब में प्रॉपर्टी टैक्स के अधिकारियों ने बताया कि भले ही किसी प्रॉपर्टी मालिक ने 2004 से लेकर अब तक एक बार भी प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कराया हो, लेकिन इस योजना के तहत प्रॉपर्टी मालिक इस वित्त वर्ष के साथ पिछले 5 साल का प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स के साथ साथ ब्याज और जुर्माने से भी मुक्ति पा सकते हैं। शनिवार और रविवार को भी प्रॉपर्टी ऑफिस खुले रहे। लोग 31 मार्च तक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना खत्म होने के बाद प्रॉपर्टी मालिक से पिछला सारा प्रॉपर्टी टैक्स तो वसूला ही जाएगा, उसके साथ ब्याज और जुर्माना भी वसूला जाएगा।

इस योजना के तहत सबसे ज्यादा रिकवरी हेडक्वॉर्टर ने की है। यहां 6470 के करीब प्रॉपर्टी मालिकों से अभी तक 480 करोड़ रुपये का टैक्स जमा किया है। वहीं, एमसीडी के सभी 12 जोन की बात करें तो वेस्ट जोन में 23,858 से ज्यादा लोगों ने इस योजना का लाभ उठाया। दूसरे नंबर पर शाहदरा साउथ जोन है। यहां 23,480 से अधिक लोगों ने इस योजना का लाभ उठाया। 70 करोड़ की रिकवरी के साथ शाहदरा साउथ जोन टॉप पर है। दूसरे नंबर पर साउथ जोन है। यहां 66 करोड़ की रिकवरी हुई।

कब कितनी रिकवरी

साल	रिकवरी
2018-19	1861 करोड़
2019-20	1583 करोड़
2020-21	1836 करोड़
2021-22	2037 करोड़
2022-23	2402 करोड़
2023-24	2137 करोड़
2025-26	2950 करोड़

(23 मार्च 2026 तक)

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

अगले साल कौन सी योजना आएगी?

दिल्ली में रहने वाले लोग एक बार स्कीम का लाभ उठाने के बाद दोबारा यह सोचकर प्रॉपर्टी टैक्स भरना बंद कर देते हैं कि फिर कोई स्कीम आएगी तब टैक्स भर देंगे। साल 2022-23 इसका जीता जागता उदाहरण है। स्कीम थी तो प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी 2400 करोड़ को पार कर गई थी, लेकिन 2023-24 में कोई स्कीम नहीं आई तो प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी में भारी कमी आई। इस साल प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी ने पिछले सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए। विभाग अगले फाइनेंशल ईयर में नया रेकॉर्ड बनाने की बात तो दूर इस रेकॉर्ड की बराबरी भी कर ले तो बड़ी बात रहेगी।

खाड़ी में युद्ध की गूंज, दिल्ली के बाज़ार खामोश

CP में PNG कनेक्शन के लिए तरस रहे रेस्टोरेंट संचालक, 20 साल से अधर में लटका है प्रोजेक्ट

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

हालात खराब : कई रेस्टोरेंट वाले महंगा सिलिंडर खरीदकर फिलहाल काम चला रहे हैं

■ LPG संकट से बढ़ी परेशानी, व्यापारियों का दावा- कई साल से मांग रहे हैं कनेक्शन, लेकिन किसी ने नहीं दिया ध्यान

■ कनॉट प्लेस में अभी महज दो रेस्टोरेंट्स में पीएनजी कनेक्शन, 200 से ज्यादा संचालक कर रहे कनेक्शन की डिमांड

■ NDTA लगा चुका है सीएम से लेकर मंत्रियों तक गुहार, लेकिन अभी भी करना पड़ रहा इंतजार

■ **नई दिल्ली :** एलपीजी संकट को देखते हुए सरकार पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) कनेक्शन की संख्या बढ़ाने पर जोर दे रही है, लेकिन दिल्ली के कनॉट प्लेस (CP) में स्थिति इसके उलट है। यहां रेस्टोरेंट और फूड बिजनेस चलाने वाले लोग कई साल से PNG कनेक्शन की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कनेक्शन नहीं मिल रहा। दावा है कि सीपी के 200 से अधिक रेस्टोरेंट संचालकों को पीएनजी कनेक्शन की दरकार है, ये सभी कनेक्शन लेने को तैयार हैं।

गैस नहीं मिलने के चलते कई ने मेन्यू में की कटौती

नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन (NDTA) के अनुसार, कनॉट प्लेस में 2006 के आसपास ही PNG लाइन बिछाने की मंजूरी मिल थी। तब दावा था कि 2012 तक काम पूरा हो जाएगा और सबको कनेक्शन मिलेगा, लेकिन 2026 में भी रेस्टोरेंट संचालक PNG कनेक्शन का इंतजार कर रहे हैं। मौजूदा LPG संकट ने इनकी परेशानी बढ़ा दी है। गैस न मिलने के चलते किसी को मेन्यू में कटौती करनी पड़ रही है, तो कई महंगा सिलिंडर खरीदकर काम चला रहे हैं।

NDTA के जनरल सेक्रेटरी विक्रम बधवार ने बताया कि 2024 में कनॉट प्लेस के ए और बी ब्लॉक तक पीएनजी की लाइन बिछाई गई थी, लेकिन फिर काम रुक गया और तब से अब तक रेस्टोरेंट संचालक इंतजार कर रहे हैं। हमने IGL से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पिछले साल सीएम रेखा गुप्ता को भी पत्र लिखकर इसकी मांग की थी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

वहीं, IGL के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि कुछ तकनीकी कारणों के चलते सीपी में PNG लाइन बिछाने का काम रुक गया था, लेकिन अब NDMC से खुदाई और सप्लाई के लिए सभी जरूरी परमिशन मिल गई है और 21 फरवरी से दोबारा काम शुरू हो गया है। अभी आउटर सर्कल के पास कुछ हिस्से में लाइन डली है, लेकिन अप्रैल तक कनॉट प्लेस के पूरे इनर और आउटर सर्कल को कवर कर लिया जाएगा। 50 से ज्यादा रेस्टोरेंट्स कनेक्शन लेने के लिए रजिस्ट्रेशन भी करवा चुके हैं और बाकी रेस्टोरेंट संचालक भी IGL के संपर्क में हैं। लाइन डलते ही कनेक्शन लगाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

यूरिया की संभावित कमी को लेकर बाज़ार में चर्चाएं तेज़

युद्ध का असरः खेती सीज़न से पहले DAP फर्टिलाइज़र की कमी से टेंशन

■ राजेश पोद्दार, नई दिल्ली

मिडल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब खेती पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। देश में यूरिया की संभावित कमी को लेकर बाजार में चर्चाएं तेज हैं, हालांकि सरकार का दावा है कि फिलहाल पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है और कारखानों में इसका उत्पादन भी लगातार जारी है।

इस मुद्दे पर दिल्ली के विभिन्न इलाकों में यूरिया डिस्ट्रीब्यूटर्स और डीलरों से बातचीत करने पर सामने आया कि अभी राजधानी में किसी तरह की पैनिक की स्थिति नहीं है। उनका कहना है कि दिल्ली में यूरिया की खपत अन्य राज्यों के मुकाबले बहुत कम होती है और इसकी असली डिमांड जून-जुलाई के बाद देखने को मिलती है, जब धान की फसल लगती है। दिल्ली और हरियाणा में यूरिया सप्लाई करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर सुनील खत्री के मुताबिक, फिलहाल यूरिया की कोई कमी नहीं है और डिमांड भी कम है। किसान अभी धान की बुआई की तैयारी में हैं, ऐसे में अगले 1-2 महीने बाद ही इसकी जरूरत बढ़ेगी। वहीं, बवाना इलाके के एक डीलर राकेश का कहना है कि यूरिया की स्थिति सामान्य है, लेकिन DAP फर्टिलाइजर को लेकर चिंता बनी हुई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली देहात में हरी सब्जियां और चारा उगाने वाले किसान DAP का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इसकी सप्लाई लंबे समय से सीमित मात्रा में ही मिल रही है।

सरकार का दावा है कि पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है

विशेषज्ञों का मानना है कि जहां यूरिया का उत्पादन देश में ही होता है, वहीं DAP अक्सर आयात पर निर्भर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय हालात इसकी सप्लाई पर असर डाल सकते हैं। फिलहाल सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अप्रैल में अगले साल की खपत का आकलन तैयार किया जाएगा, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तय होगी।

खाने-पीने की दुकानों में बिक्री 45% तक गिरी

सरोजिनी नगर में LPG सिलिंडर ने बिगाड़ा मार्केट का 'ज़ायका'

खरीदारी के लिए आने वाले भी अब कम आ रहे मार्केट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच दिल्ली में अब भी एलपीजी सिलिंडर का संकट बरकरार है। आलम यह है कि छोटे दुकानदारों को सिलिंडर मिल नहीं पा रहा है, जिससे सरोजिनी नगर मार्केट में कई दुकानें बंद हो गई हैं। इससे यहां शॉपिंग के लिए आने वाले लोग और अन्य दुकानदार परेशान हैं। उन्हें खाने-पीने की चीजें मिल नहीं पा रही हैं। कुछ दुकानदारों का कहना है कि खाने-पीने की कई दुकानें बंद होने से अब ग्राहक भी मार्केट में आने से कतरा रहे हैं, जिससे करीब 45 प्रतिशत तक सेल गिर गई है।

दरअसल, सरोजिनी नगर मार्केट में दिल्ली के अलावा आसपास के दूसरे शहरों से भी लोग शॉपिंग करने आते हैं। रविवार को यहां काफी भीड़ रहती है, लेकिन अब भीड़ कुछ कम दिख रही है। सरोजिनी नगर मार्केट के व्यापारी अशोक रंधावा ने बताया कि एलपीजी सिलिंडर की मारामारी के बीच सरोजिनी नगर मार्केट में खाने-पीने के कई दुकानें बंद हो गई हैं। इस वजह से दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों को बहुत दिक्कत हो रही है। दावा है कि पूरी-सब्जी, छोले-भटूरे, दाल सब्जी-रोटी बेचने वालों ने काम बंद कर दिया है।

फोम, प्लाई और फर्नीचर की लागत 10 से 45% तक बढ़ी

पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की बढ़ी कीमत, फर्नीचर मार्केट पर दिख रहा असर

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

युद्ध के हालातों के कारण पिछले एक महीने से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स महंगे हो रहे हैं। बोर्ड प्लाई, फोम के गद्दे और उससे जुड़े सामान और फर्नीचर उद्योग के आइटम 10 से 45 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। बताया जाता है कि पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स प्रमुखता से चीन, ब्रिटेन और जापान से आते हैं। उनके महंगा होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। फर्नीचर उद्योग के शोरूम मालिकों ने बताया कि मार्केट में सन्नाटा सा पसरने लगा है। ग्राहक बहुत कम दिखाई दे रहे हैं। बोर्ड प्लाई और फोम बनाने में पेट्रोलियम प्रोडक्ट का काफी इस्तेमाल होता है। इसके चलते उससे बनने वाला सामान और अधिक महंगा हो रहा है। बोर्ड प्लाई बनाने की फैक्ट्रियां हरियाणा, यमुनानगर में हैं। फोम के गद्दे बनाने की फैक्ट्रियां NCR में ज्यादा हैं। लोकल लेवल पर भी कुछ छोटी फैक्ट्रियां हैं।

बोर्ड प्लाई के दुकानदार नवीन अग्रवाल ने बताया कि पेट्रोलियम प्रोडक्ट के रेट बढ़ने से प्लाई के दाम भी 10 से 15 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। हर रोज दाम बढ़ने से मार्केट की रौनक गायब हो चुकी है। होलसेलर हर्ष ने बताया कि प्लाई की बाउंड्री में लगने वाला MR और UR ग्लू महंगा हो गया है। पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के महंगे होने से बोर्ड प्लाई लगातार महंगी हो रही है। पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की एकदम से बढ़ी महंगाई के कारण हरियाणा, यमुनानगर की फैक्ट्रियों में उत्पादन प्रभावित हुआ है। इस कारण समय पर माल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। पहले 4-5 दिन में माल की सप्लाई हो जाती थी। अब कम से कम 15 दिन लगते हैं।

'कालाबाज़ारी और महंगाई के खिलाफ ऐक्शन ले सरकार'

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच महंगाई और कालाबाजारी को लेकर लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। नेशनल अकाली दल ने सरकार से युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने की मांग की है। नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की घोषणा के अवसर पर कहा कि जिस प्रकार देश बाहरी चुनौतियों का सामना मजबूती से करता है, उसी तरह अब महंगाई और कालाबाजारी के खिलाफ भी सख्त और निर्णायक कदम उठाने का समय आ गया है। यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा संघर्ष है। सरकार को चाहिए कि वह इसे 'जन-युद्ध' मानकर ठोस और प्रभावी कार्रवाई करे।

रिपोर्ट पेश नहीं करने पर ASI को नोटिस

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई के डीजी को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि उन्होंने दिल्ली के 173 हेरिटेज स्मारकों के संरक्षण से संबंधित हलफनामा दाखिल क्यों नहीं किया। अदालत ने अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब दाखिल करने को कहा। जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अगुवाई वाली बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। यह याचिका राजीव सूरी ने दायर की है। मामला मूल रूप से लोदी काल के स्मारक शेख अली की गुमटी संबंधित था, जिसे बाद में अन्य संरक्षित ऐतिहासिक इमारतों तक एक्सटेंड कर दिया गया।

173 हेरिटेज साइट्स के संरक्षण से जुड़ा हलफनामा क्यों नहीं किया दाखिलः कोर्ट

यह नोटिस राष्ट्रीय राजधानी में अधिसूचित 173 विरासत स्थलों के संरक्षण की स्थिति पर जवाब दाखिल न करने के कारण जारी किया गया। अदालत ने नोट किया कि 2 फरवरी 2026 के अपने पिछले आदेश में उसने स्मारकों के निरीक्षण से संबंधित विशेष सुझावों के साथ स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। हालांकि, कोर्ट कमिश्नर वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन ने यह बताया कि 173 स्मारक एएसआई के अधीन आते हैं, लेकिन एएसआई ने निर्देशों के अनुसार कोई हलफनामा दाखिल नहीं किया। दिल्ली के पुरातत्व विभाग के संबंध में अदालत ने कहा कि विभाग द्वारा चिह्नित 19 स्मारकों का निरीक्षण किया जा चुका है और अधिकांश मामलों में अनुपालन हुआ है, सिवाय लोकेशन पहचान और जियो-मैपिंग के। इसी तरह के निर्देश एमसीडी को भी दिए गए, जहां 85 में से केवल 62 स्मारकों का सर्वेक्षण किया गया था और कुछ पहलुओं पर काम अधूरा था। एनडीएमसी के मामले में अदालत ने पाया कि 54 में से केवल 2 स्मारकों का सर्वेक्षण हुआ है। बेंच ने एनडीएमसी को निर्देश दिया कि वह हलफनामा प्रस्तुत करे, ताकि प्रभावी निगरानी और रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 जुलाई 2025 को दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह लोदी काल के स्मारक शेख अली की गुमटी को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नया अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी करे। स्मारक से जुड़ा विवाद तब सामने आया जब SC ने डिफेंस कॉलोनी RWA को 25 मार्च 2025 को आदेश दिया कि वह अपने ढांचे खाली करे और 1960 के दशक से ऐतिहासिक स्थल पर अवैध कब्जा करने के लिए पुरातत्व विभाग को 40 लाख रुपये का मुआवजा अदा करे।



वीकेंड पर भी फिल्म फेस्टिवल में रही रौनक

Hritik Joshi
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: भारत मंडपम में चल रहे इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल दिल्ली के पांचवें दिन भी सिनेमा प्रेमियों की भीड़ जुटी। रविवार को यहां चर्चित फिल्म 'टीम' और हंटर्स से लेकर ममूटी स्टारर मलयालम फिल्म जन गण मन की स्क्रीनिंग हुई।

शेखर कपूर ने ताजा की दिल्ली की यादें

रविवार को इस इवेंट में शामिल होने दिग्गज फिल्ममेकर शेखर कपूर, रंग दे बसंती फेम राकेश ओम प्रकाश मेहरा, ऐक्ट्रेस दिव्या दत्ता और बाहुबली फ्रैंचाइजी के सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंथिल कुमार पहुंचे। शेखर कपूर ने दिल्ली से जुड़ी अपनी यादें भी साझा कीं। उन्होंने कहा, 'मेरी दिल्ली की कई सारी यादें हैं। बाराखंबा और मॉडर्न स्कूल, वहां तक वह जोर-जोर से आवाज लगाने वाला सब्जीवाला भी मुझे याद है।' गौरतलब है कि शेखर कपूर की पहली फिल्म मासूम (1983) दिल्ली पर ही आधारित थी।

फिल्म स्क्रीनिंग में आई कुछ तकनीकी दिक्कतों के चलते यहां आए लोगों को परेशानी हुई। मयूर विहार से आए नवीन ने कहा, हमने बंगाली फिल्म पुरातन का शो बुक किया था। हमारा शो 2:30 बजे शुरू होना था, लेकिन कुछ दिक्कतों के चलते 3:15 बजे तक भी शुरू नहीं हो पाया है। मैं और मेरा भाई तभी से लाइन में लगे हुए हैं।' वहीं कुछ सिनेमा प्रेमी इसलिए भी निराश थे कि वह किसी बड़े सितारे से नहीं मिल पाए। उन्हीं में से एक आशीष ने बताया, मैं अपने दोस्त के साथ ओखला से यहां आया। हमें संडे के दिन ही समय मिला, लेकिन कोई बड़ा फिल्म स्टार नहीं आया है।

तकनीकी दिक्कतों के चलते फिल्म स्क्रीनिंग में हुई देरी, लोग परेशान

'AI से कोई भी बन जाएगा फिल्ममेकर'

सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंथिल कुमार ने सिनेमैटोग्राफी पर मास्टरक्लास सेशन में बताया कि कैसे आने वाले समय में AI कैमरे के पीछे काम करने वालों के लिए खतरा नहीं, बल्कि उनका एक साथी की तरह हाथ बंटाएगा।

क्या कहते हैं आपके नंबर

(30 मार्च - 5 अप्रैल 2026)

(आचार्य नंदिता पांडे)

● **मूलांक 1**
(जन्म तिथि 1, 10, 19, 28)
इस सप्ताह आपको अपने कार्यक्षेत्र में मेहनत अधिक करनी पड़ेगी तभी आपके लिए फायदे होते दिखाई देते हैं। आर्थिक मामलों में खर्च अधिक रहेंगे। बेवजह की तनाव की वजह से भी व्यय अधिक हो सकता है।

● **मूलांक 2**
(जन्म तिथि 2, 11, 20, 29)
साझेदारी में किया गया कोई भी कार्य इस सप्ताह के लिए शुभ फल लेकर आएगा। प्रोजेक्ट सफलता के मार्ग में आगे बढ़ते रहेंगे। इस सप्ताह आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन में सुख-समृद्धि के संयोग बनते जाएंगे।

● **मूलांक 3**
(जन्म तिथि 3, 12, 21, 30)
इस सप्ताह के कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। आप अपने प्रोजेक्ट को नए तौर तरीकों से आगे बढ़ाएंगे। हो सकता है कि किसी नए प्रोजेक्ट की तरफ भी आपका रुझान बढ़े। आर्थिक मामलों में भी नए तरीकों से निवेश करेंगे।

● **मूलांक 4**
(जन्म तिथि 4, 13, 22, 31)
इस सप्ताह किसी नए प्रोजेक्ट द्वारा सफलता हासिल होगी एवं उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते जाएंगे। आर्थिक मामलों में इस सप्ताह जो भी मेहनत आप करेंगे, उसका शुभ फल आपको भविष्य में मिलेगा।

● **मूलांक 5**
(जन्म तिथि 5, 14, 23)
इस सप्ताह आर्थिक मामलों में धन वृद्धि के संयोग बन रहे हैं। सप्ताह की शुरुआत में ही आपको अपनी निवेशों द्वारा धन प्राप्ति के सुखद समाचार मिल सकते हैं। प्रेम संबंध में एक नई सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ेंगे तो वो आपके प्रेम में वृद्धि होगी।

● **मूलांक 6**
(जन्म तिथि 6, 15, 24)
इस सप्ताह आपके कार्यक्षेत्र में उन्नति के संयोग बन रहे हैं एवं आप अपने जीवन में सुख-समृद्धि हासिल करेंगे। आपकी वाकपटुता एवं व्यवहार कुशलता आपके जीवन में मान-सम्मान में वृद्धि करेंगे। आर्थिक मामलों में व्यय की स्थितियां बन रही है एवं इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है।

● **मूलांक 7**
(जन्म तिथि 7, 16, 25)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं आप अपने प्रोजेक्ट्स की सफलता को देखकर प्रसन्न रहेंगे। इस सप्ताह आपको उन्नति प्राप्त करने के कई अवसर अपने कार्यक्षेत्र में मिलते जाएंगे। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होगा एवं आप अपने बेहतर भविष्य के लिए कुछ ठोस निर्णय ले सकते हैं।

● **मूलांक 8**
(जन्म तिथि 8, 17, 26)
इस सप्ताह आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी एवं किसी नए निवेश द्वारा धन लाभ की स्थितियां भी बनती जाएंगी। यह सप्ताह आर्थिक मामलों के लिए शुभ साबित है। कार्यक्षेत्र में भावनात्मक कारणों की वजह से कष्ट बढ़ सकते हैं।

● **मूलांक 9**
(जन्म तिथि 9, 18, 27)
इस सप्ताह आपके कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। जीवन में सफलता के मार्ग में आगे बढ़ेंगे। इस सप्ताह किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जो भविष्य में आपके कार्य को सफल बनाने में मदद करे।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
राशि का स्वामी एकादश प्रमुख कर्म भाव में चल रहा है। कार्यक्षेत्र में किसी से बहुत की बात फायदेमंद होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। तृतीय भाव में बृहस्पति होने के कारण संतान पक्ष से आशा जनक समाचार मिल सकता है।

TAURUS 20 Apr - 18 May
आज का दिन संतोष और खुशि का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयास में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से सहयोग का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंध के द्वारा धन, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा। संतान पक्ष से शुभ खबर मिलेगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
राशि स्वामी के नवम भाव में होने के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहा है। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम में कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

CANCER 22 Jun - 22 July
चन्द्रमा द्वितीय भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व अच्छा समाचार मिलेगा।

LEO 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य चल रहा है के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और आंखों की परेशानी होने की सम्भावना है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
राशि स्वामी बुध फाल्गुन में वृद्धि कर रहा है। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च व कीर्ति की वृद्धि होगी।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज आपके घरों और सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पक्की मात्र में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का पराभव होगा। पक्ष व दूसरों की वजह का प्रमाण प्राप्त होकर स्थापित होगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि मंगल शनि योग अभी कुछ दिन और चलेगा। शत्रु फलते कुछ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। आज का दिन इस सबकी जांच कराने और किसी अच्छे डॉक्टर की सलाह लेने का है। रात में आपका चलना फिरना काफी ज्यादा हो गया है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज के दिन आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। शाम से लेकर रात तक अपने प्रियजनों के पास मौजूद रहेंगे। प्रातः काल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बन रहा है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि अतिचारी उदय चल रहा है। इसलिए बिना वजह विवाद और शत्रुता, अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशा व्यक्त है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन पुत्र, पुत्री की शिक्षा तथा उनके कार्यों में व्यतीत होगा। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। व्यापारी और साथी से आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

शोक सन्देश

पुण्यतिथि

DR. BIR SINGH
05.09.1956 - 30.03.2012
In fond remembrance
Mrs. Bettina Singh
and family
Ph.: 9811702808

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss'.

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

पत्नी की हत्या, आरोपी अरेस्ट

■ **NBT न्यूज, हापुड़ :** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में दहेज के लिए पीट-पीटकर पत्नी की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, मेरठ के थाना भावनपुर क्षेत्र के गांव पचपेड़ा निवासी वेदपाल सिंह ने बताया कि बहन प्रियंका की शादी छह वर्ष पूर्व बाबूगढ़ में रहने वाले भूपेंद्र से की थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग बुलेट और सोने की चेन के लिए बहन को प्रताड़ित करने लगे।

20 मार्च को प्रियंका के साथ ससुराल वालों ने मारपीट की, जिससे प्रियंका की तबीयत खराब हो गई। मेरठ के अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना बाबूगढ़ के प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। हत्यारोपी पति भूपेंद्र को किठौर मार्ग स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास से गिरफ्तार किया गया है।

साइबर ठगी का शिकार हुए किसान को 24 हजार लौटाए

■ **NBT न्यूज, हापुड़ :** थाना सिम्भावली क्षेत्र निवासी किसान से साइबर ठगों ने करीब 24 हजार रुपये ठग लिए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मामले में गांव हरौड़ा निवासी प्रमोद कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। प्रमोद के अनुसार, करीब आठ माह पहले साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन भुगतान (यूपीआई) के माध्यम से खाते से रकम निकाल ली थी। साइबर क्राइम सेल की मदद से मामले की जांच कराई जा रही थी। शनिवार को पुलिस टीम ने पीड़ित प्रमोद कुमार के बैंक खाते में रकम वापस ट्रांसफर करा दी है।

सुडोकू

		1	6		4	2		
			1		9			
5	6			2			1	3
	9						2	
1	7		8		2		3	5
	8						9	
8	5			7			4	6
			9		1			
		2	5		6	7		

कल के सुडोकू का जवाब

6	4	2	8	5	3	7	1	9
7	9	1	4	6	2	5	8	3
3	8	5	9	7	1	4	6	2
4	6	7	1	8	9	3	2	5
5	1	9	2	3	7	8	4	6
2	3	8	6	4	5	9	7	1
9	5	6	7	2	4	1	3	8
8	7	3	5	1	6	2	9	4
1	2	4	3	9	8	6	5	7

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि हम अपने मुवक्किल की ओर से, श्री लक्ष भाटिया, पुत्र स्वर्गीय श्री पवन भाटिया, और श्रीमती संगीता भाटिया, पत्नी स्वर्गीय श्री पवन भाटिया ("स्वामित्व") के अधिकार, पूर्ण और एकमात्र स्वामित्व और कानूनी कब्जे की जांच कर रहे हैं, जो कि लगभग 10.525 एकड़ (अर्थात 84K-4M) से संबंधित है, जो ग्राम फाजलपुर, सेक्टर 62ए, तहसील बादशाहपुर, जिला गुरुग्राम, हरियाणा ("भूमि") में स्थित है और जिसका विस्तृत विवरण नीचे दी गई अनुसूची में है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में विक्रय, गिरवी, किराये, पट्टे, लाइसेंस, बंधक, उत्तराधिकार, उपहार, ग्रहणाधिकार, प्रभार, अनुबंध, उपभोग, न्यास, कब्जा, विकास/सहयोग या किसी अन्य प्रकार से कोई भी अधिकार, दावा या हित रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जो भूमि के मालिकों के अधिकार, पूर्ण और एकमात्र स्वामित्व और कानूनी कब्जे के विरुद्ध हो, उसे इस दिनांक से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर दस्तावेजी साक्ष्य सहित इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को देनी होगी, अन्यथा ऐसे व्यक्ति के किसी भी दावे को उसके द्वारा अधित्यक्त और बिना शर्त के त्याग दिया गया समझा जाएगा।

उपरोक्त में संदर्भित अनुसूची:

संपत्ति के सभी अंश एवं खण्ड, जिसका कुल माप लगभग 10.525 एकड़ (84K-4M) है, जिसमें किल्ला संख्या 11/1 (0K-13M), 11/2 (7K-3M), 12 (7K-8M), 13 (8K-0M), 14/1 (0K-12M), 14/2/1 (0K-6M), 17/2 (2K-18M), 18 (8K-0M), 19 (7K-8M), 20/1 (3K-8M), 22/1/2 (0K-8M) और 23/2 (6K-15M) शामिल हैं, जो मुरब्बा संख्या 43 में आते हैं, किल्ला संख्या 6/2 (4K-0M), 7 (8K-14M), 14 (4K-4M), और 15 (5K-4M) मुरब्बा संख्या 44 में आते हैं, और किल्ला संख्या 3/2/2 min (6K-2M) और 8/2/1 min (0K-1M) मुरब्बा संख्या 46 में आते हैं, यह जमीन गांव फाजलपुर, सेक्टर 62ए, तहसील बादशाहपुर, जिला गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित है।

दिनांक 29 मार्च, 2026

रोहित बजाज
शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी
अमरचंद टावर्स, 216 ओखला औद्योगिक एस्टेट, फेज III, नई दिल्ली–110 020, भारत

मैं, साधना त्यागी उर्फ शशि प्रभा त्यागी, स्वर्गीय श्री बाबू राम त्यागी की पुत्री तथा स्वर्गीय श्री दिग्विजय सिंह त्यागी की पत्नी, आयु 80 वर्ष, निवासी C-9 टॉवर 7, एनबीसीसी रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स, न्यू मोती बाग, नई दिल्ली - 110023, एतद् द्वारा घोषणा करती हूँ कि मैं दो नामों - साधना त्यागी तथा शशि प्रभा त्यागी - से जानी जाती हूँ, और दोनों नाम एक ही व्यक्ति को संदर्भित करते हैं। यह घोषणा पहचान एवं संपत्ति अभिलेखों के स्पष्टीकरण के उद्देश्य से की जा रही है।

मैं, दीपक सिंह, पुत्र दर्शन सिंह बिष्ट, निवासी डी-79बी, सेक्टर-15, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301, ने अपना नाम बदलकर दीपक सिंह बिष्ट रख लिया है और भविष्य में मुझे दीपक सिंह बिष्ट के नाम से जाना जाएगा।

I, Aahil Gandhi, son of Atul Gandhi, resident of 1202, Tower 12, The Close South, Sector 50, Gurgaon, Haryana 122018 do hereby declare that I have changed my name to Advika Gandhi and my gender from Male to Female. I shall hereafter be known as Advika Gandhi for all purposes.Dated - 28.03.26, Gurgaon, Haryana

मैं, सोहम, पुत्र प्रभात त्यागी, निवासी सी-9, टॉवर 7, एनबीसीसी रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स, न्यू मोती बाग, नई दिल्ली-110023, ने अपना नाम 'सोहम त्यागी' रख लिया है। भविष्य में मैं "सोहम त्यागी" के नाम से जाना जाऊँगा।

I Lalit S/o Praveen Arora, R/o B-280 Baljeet Vihar Nithari Delhi-110086 have changed my name to Lalit Arora

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

टैंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
It is for general information that my client, MOHAMMAD MUZAMMIL DATE OF BIRTH: 25/02/1980, PLACE OF BIRTH: 490, GALI TIKEY WALI, CHURIWALAN, DELHI-110006, S/O FATHER NAME: MOHD AZAM AND MOTHER NAME: SHAMMA SULTAN, R/O 2701-2703, GALI BADLIYAN, BAZAR CHOORIWALAN, BAZAR SITA RAM, CHAWRI BAZAR, DELHI-110006, hereby declare that his name has been wrongly recorded as MOHAMMAD IRFAN in the Birth Certificate No. MCDOLR-0123-1941/20480481, issued by MCD. That my client Name in his childhood was changed from MOHAMMAD IRFAN to MOHAMMAD MUZAMMIL which was not recorded/updated in the birth certificate. The correct name of my client is MOHAMMAD MUZAMMIL and shall be treated as same. Therefore, it is requested that the necessary correction/amendment be made in the Birth Certificate accordingly.
RAHUL SHARMA (Advocate)
CH. NO 1, OLD COURT, KASHMERE GATE, DELHI - 110006

निविदाएं (टेंडर्स)

Notice for Registration of Atta Millers
KENDRIYA BHANDAR
'E' Wing, Pushpa Bhawan, Madangir Road, NEW DELHI-110 062
Kendriya Bhandar invites applications for registration of firms from Atta millers for participation in KB tenders for supply of Agmark Grade standard Chakki Wheat Atta. Application forms along with detailed T&C can be downloaded from KB website:- (www.kendriyabhandar.org) Last date for receipt of application: 15.04.2026

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021

निविदा सूचना
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिष्ठित विक्रेताओं से निम्नलिखित कार्य विवरण के लिए ई-निविदा प्रस्ताव आमंत्रित करता है. जीईएम बोली संख्या - जीईएम/2026/बी/7388265 दिनांक: 24.03.2026. सीआईएसएल अनुमोदन के लिए आईबीएम वेब स्फीयर एप्लायंस लाइसेंस के लिए एटीएस प्रदान करने के लिए विक्रेता के चयन के लिए आरएफपी. निविदा प्रकाशन की तारीख - 24.03.2026 सुबह 11 बजे. बोली पूर्व बैठक - 06.04.2026 सुबह 11 बजे. प्रस्ताव प्राप्ति की अंतिम तारीख -21.04.2026 दोपहर 16 बजे. अन्य जानकारी एवं बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए तथा निविदा में प्रतिभागिता के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) पोर्टल https://gem.gov.in को देखें.

भर्ती

रिक्त पद

ART Institute-Studio A3- All About Art in South Delhi is looking for an Art Teacher with finearts background.Mb-9868904741

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Shilpa Khanna D/o Harbans Lal Madan R/o 172, Ghalib Apartment,Pitampura Delhi-110034 have changed my name to Shilpa Madaan for all Purposes.

I, Ruby, W/o Naushad Ali & D/o ZULFIQUAR AHMAD,R/o F-B/4, Flat-133, 4th Floor Shaheen Bagh Jamia Nagar Okhla, New Delhi 110025, have changed my name to Ruby Naushad.

EDUCATION FORUM

MAHATMA EDUCATION SOCIETY'S
PILLAI UNIVERSITY
ENTRANCE EXAMINATION
B. TECH. | B.DES | B.B.A. | B.C.A. | M.B.A.
M.B.A. (INTEGRATED)
PILLAI UNIVERSITY LEVEL SCHOLASTIC EXAM
PULSE 2026
Mode: On Campus
Register now: www.pillai.edu.in
TEST ON APRIL 18 AND 19
100% SCHOLARSHIPS OFFERED*
For more information
881 882 8837
ENGINEERING | DESIGN | ARCHITECTURE
COMPUTER APPLICATION | AVIATION
SPORTS MANAGEMENT | AI & DS
ANALYTICS | BUSINESS
NAVI MUMBAI'S FIRST STATE PRIVATE UNIVERSITY

HEALTH & WELLNESS

SEX रोगों के लिए
सबलोक फार्मेसी
चाँदनी चौक
9811195025
मिलते जुलते नाम से सावधान

बचपन की गलतियों से बने गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
▸बदरपुर ▸दरियागंज
▸भजनपुरा ▸छतरपुर
9817469817

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL | PROPERTY | BUSINESS | RECRUITMENT, EDUCATION | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | SHOPPING | TENDER, PUBLIC NOTICE | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90849
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

कल का पंचांग
(मंगलवार, 31 मार्च 2026)

राष्ट्रीय मिति चैत्र 10, शक 1948, चैत्र शुक्ल, त्रयोदशी, मंगलवार, विक्रम संवत 2083। सौर चैत्र मास प्रविष्टे 18, शव्वाल 11, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 31 मार्च 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, बसंत ऋतु। राहुकाल अपराह्न 03 बजे से 04 बजकर 30 मिनट तक। त्रयोदशी तिथि प्रातः 06 बजकर 57 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि का आरंभ। पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र अपराह्न 03 बजकर 21 मिनट तक उपरांत उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का आरंभ। गण्ड योग अपराह्न 03 बजकर 42 मिनट तक उपरांत वृद्धि योग का आरंभ। तैतिल करण प्रातः 06 बजकर 57 मिनट तक उपरांत वणिज करण का आरंभ। चन्द्रमा रात्रि 09 बजकर 33 मिनट तक सिंह उपरांत कन्या राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार सोम प्रदोष व्रत। श्री विष्णु दमनोत्सव, अनंग त्रयोदशी।

TELEVISION

big magic

09:00 बालू डबलू	14:30 हम पांच
10:00 बदतमीज़ बुलबुल	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैपी लाइफ
11:30 अलादीन	18:30 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	21:00 पीहू
13:30 भ से भाई	

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष मंगल बुध चन्द्र के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। मार्च महीने के आखिरी दिन आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े लोगों को बारम्बार समस्याओं से जूझना पड़ेगा। इससे आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। 24 अप्रैल से लेकर 28 मई तक अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। गत वर्ष के सभी बचे हुए प्रसंग उभरकर सामने आएंगे। जून माह की बात करें तो आर्थिक कष्ट व्यथित कर सकते हैं। जुलाई से लेकर अक्टूबर माह के आखिरी तक जहां आपको किसी भाग्यवर्धक आयोजन से जुड़ना पड़ेगा। वहीं सितंबर महीने की बात करें तो आपके कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के कार्य सरल हो जाएंगे। इस वर्ष के उत्तरार्ध अक्टूबर से लेकर नवंबर माह के आखिर तक आपका जीवन स्तर ऊपर उठेगा, सब लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। आपके सामने कुछ नए प्रोजेक्ट भी आ सकते हैं। दिसंबर से लेकर जनवरी 2027 तक की बात करें तो यदि कष्ट सिद्ध हो तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना मुख देखकर लें और कटोरी को तेल सहित छायादान कर दें। इस तरह जनवरी तक पांच शनिवार करें, इससे आपके घर में सुख और शांति बनी रहेगी। विद्यार्थियों के लिए वर्ष उत्तम है। बस आपको कड़ी मेहनत करना नहीं छोड़ना है।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

एम्स में ST कर्मचारियों के साथ संवेदनशील व्यवहार पर ज़ोर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** एम्स ने अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए सख्त एडवाइजरी जारी की है। एम्स ने साफ किया है कि वर्कप्लेस पर किसी भी तरह का भेदभाव या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एम्स ने सख्त अडवाइजरी जारी की

एम्स प्रशासन की तरफ से जारी निर्देशों में सभी अधिकारी और कर्मचारी समानता, सम्मान और किसी के साथ भेदभाव न हो, ऐसा माहौल बनाए रखने के लिए जरूरी सिद्धांतों का पालन करें। विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े कर्मचारियों के खिलाफ जाति आधारित टिप्पणी, उत्पीड़न, डराने-धमकाने या मानसिक प्रताड़ना जैसी गतिविधियों को गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा।

एम्स प्रशासन ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सेवा नियमों और कानूनों के तहत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

संस्थान ने सभी विभागों के एचओडी और सेंटर के चीफ को निर्देश दिया है कि वे इस एडवाइजरी को सभी कर्मचारियों तक पहुंचाएं और कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। साथ ही, इस एडवाइजरी को एम्स की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-03-2026 Zone: Noida Edition: 2 Page: NBTNDP5 User: arvind.kumar@timesofindia.com Time: 03-29-2026 23:33 Color:

वॉर अपडेट

भारत ने श्रीलंका को भेजा ईंधन

वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत ने श्रीलंका को 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम भेजा है। इस खेप में 20,000 टन डीजल और 18,000 टन पेट्रोल शामिल है, जो 28 मार्च को कोलंबो पहुंची। यह मदद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति की बातचीत के बाद दी गई। श्रीलंका ने मदद पर आभार जताया।

रूस ने ईरान की मदद की: जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस ने मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरानी हमलों में मदद की। उनके अनुसार, रूसी सैटलाइट्स ने हमले से पहले खाड़ी क्षेत्र के अमेरिकी एयरबेस की तस्वीरें लीं और यह खुफिया जानकारी ईरान के साथ साझा की गई।

बहरीन में हमलों के बीच समुद्री कर्फ्यू

ईरान के हमले के बीच बहरीन ने समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए कर्फ्यू लागू किया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, यह कर्फ्यू शाम 6 से सुबह 4 बजे तक लागू रहेगा। सरकार ने कहा कि यह कदम नाविकों की सुरक्षा और देश के तटीय क्षेत्रों की रक्षा के लिए उठाया गया है।

'लेबनान सीमा पर सुरक्षा बढ़ाएं'

इस्राइल के पीएम नेतन्याहू ने दक्षिणी लेबनान में बफर जोन को और बढ़ाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले का मकसद इस्राइल की उत्तरी सीमा पर सुरक्षा को और मजबूत करना है। बफर जोन वह इलाका होता है, जो दो दुश्मन या तनाव वाले क्षेत्रों के बीच सुरक्षा के लिए खाली या नियंत्रित रखा जाता है, ताकि सीधे टकराव से बचा जा सके।

केंद्र की अपील, पेट्रोल-डीज़ल पर्याप्त, अफवाहों से बचें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में युद्ध से बने हालात में अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील करते हुए सरकार ने रविवार को कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार है। केंद्र ने कहा कि यूरिया प्लांट्स को उनकी औसत खपत के 75% के बराबर गैस सप्लाई की जा रही है। वहीं, होर्मुज स्ट्रेट पार कर 2 जहाज भारत की ओर आ रहे हैं, जिन पर करीब 94000 टन LPG है। केंद्र ने देश में LPG सिलिंडर की डिलीवरी सामान्य होने की बात कही।

LPG सिलिंडर की डिलीवरी सामान्य हो रही: केंद्र

सरकार ने कहा, "दो जहाज BW TYR और BW ELM सुरक्षित तरीके से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं और भारत आ रहे हैं। इन पर करीब 94000 टन LPG है। BW TYR 31 मार्च को मुंबई पहुंचने वाला है। BW ELM के 1 अप्रैल को न्यू मैंगलोर पोर्ट पहुंचने की संभावना है।"

होर्मुज स्ट्रेट से कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी के आयात में बाधा से घरेलू और कमर्शल उपभोक्ताओं को ईंधन सप्लाई में चुनौती बढ़ी है, वहीं खेती-बाड़ी के लिए उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर भी चिंता पैदा हुई है। उर्वरक कारखानों में मुख्य रूप से LNG का इस्तेमाल होता है। सरकार ने रविवार को कहा, 'यूरिया प्लांट्स को पिछले 6 महीनों की उनकी औसत खपत के 70-75% के बराबर सप्लाई की जा रही है।' पेट्रोल-डीजल पर सरकार ने कहा कि अफवाहों के चलते कुछ इलाकों में खरीदारी के लिए आपाधापी दिखी है। अफवाहों से बचने की अपील करते हुए सरकार ने कहा कि देश में सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल है।

File

हाल ही में जग वसंत जहाज LPG लेकर भारत पहुंचा।

'कोई कमी नहीं'

'एक दिन में 55 लाख सिलिंडर दिए गए'

LPG और PNG के बारे में सरकार ने कहा कि मार्च में अब तक 2.9 लाख से ज्यादा LPG उपभोक्ता PNG पर शिफ्ट हो चुके हैं। इनमें डोमेस्टिक और कमर्शल, दोनों तरह के उपभोक्ता हैं। सरकार ने कहा कि मौजूदा भू-राजनैतिक स्थितियों के चलते LPG सप्लाई प्रभावित है, लेकिन देश में किसी भी LPG डिस्ट्रिब्यूटरशिप पर सिलिंडर खत्म नहीं हुए हैं। सरकार ने कहा कि शनिवार तक एलपीजी सिलिंडर बुकिंग में ऑनलाइन बुकिंग का हिस्सा बढ़कर 94% हो गया था और शनिवार को 55 लाख से अधिक LPG सिलिंडर दिए गए। सप्लाई बनाए रखने के लिए अतिरिक्त LNG और RLNG मंगाई जा रही है।

पश्चिम एशिया में टकराव तेज़, ज़मीनी जंग की तैयारी में US

3500 मरीन कमांडो के साथ अमेरिकी वॉरशिप USS Tripoli पहुंचा

संघर्ष के बीच US ने अपनी सैन्य मौजूदगी तेजी से बढ़ा दी है। USS Tripoli शिप के साथ 3,500 मरीन और नाविकों की तैनाती ने हालात को और संवेदनशील बना दिया है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब ईरान के साथ टकराव को एक महीना पूरा हो चुका है और क्षेत्रीय तनाव चरम पर है। अमेरिकी कमांड के मुताबिक यह तैनाती रणनीतिक विकल्प बढ़ाने के लिए है, लेकिन इसके साथ ही जमीनी हमले की आशंकाएं भी तेज हो गई हैं।

NBT EXPLAINER

Q अमेरिका ने अचानक सैन्य तैनाती क्यों बढ़ाई?
अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य ताकत बढ़ाई है ताकि बदलते हालात में उसके पास ज्यादा रणनीतिक विकल्प मौजूद रहें। यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार USS Tripoli की तैनाती इसी रणनीति का हिस्सा है। यह कदम ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच उठाया गया है।

Q क्या अमेरिका जमीनी युद्ध की तैयारी कर रहा है?
इस तैनाती के बाद अटकलें तेज हो गई हैं कि अमेरिका ईरान में संभावित जमीनी ऑपरेशन की तैयारी कर सकता है। हालांकि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बार-बार कहा है कि उनका इरादा ईरान की जमीन पर सैनिक भेजने का नहीं है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक पेंटागन कई विकल्पों पर काम कर रहा है।

Q किन जगहों पर कार्रवाई की चर्चा है?
रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप और होर्मुज स्ट्रेट के आसपास के इलाके रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इन जगहों पर नियंत्रण या दबाव बनाना अमेरिका की रणनीति का हिस्सा हो सकता है, हालांकि अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

Q USS Tripoli की तैनाती कितनी अहम है?
USS Tripoli एक अत्याधुनिक असॉल्ट शिप है, जिसमें करीब 3,500 मरीन और नाविक मौजूद हैं। इसके साथ फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हमले के लिए जरूरी हथियार भी हैं। यह जहाज जमीन और समुद्र दोनों से ऑपरेशन करने में सक्षम है।

Q क्या यह तैनाती पहले से मौजूद अमेरिकी फोर्स से अलग है?
यह तैनाती पहले से मौजूद लगभग 50,000 अमेरिकी सैनिकों के अतिरिक्त है। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे साफ है कि अमेरिका धीरे-धीरे अपनी सैन्य मौजूदगी को और मजबूत कर रहा है। साथ ही USS Boxer और अन्य जहाजों को भी क्षेत्र में भेजा जा रहा है।

Q अमेरिका की रणनीति क्या है- युद्ध या कूटनीति?
विशेषज्ञों के अनुसार, US की रणनीति फिलहाल दोहरी दिख रही है। एक तरफ सैन्य तैनाती बढ़ाकर दबाव बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ बातचीत के संकेत भी दिए जा रहे हैं। वहीं ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत जारी है, हालांकि तेहरान ने इन दावों को नकारा है।

'एक ओर बातचीत, दूसरी तरफ हमले की तैयारी में US'

■ NBT रिपोर्ट: ईरान ने साफ संकेत दिए हैं कि अगर अमेरिका जमीनी हमला करता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाग़र ग़ालिबाफ ने आरोप लगाया कि अमेरिका एक तरफ बातचीत की बात कर रहा है, जबकि दूसरी तरफ 'चुपके से' जमीनी ऑपरेशन की तैयारी कर रहा है।

ईरानी स्पीकर बोले, आने वाले कठिन समय के लिए तैयार रहना होगा

उन्होंने कहा कि ईरान की सेना अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने का इंतजार कर रही है और ऐसा होने पर उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने इसे अमेरिका की दोहरी नीति बताया- जहां सार्वजनिक तौर पर बातचीत के संदेश दिए जा रहे हैं, वहीं सैन्य विकल्प भी तैयार रखे जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका उन लक्ष्यों को बातचीत के जरिए हासिल करना चाहता है, जिन्हें वह युद्ध में पाने में असफल रहा। उनके मुताबिक, वॉशिंगटन अपनी शर्तों को 15 बिंदुओं की सूची के रूप में पेश कर ईरान पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा हालात एक बड़े वैश्विक टकराव की ओर इशारा करते हैं।

ईरानी मीडिया ने भी चेताया, जो आएगा ताबूत में लौटेगा

ईरान के अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने अमेरिका को साफ चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी सैनिकों ने ईरान की जमीन पर कदम रखा तो ताबूत में वापस लौटेंगे। अखबार ने अपने फ्रंट पेज पर 'Welcome To Hell' (नरक में आपका स्वागत है) जैसी हेडलाइन के साथ यह संदेश दिया।

वायरल वॉर

ज़िंदगी दांव पर, लेकिन पालतू से नहीं टूटा रिश्ता

दक्षिणी लेबनान के टायर शहर में जारी तनाव और इस्राइली निकासी आदेशों के बीच एक शख्स की कहानी वायरल हो रही है। हुसैन ने शहर छोड़ने से इनकार कर दिया और अपने पालतू बंदर के साथ ही रुकने का फैसला किया। उनका कहना है कि वह उनके लिए बच्चे जैसा है, जिसे वह किसी भी हालत में अकेला नहीं छोड़ सकते। हालात बिगड़ने के बावजूद हुसैन कार में रहकर उसका ख्याल रख रहे हैं। यह कहानी जंग के बीच इंसान और जानवर के रिश्ते की मिसाल बनकर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही है।

फेक अलर्ट

अमेरिकी सैनिकों को बंधक बनाने का दावा निकला झूठा

सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में दावा किया जा रहा है कि ईरान ने हालिया 2026 मध्य-पूर्व संघर्ष के दौरान 10 अमेरिकी नौसैनिकों को बंधक बना लिया है। जांच में यह दावा भ्रामक पाया गया। AFP की रिपोर्ट के अनुसार, रिवर्स इमेज सर्च से पुष्टि हुई कि ये तस्वीरें जनवरी 2016 की हैं, जब अमेरिकी नौसेना के जवान गलती से ईरानी जलक्षेत्र में पहुंच गए थे और उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। बाद में ईरान ने उन्हें बिना किसी शत्रुतापूर्ण इरादे के रिहा कर दिया था। 27 मार्च 2026 तक ऐसी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है कि मौजूदा संघर्ष के दौरान अमेरिकी सैनिकों को बंधक बनाया गया हो।

हूती हमले के बाद इस्राइल बोला, हर मोर्चे पर तैयार

■ NBT रिपोर्ट: यमन के हूती विद्रोहियों की एंट्री के बाद इस्राइल ने साफ संकेत दिया है कि वह अब 'मल्टी-फ्रंट वॉर' यानी कई मोर्चों पर एक साथ लड़ाई के लिए तैयार है। इस्राइली सेना के मुताबिक, शनिवार को हूती विद्रोहियों ने दक्षिणी इस्राइल की ओर दो मिसाइलें दागीं, जिनमें एक बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल थी। हालांकि, दोनों मिसाइलों को हवा में ही इंटरसेप्ट कर दिया गया और किसी नुकसान की खबर नहीं है। इस्राइल डिफेंस फोर्स (IDF) के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता नदाव शोशानी ने रविवार को कहा कि इस्राइल पिछले ढाई साल से अलग-अलग मोर्चों से मिल रहे खतरों के बीच लड़ाई की तैयारी करता रहा है। उन्होंने कहा कि हम मल्टी-फ्रंट वॉर के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस्राइल किसी भी नए मोर्चे से आने वाले खतरे का सामना करने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

हूती विद्रोहियों ने इस्राइल पर दो मिसाइलें दागीं

ईरान में एक दिन में 700 हमले, यूनिवर्सिटी पर भी एयरस्ट्राइक

■ NBT रिपोर्ट

अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद ईरान में हालात और गंभीर हो गए हैं। राजधानी तेहरान समेत कई शहरों में रातभर भारी बमबारी की खबरें सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान में गोला-बारूद के भंडारों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जबकि शिराज में भी जोरदार धमाके सुने गए।

हमलों के बीच तेहरान स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर हुए हमले ने हालात को और भड़का दिया है। इसे ईरान की पहली तकनीकी यूनिवर्सिटी माना जाता है। वहीं, एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमलों में ईरान के प्रमुख मिसाइल ठिकानों को नुकसान पहुंचा है, जिससे उसकी सैन्य क्षमताओं पर असर पड़ा है। दूसरी ओर, तेहरान में कतर के एक न्यूज नेटवर्क के दफ्तर को भी हमले में नुकसान पहुंचने की खबर है। इस्राइली सेना ने दावा किया है कि ईरान के सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया जाएगा।

AFP

तेहरान में कतर के एक न्यूज नेटवर्क के दफ्तर पर एयरस्ट्राइक हुई।

'1,551 नागरिकों की मौत हुई'

ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी (HRNA) के मुताबिक, 28 मार्च को ईरान में 701 हमले दर्ज किए गए, जो इस संघर्ष के दौरान एक दिन में सबसे ज्यादा हैं। इनमें से 74% हमले सिर्फ तेहरान में हुए। अब तक इस संघर्ष में 1,551 नागरिकों की मौत हो चुकी है, जिनमें 236 बच्चे शामिल हैं। वहीं, तेहरान में हुए इस्राइली हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

अमेरिकी F-16 लड़ाकू विमान गिराया: ईरान

■ NBT रिपोर्ट

तनाव के बीच ईरान ने भी जवाबी हमले तेज कर दिए हैं। सेंट्रल इस्राइल के तेल अवीव, यरुशलम और अशदोद जैसे शहरों में सायरन बजते ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया। रपटों के अनुसार, सायरन के कुछ ही देर बाद कई जगह धमाकों की आवाजें सुनी गईं, जिससे दहशत फैल गई। हालांकि, फिलहाल किसी बड़े नुकसान या हताहत की पुष्टि नहीं हुई है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी हवाई क्षेत्र में अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमान और एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। वहीं, खाड़ी देशों में भी हमलों का असर देखने को मिला। सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर हुए हमले में बोइंग E-3 सेंट्री विमान के तबाह होने की खबर है, जबकि सऊदी एयर डिफेंस ने 10 ड्रोन मार गिराने का दावा किया है।

तेल अवीव-यरुशलम में कई जगहों पर धमाकों की खबरें

Social Media

सऊदी अरब के एयरबेस पर ईरान के हमले में अमेरिकी विमान तबाह।

कुवैत में सैन्य कैंप पर हमला, 10 घायल

कुवैत में एक सैन्य कैंप पर ईरान की ओर से हमला किया गया है। सेना ने बताया कि हमले में 10 सैन्यकर्मी घायल हो गए। हालांकि, सेना ने सुरक्षा कारणों से हमले के स्थान का खुलासा नहीं किया है। कुवैत सेना के मुताबिक, हमले में कैंप को भी नुकसान पहुंचा है। पिछले 24 घंटों में 14 बैलिस्टिक मिसाइलों और 12 ड्रोन हमलों का सामना किया।

'No Kings' के नारे, ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर लोग

इमिग्रेशन और ईरान नीति पर अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसलों के खिलाफ 80 लाख लोग हुए एकजुट

■ एपी, सेंट पॉल (अमेरिका)

अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के खिलाफ विरोध की आवाज एक बार फिर सड़कों पर गूंज उठी। 'No Kings' आंदोलन के तहत देशभर में लाखों लोग एकजुट हुए, जिन्होंने ट्रंप की नीतियों, खासकर इमिग्रेशन, शासन शैली और ईरान युद्ध को लेकर नाराजगी जताई। 50 राज्यों में हजारों जगहों पर प्रदर्शन हुए। 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। इसका असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिखा। एम्सटर्डम, मैड्रिड और रोम जैसे यूरोपीय शहरों में भी हजारों लोगों ने प्रदर्शन किए। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप की लोकप्रियता 40% से नीचे चली गई है।

एम्सटर्डम, रोम जैसे यूरोपीय शहरों में भी दिखा असर

AP

आयोजकों के अनुसार, अमेरिका में 3300 से ज्यादा जगहों पर प्रदर्शन हुए।

■ 'No Kings' प्रोटेस्ट क्या है?

'No Kings' एक ग्रासरूट आंदोलन है, जो राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों और उनके शासन के तरीके का विरोध करता है। प्रदर्शनकारी उन्हें 'तानाशाही शैली' का नेता बताते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों पर खतरा मानते हैं।

■ लोगों का विरोध कितना बड़ा था?

आयोजकों के अनुसार, 3,300 से ज्यादा जगहों पर प्रदर्शन हुए। 80 लाख लोग इसमें शामिल हुए। हालांकि प्रशासन ने आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है। यह पिछले एक साल में तीसरा बड़ा विरोध प्रदर्शन है।

■ लोग किन मुद्दों पर नाराज हैं?

मुख्य नाराजगी ट्रंप की कड़ी इमिग्रेशन नीतियों, कार्यकारी आदेशों के जरिए फैसले लेने की शैली और ईरान के साथ बढ़ते युद्ध को लेकर है। कई लोगों का मानना है कि इससे देश का लोकतांत्रिक ढांचा कमजोर हो रहा है।

■ किन शहरों में सबसे ज्यादा असर दिखा?

न्यू यॉर्क सिटी, वॉशिंगटन, मिनियापोलिस जैसे बड़े शहरों में भारी भीड़ देखने को मिली। यहां हजारों लोगों ने रैलियां और मार्च निकाले।

स्कूल पर हमले के लिए US ज़िम्मेदार: ईरान

ईरान ने अफसरों की तस्वीर जारी की। कहा, इन्होंने आदेश दिया था।

■ NBT रिपोर्ट: ईरान ने रविवार को मिनाब में एक स्कूल पर हुए मिसाइल हमले को लेकर अमेरिकी नौसेना के दो अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने कहा कि यूएसएस स्प्रूअंस के कमांडर लेफ्ट आर. टेट और एग्जिक्यूटिव ऑफिसर जेफ्री ई. यॉर्क इस हमले के लिए जिम्मेदार हैं। एक्स पर किए गए पोस्ट में कहा गया कि इन अफसरों ने तीन बार टॉमहॉक मिसाइल दागने का आदेश दिया, जिसमें 168 बच्चों की मौत हुई थी।

फटाफट खबरें

'सांप्रदायिकता से समझौता नहीं करेंगे'

■ भाषा, मलप्पुरम: मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सीपीआई(एम) और एसडीपीआई के बीच किसी तरह के समझौते के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी वोट के लिए कभी सांप्रदायिकता से समझौता नहीं करेगी। विजयन ने कहा कि विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को गुमराह कर रहा है। वाम दलों का रुख हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ रहा है।

ड्यूटी में लापरवाही, 3 जवान निलंबित

■ आईएएनएस, कोलकाता: पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में सीआरपीएफ के तीन जवानों को निलंबित कर दिया। मामला बीरभूम जिले का है, जहां गश्त के दौरान जवान टीएमसी के स्थानीय दफ्तर में चले गए और वहां कार्यकर्ताओं के साथ कैरम खेलते रहे। एक घंटे तक ड्यूटी पर नहीं रहे। चुनाव आयोग ने इसे गंभीर लापरवाही।

गुजरात में दलितों पर अत्याचार बढ़े : राहुल

■ भाषा, नई दिल्ली: कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में गुजरात में दलितों और आदिवासियों के खिलाफ नफरत, भेदभाव और अत्याचार का माहौल लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने 2016 के ऊना कांड के पीड़ितों के साथ एकजुटता जताते हुए कहा कि करीब 10 साल बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला है। यह केवल कुछ घटनाएं नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता है, जहां कमजोरों की आवाज दबाई जा रही है। हालात पहले से ज्यादा गंभीर हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को बेरहमी से पीटा गया।

LDF-UDF दोनों भ्रष्ट, केरल से बदलाव का संदेश : मोदी

■ पीटीआई, पलक्कड़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केरल में चुनावी रैली के दौरान वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (LDF) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (UDF) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दशकों से ये दोनों गठबंधन मिलकर राज्य को लूटते रहे हैं और राजनीतिक अवसरवादिता में लगे रहे हैं।

मोदी ने कहा, कांग्रेस और वाम दल एक-दूसरे पर झूठे आरोप लगाकर जनता को गुमराह करते हैं, लेकिन असल में दोनों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि केरल अब बदलाव का संदेश दे रहा है और बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के प्रति लोगों का समर्थन बढ़ रहा है।

पारंपरिक वेश में दिखे पीएम: मोदी पलक्कड़ में पारंपरिक मुंडु पहनकर जनसभा में पहुंचे। उन्होंने कहा कि केरल में नई ऊर्जा और बदलाव की लहर महसूस हो रही है। इस बदलाव का श्रेय उन्होंने जनता और बीजेपी कार्यकर्ताओं को दिया।

कांग्रेस, वाम दल एक-दूसरे पर झूठे आरोप लगा गुमराह करते हैं। दोनों से सावधान रहने की जरूरत।- पीएम मोदी

पश्चिम एशिया युद्ध पर सतर्क

मोदी ने कहा, पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क है। वहां काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और भारत लगातार संबंधित देशों के संपर्क में है। दूतावास 24 घंटे लोगों की मदद कर रहे हैं। कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह इस संवेदनशील मुद्दे पर गैर-जिम्मेदाराना बयान देकर राजनीतिक फायदा उठाना चाहती है।

एम्पलीफायर से धुआं, अफरातफरी मची

मोदी ने त्रिशूर में भी रोड शो भी किया, जहां बड़ी संख्या में लोग उन्हें देखने पहुंचे। इस दौरान लोग घंटों पहले से सड़कों पर खड़े रहे। वहीं पलक्कड़ रैली से पहले एक एम्पलीफायर से धुआं निकलने से कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। पुलिस और तकनीकी टीम ने तुरंत स्थिति संभाल ली।

केरल की विरासत और संतों को नमन

मोदी ने पलक्कड़ की सांस्कृतिक पहचान की सराहना की। कहा कि यहां की परंपराएं इसे खास बनाती हैं। मोदी ने श्री नारायण गुरु, चट्टम्पी स्वामीकल, मन्नथु पद्मनाभन, महात्मा अय्यंकाली और संत कुरियाकोस एलियास चावरा को श्रद्धांजलि दी।

महिलाओं को कैश, 25 लाख का बीमा...असम कांग्रेस की पांच गारंटी

■ पीटीआई, नाओबोइचा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की 'पांच गारंटी' का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी सत्ता में आई तो महिलाओं, आदिवासियों और गरीब वर्गों के लिए कई बड़े कदम उठाए जाएंगे।

खरगे ने कहा, कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को हर महीने नकद सहायता दी जाएगी और कारोबार शुरू करने या बढ़ाने के लिए 50,000 रुपये की अतिरिक्त मदद भी मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि हर परिवार को 25 लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा 10 लाख आदिवासी लोगों को स्थायी भूमि पट्टे देने और वरिष्ठ नागरिकों को 1,250 रुपये मासिक पेंशन देने का वादा किया गया है। खरगे ने यह भी कहा कि गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में 100 दिनों के भीतर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार बढ़ा है और लोगों को बांटने की राजनीति की जा रही है। कांग्रेस की गारंटी आम लोगों के जीवन में बदलाव लाएगी।

असम के नाओबोइचा में जनसभा के दौरान खरगे को सम्मानित किया गया।

ये गारंटियां

- महिला उद्यमियों को ₹50,000 की अतिरिक्त मदद
- हर परिवार को ₹25 लाख का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा
- ₹10 लाख आदिवासियों को स्थायी भूमि पट्टे
- वरिष्ठ नागरिकों को ₹1,250 मासिक पेंशन
- जुबीन गर्ग मामले में 100 दिन में न्याय

बीजेपी लगाएगी जीत की हैट्रिक : नितिन नवीन

भाषा, तिनसुकिया: बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने दावा किया कि पार्टी असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में बीजेपी फिर सत्ता में आएगी। 2016 के बाद से असम में विकास की नई शुरुआत हुई है और राज्य अब अवसरों का केंद्र बन गया है। उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने और विकास की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

नितिन नवीन

हर अवैध प्रवासी को वापस भेजेंगे : शाह

असम में रैली, राहुल गांधी पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप

असम के ढेकियाजुली में रविवार को कार्यक्रम में हिस्सा लेते अमित शाह।

■ भाषा, ढेकियाजुली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि असम में घुसपैठ रोकना काफी नहीं है, बल्कि हर अवैध प्रवासी को उसके देश वापस भेजना जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में घुसपैठ पर काफी हद तक रोक लगाई है।

शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई से भी इस मुद्दे पर रुख स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में देश की सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लिया, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया गया है। शाह ने लोगों से भाजपा को वोट देकर हिमंत विस्व शर्मा को फिर सीएम बनाने की अपील की, ताकि असम को घुसपैठिया मुक्त बनाया जा सके।

बोले-पिछले 10 वर्षों में घुसपैठ पर काफी हद तक रोक

स्टालिन का वादा, किसानों को फ्री बिजली देंगे

■ पीटीआई, चेन्नै

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विधानसभा चुनाव से पहले डीएमके का घोषणापत्र जारी करते हुए कई बड़े वादे किए। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की आय बढ़ाने और कल्याणकारी योजनाओं को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। घोषणापत्र के मुताबिक मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये सालाना की जाएगी। महिलाओं को मिलने वाला मासिक अनुदान बढ़ाकर 2,000 रुपये करने और मुख्यमंत्री नाश्ता योजना को कक्षा 8वीं तक विस्तार देने का वादा किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा अनुदान 1,000 से बढ़ाकर 1,500 रुपये प्रति माह किया जाएगा। किसानों को मुफ्त बिजली योजना के तहत आधुनिक पंपसेट दिए जाएंगे और 5 साल में 10 लाख नए घर बनाए जाएंगे। इसके अलावा 'इल्लाथरसी' कूपन योजना के तहत महिलाओं को घरेलू सामान के लिए 8,000 रुपये का कूपन मिलेगा। धान की खरीद दर 3,500 रुपये प्रति क्विंटल और गन्ने की दर 4,500 रुपये प्रति टन करने की भी घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि द्रविड़ मॉडल के जरिए राज्य विकास के मामले में आगे बढ़ा है और जनता के समर्थन से डीएमके फिर सत्ता में लौटेगी। स्टालिन आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 31 मार्च को तिरुवरूर निर्वाचन क्षेत्र से अपने चुनाव प्रचार के पहले चरण की शुरुआत करेंगे।

चेन्नै में डीएमके का घोषणापत्र जारी करते सीएम एमके स्टालिन।

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
आईसीएआई भवन, इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली–110002

निविदा आमंत्रण सूचना

आईसीएआई फोरेंसिक लैबों के लिए हार्डवेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर की आपूर्ति, स्थापना, विन्यास और कमीशनिंग के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) पायलट फेज के अंतर्गत उपरोक्त परियोजना के लिए योग्य, अनुभवी और प्रतिष्ठित ओईएम/अधिकृत डीलरों/सिस्टम इंटीग्रेटर्स से बिना शर्त सीलबंद निविदाएं (तकनीकी और वित्तीय निविदाएं) आमंत्रित करता है। विस्तृत आरएफपी, पात्रता मानदंड और जमा करने के दिशानिर्देश यहां उपलब्ध हैं: https://www.icai.org/post/icai-eoi-tenders जमा करने की अंतिम तिथि: 13 अप्रैल 2026 सायं 5:00 बजे तक। आईसीएआई बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

सचिव, आईसीएआई

इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड
(गेल (इंडिया) लिमिटेड, बीपीसीएल और एनसीटी दिल्ली सरकार का एक संयुक्त उद्यम)
सीआईएन : एल23201डीएल1998पीएलसी097614

अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल), जो एक प्रमुख शहरी गैस वितरण कंपनी है, अपने औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए आंतरिक पाइपिंग कार्य (आईपीडब्ल्यू) के निष्पादन हेतु ठेकेदारों को सूचीबद्ध करना चाहती है। आईजीएल इच्छुक ठेकेदारों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) - ईओआई संख्या: आईजीएल/प्रोजे/आईपीडब्ल्यू/2025–26/01 आमंत्रित करती है। विस्तृत जानकारी आईजीएल की वेबसाइट www.iglonline.net पर (टैब वेंडर जोन ⇨ अभिरुचि की अभिव्यक्ति ⇨ आईजीएल/प्रोजे/आईपीडब्ल्यू/2025–26/01 के अंतर्गत) उपलब्ध है। इच्छुक ठेकेदार विवरण देख सकते हैं और 28 अप्रैल, 2026 को दोपहर 2 बजे या उससे पहले ईओआई जमा कर सकते हैं।

हर एक काम देश के नाम

बीजेपी आई तो नॉनवेज पर रोक लगा देगी : ममता

■ पीटीआई, पुरुलिया

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी रैली में भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो लोग मछली, मांस और अंडा नहीं खा पाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों की खानपान की आजादी पर रोक लगाना चाहती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें जान से मारने की साजिश रची जा रही है।

ममता ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं की 'लक्ष्मी भंडार' योजना भी बंद कर दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और शांति बनाए रखें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'चार्जशीट' वाले बयान पर पलटवार करते हुए ममता ने कहा कि उन्हें ही अपने पुराने कामों के लिए जवाब देना चाहिए। साथ ही उन्होंने 2021 चुनाव के दौरान लगी अपनी चोट को लेकर की गई टिप्पणियों पर भी नाराजगी जताई।

अमित शाह के 'चार्जशीट' वाले बयान पर पलटवार भी किया

बांकुरा जिले में ममता ने रैली को संबोधित किया।

284 सीटों पर कांग्रेस की सूची जारी

कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 284 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। अधीर रंजन चौधरी बहरामपुर विधानसभा क्षेत्र से और मौसम नूर मालतीपुर से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस राज्य की 294 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है, जिसने एक साथ 284 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने मदन राय को दार्जिलिंग, अब्दुल हन्नान को सुजापुर, सुष्मिता बिस्वास को दम दम, गौतम भट्टाचार्य को डायमंड हार्बर और प्रसेनजित पुइताडी को आसनसोल उत्तर से चुनाव लड़ाने का फैसला किया है।

तमिलनाडु: दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे विजय

■ पीटीआई, चेन्नै: अभिनेता से नेता बने विजय ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी टीवीके के सभी 234 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। उन्होंने ऐलान किया कि वह अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत दो सीटों से करेंगे। विजय चेन्नई की पेरंबूर सीट और तिरुचिरापल्ली (ईस्ट) से चुनाव लड़ेंगे। पेरंबूर को डीएमके का मजबूत गढ़ माना जाता है, ऐसे में यह मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में विजय ने कहा कि यह चुनाव उनकी "पीपुल्स अलायंस टीवीके" और स्टालिन के नेतृत्व वाले गठबंधन के बीच है। उन्होंने अपने उम्मीदवारों को "जनता के रक्षक" बताते हुए समर्थन मांगा। विजय ने युवाओं पर खास फोकस करते हुए कई वादे भी किए।

विजय

पंजाब: 1000 रुपये वाली योजना मंजूर

■ पीटीआई, चंडीगढ़ : पंजाब कैबिनेट ने रविवार को 'मुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजना' को हरी झंडी दे दी है। इस योजना के तहत राज्य की महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। अनुसूचित जाति (SC) से जुड़ी महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग के बाद जारी बयान में बताया गया कि इस योजना से पंजाब की 97 प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं को सीधा फायदा होगा। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी (AAP) ने इसे लेकर वादा किया था। वादे को अगले चुनावों से पहले लागू किया गया है। योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी उम्र 18 साल या उससे ज्यादा है।

भगवंत मान

मोदी ने देशवासियों से कहा-फिटनेस पर ध्यान दें, चीनी और तेल कम करें

■ भाषा, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों से फिटनेस को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि खानपान में छोटे बदलाव बड़े स्वास्थ्य लाभ दे सकते हैं।

मोदी ने लोगों से चीनी का सेवन कम करने और खाना पकाने के तेल में करीब 10 प्रतिशत तक कटौती करने को कहा। उन्होंने बताया कि इससे मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव संभव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अच्छी सेहत के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम जरूरी है। उन्होंने योग और दैनिक शारीरिक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि फिटनेस सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी जरूरी है।

मन की बात में व्यायाम और संतुलित आहार को जरूरी बताया

■ **ज्ञान भारतम सर्वे में भाग लेने की अपील:** देशवासियों से 'ज्ञान भारतम सर्वे' में भाग लेने की अपील की। कहा कि लोग अपने पास मौजूद पांडुलिपियों की जानकारी और फोटो ऐप के जरिए साझा करें।

■ **नगा शिक्षा प्रणाली की सराहना:** मोदी ने नगालैंड की पारंपरिक मोरुंग शिक्षा प्रणाली की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह मॉडल बच्चों को परंपरा के साथ गणित और विज्ञान से जोड़ रहा है।

इंदौर में पीएम के मन की बात कार्यक्रम सुनते बीजेपी के नेता।

■ जल संरक्षण पर जोर

मोदी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में देश में 50 लाख जल संरचनाएं और 70,000 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। उन्होंने लोगों से गर्मियों में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

■ काम की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने कानपुर के अमित सिंह राणा के काम की तारीफ की। अमित पांडुलिपियों के संरक्षण और शोध से जुड़े हैं। उन्होंने देशभर की प्राचीन धरोहर को सुरक्षित रखने की मुहिम शुरू की है।

■ पहल की सराहना की

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के किसानों की सराहना की। उन्होंने 'आवा पानी झोंकी' मॉडल के जरिए खेतों में जल संरक्षण का अनोखा तरीका अपनाया।

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण
Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA)
भारत सरकार/Government of India
तीसरी मंजिल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली – 110003, फोन: 011-24695044

सार्वजनिक सूचना

नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, नवी मुंबई के लिए प्रथम नियंत्रण अवधि (01.04.2025 – 31.03.2030) हेतु वैमानिक सेवाओं के लिए टैरिफ निर्धारण पर हितधारकों की परामर्श बैठक

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA) ने नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, नवी मुंबई के लिए प्रथम नियंत्रण अवधि (01.04.2025 – 31.03.2030) हेतु वैमानिक सेवाओं के टैरिफ निर्धारण के संबंध में परामर्श पत्र संख्या 06/2025-26 दिनांक 17.03.2026 को जारी किया है (जो एरा की वेबसाइट www.aera.gov.in पर उपलब्ध है)।

एरा (AERA) अधिनियम, 2008 की धारा 13(4) के प्रावधान के अनुसार, परामर्श पत्र में निहित प्राधिकरण के विभिन्न टैरिफ प्रस्तावों को हितधारकों के परामर्श के लिए प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में एक हाइब्रिड मोड (भौतिक/ऑनलाइन) में हितधारकों की परामर्श बैठक 02 अप्रैल, 2026 (गुरुवार) को दोपहर 3:00 बजे निम्नलिखित स्थान पर निर्धारित है:

हितधारक कक्ष, तीसरी मंजिल, उड़ान भवन,
सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली – 110003

सभी हितधारकों जैसे यात्री/यात्री संघ, आम जनता, हवाई अड्डा संचालक, एयरलाइंस, उद्योग संघ/निकाय, कार्गो के लिए स्वतंत्र सेवा प्रदाता, ग्राउंड हैंडलिंग प्रमुख फर्म आदि से अनुरोध है कि वे उक्त बैठक में शामिल हों और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टैरिफ प्रस्ताव पर उपर्युक्त परामर्श पत्र पर अपने बहुमूल्य सुझाव/टिप्पणियाँ/विचार प्रस्तुत करें।

व्यक्तिगत रूप से शामिल होने वाले प्रतिभागी 01 अप्रैल, 2026 तक AERA को ईमेल द्वारा अपना नाम, ईमेल पता, मोबाइल नंबर और वाहन नंबर (director-ps@aera.gov.in और rajan.gupta1@aera.gov.in पर) भेजकर अपनी पुष्टि कर सकते हैं। हितधारकों की बैठक से पहले ऑनलाइन लिंक AERA की वेबसाइट (https://aera.gov.in) पर "समाचार और घोषणाएँ" टैब के तहत साझा किया जाएगा।

हस्ता./-
सचिव, एरा (AERA)

CBC 03112/12/0028/2526

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, अलीगढ़ वृत्त, लो०नि०वि०, अलीगढ़

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (प्रेस विज्ञप्ति)

पत्रांक- 1786/कैटिशर (निर्माणकार्य)-अधी0/2025-26 | दिनांक - 19.03.2026

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अलीगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., अलीगढ़, द्वारा निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु सुसंगत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मदवार दरों के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा विशिष्टिका के कण्डिका 6 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	निर्माण की अनुमानित लागत	5 वर्ष के अनुरक्षण की अनुमानित लागत (लाख रु. में)	कुल अनुमानित लागत (लाख रु. में)	धरोहर धनराशि (लाख रु.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता के कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदारों की श्रेणी/अनिवार्य पंजीकरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
स्वीकृति की प्रत्याशा में												
1	कासगंज	जनपद कासगंज में स्वतन्त्र विद्युत मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के मोहनपुर से विद्युत तक भाग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य	1130.00	28.25	1158.25	23.17	2000 + 300 + 414 Rs. 2714.00	12 माह	अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., कासगंज	अधीक्षण अभियन्ता, अलीगढ़ वृत्त, लो.नि.वि. अलीगढ़	मुख्य अभियन्ता, अलीगढ़ क्षेत्र, लो.नि.वि., अलीगढ़	श्रेणी ए

2. कार्य पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है एवं बिड अपलोड करने की तिथि से 120 दिन तक बिड स्वीकृति हेतु वैध रहेगी।
3. अनुबन्ध गठन के समय प्रथम न्यूनतम निविदादाता को जमानत धनराशि एवं अतिरिक्त जमानत धनराशि शासनादेश सं0-692/23-7-2024 लो0नि0वि0, अनुभाग-7, लखनऊ दिनांक 09.08.2024 के अनुसार जमा करानी होगी तथा यदि भविष्य में उच्च स्तर से कोई भी आदेश/निर्देश प्राप्त होते हैं तो तद्नुसार मान्य होगी।
4. वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स ऑन लाइन देखे जा सकते हैं तथा दिनांक 07.04.2026 से 16.04.2026 तक देखे जा सकेंगे। ऑनलाइन बिड दिनांक 16.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई-निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये। ऑनलाइन प्राप्त समस्त निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 16.04.2026 को अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेगी।
5. शासनादेश संख्या- 17/2024/980-113/23-1-2024-23-1099/113/2023 दिनांक 16.01.2024 एवं प्रमुख अभियन्ता 3090 लो0नि0वि0 लखनऊ का पत्रांक-3648ओसी/आर0एम0सी0/मुख्य-23-24 दि0 17.02.2024 के क्रम में अनुबन्ध में 05 वर्षीय अनुरक्षण का प्राविधान होगा।

(नन्द किशोर)
अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0, लो.नि.वि., कासगंज

UPID 249032
dt 27.03.2026,
www.upgov.nic.in

(प्रभात कुमार चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
अलीगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., अलीगढ़

नेवल शिप रिपेयर यार्ड (Koc) और नेवल एयरक्राफ्ट यार्ड (Koc) में नामित ट्रेडों में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए नामांकन

1. कोपा, इलेक्ट्रीशियन, ई-मैक, फिटर, एमएमटीएम, एमएमवी, एमआरएसी, टर्नर, वेल्डर, आई-मैक, फाउंड्रीमैन, एसएमडब्ल्यू, एसडब्ल्यूडब्ल्यू, ड्राफ्ट्समैन (सिविल एंड मैक), एसए, ई-प्लेटर, प्लंबर, डीजल-मैक, टेलर और पेंटर ट्रेडों में एक वर्ष की अवधि के लिए अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु कुल 240 रिक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
2. **आरक्षण** : नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए 3%।
3. **पात्रता** : मैट्रिक / दसवीं कक्षा में न्यूनतम 50% अंक और संबंधित ट्रेड में कुल 65% अंकों के साथ आईटीआई परीक्षा (अनंतिम राष्ट्रीय ट्रेड सर्टिफिकेट स्वीकार्य)। आयु 01 जून 26 को 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन** : आवेदन नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार, केवल इंडिया पोस्ट द्वारा 'द एडमिरल सुपरिंटेंडेंट (अधिकारी-प्रभारी एटीएस), अप्रेंटिस ट्रेनिंग स्कूल, नेवल शिप रिपेयर यार्ड, नेवल बेस, कोच्चि-682004' को संबोधित करते हुए भेजा जाना है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 26 है।
5. **साक्षात्कार / चिकित्सा परीक्षण का कार्यक्रम**: उम्मीदवारों का शॉर्टलिस्टिंग मैट्रिक / दसवीं कक्षा और आईटीआई के कुल प्रतिशत के आधार पर किया जाएगा। साक्षात्कार और चिकित्सा परीक्षण की निश्चित तिथि कॉल-अप लेटर में इंगित की जाएगी।
6. **रोजगार** : प्रशिक्षण पूरा होने पर नेवल शिप रिपेयर यार्ड, कोच्चि के लिए अप्रेंटिस को रोजगार देना अनिवार्य नहीं है।

इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत जानकारी के लिए आरडीएसडी एंड ई वेबसाइट और रोजगार समाचार देख सकते हैं। संपर्क नंबर: 0484-2874356।

CBC 10702/11/0087/2526

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 30-03-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP7 User: cci Time: 03-29-2026 22:10 Color:

फ्री सुविधाओं से बढ़ा सब्सिडी का खर्च

दिल्ली सरकार ने आईटी प्रोजेक्ट्स के बजट में की भारी कटौती

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का बिजली सब्सिडी और महिलाओं की फ्री बस यात्रा योजना पर खर्च 2025-26 में काफी बढ़ गया है। वहीं, महत्वाकांक्षी आईटी प्रोजेक्ट्स के बजट में भारी कटौती की गई है। यह खुलासा वित्त विभाग की ओर से जारी संशोधित अनुमान (RE) में हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, बिजली सब्सिडी का बजट बढ़ाकर करीब 4,200 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पहले बजट अनुमान (BE) में 3,849 करोड़ रुपये था। यह बढ़ोतरी बकाया भुगतान निपटाने और बढ़ते उपभोक्ताओं के कारण बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए की गई है।

दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाती है, जबकि 201 से 400 यूनिट तक इस्तेमाल करने वालों को 50 फीसदी सब्सिडी मिलती है। वहीं, परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, डीटीसी बसों में महिलाओं के फ्री सफर के लिए सब्सिडी बढ़ाकर 328 करोड़ रुपये कर दी गई है, जो पहले 240 करोड़ रुपये थी। क्लस्टर बसों में फ्री यात्रा के लिए सब्सिडी 200 करोड़ रुपये से बढ़कर 342 करोड़ रुपये कर दी गई है। इस तरह महिला यात्रियों के लिए कुल सब्सिडी 440 करोड़ रुपये से बढ़कर 670 करोड़ रुपये हो गई है।

दूसरी ओर, आईटी विभाग के बजट में बड़ी कटौती की गई है। 2025-26 के लिए 690.5 करोड़ रुपये का प्रावधान था, लेकिन संशोधित अनुमान में वास्तविक खर्च घटकर सिर्फ 215 करोड़ रुपये रह गया, जो करीब 69 फीसदी की कमी है।

■ 4,200 करोड़ रुपये कर दिया गया है बिजली सब्सिडी का बजट बढ़ाकर, जो पहले बजट अनुमान (BE) में 3,849 करोड़ रुपये था

धीमी पड़ सकती है इन योजनाओं की रफ्तार

अधिकारियों के मुताबिक, कई आईटी प्रोजेक्ट्स जैसे यूनिफाइड डेटा हब प्रोजेक्ट के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसे घटाकर अब सिर्फ 6 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वहीं ई-गवर्नेंस से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स का बजट भी 150 करोड़ रुपये से घटाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे इन योजनाओं की रफ्तार धीमी पड़ने के संकेत मिल रहे हैं।

बच्चे के विडियो पर AAP ने CM पर उठाए सवाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक बच्चे के विडियो को सोशल मीडिया एक्स पर साझा करते हुए दावा किया कि घर टूटने के नोटिस पर इस मासूम बच्चे ने सीएम रेखा गुप्ता से सवाल किया है। पूछा है कि अगर हमारे घर टूट जाएंगे तो क्या आप हमें अपने घर में रखोगी? सौरभ ने कहा कि नई पीढ़ी के जो लोग आ रहे हैं, वे बीजेपी से डरते नहीं हैं। सौरभ ने दावा करते हुए कहा कि यह बच्चा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ही निर्वाचन क्षेत्र का रहने वाला है। एक साल के भीतर ही सीएम रेखा गुप्ता ने यह सम्मान हासिल कर लिया है कि मासूम बच्चे भी उनकी सरकार की पोल खोल रहे हैं। अब छोटे-छोटे बच्चे भी अपने हक के लिए सीएम से सवाल पूछने लगे हैं।

सौरभ भारद्वाज

वहीं, दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने सौरभ भारद्वाज के दावे को खारिज करते हुए इसकी निंदा की है। बीजेपी नेता ने कहा कि सौरभ की मुश्किल यह है कि दस साल की सत्ता में 'आप' विधायकों ने दिल्ली भर में अवैध कब्जे करवाए और आज जब दिल्ली के विकास के लिए अवैध कब्जे हटने का सिलसिला शुरू हुआ है तो इसे जनहित का मामला बनाने का दबाव बना रहे हैं। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा है कि अब शालीमार बाग का यह अतिक्रमण हटाने का मामला न्यायालय के आधीन है।

6573 जगहों पर सुनी 'मन की बात'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 132वें संस्करण का आयोजन रविवार को हुआ। दिल्ली में 6,573 जगहों पर 8,250 बूथ कार्यकर्ताओं ने स्थानीय विधायकों, पार्षदों, प्रदेश, जिला और मंडल कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना। केंद्रीय राज्य मंत्री व पूर्वी दिल्ली से सांसद हर्ष मल्होत्रा ने विश्वास नगर मंडल के बूथ 14 पर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार और बूथ कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' को सुना। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह कार्यक्रम एक अद्वितीय जनसंवाद मंच है, जो विश्व के किसी भी राष्ट्र अध्यक्ष द्वारा संचालित सबसे लंबे समय तक चलने वाले प्रेरणादायी कार्यक्रमों में से एक है।

कनॉट प्लेस पहुंचे LG, लोगों से की बातचीत

उपराज्यपाल टीएस संधू ने आम लोगों के साथ खाना भी खाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू ने लोगों से सीधे जुड़ने की अपनी पहल को जारी रखते हुए रविवार को कनॉट प्लेस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग वर्गों के लोगों, खासकर प्रोफेशनल्स और युवाओं से लंबी बातचीत की। यह दौरा उनकी पिछली यात्राओं की तरह ही बिना किसी पूर्व योजना के अचानक किया गया।

अपने दौरे के दौरान एलजी संधू मशहूर जैन चावल वाले की दुकान पर पहुंचे और लाइन में लगकर कढ़ी-चावल खरीदा। इसके बाद वहीं खड़े होकर आम लोगों के साथ खाना खाया। यहां भी उन्होंने लोगों से उनके मुद्दों, समस्याओं, करियर, रोजगार और आकांक्षाओं पर चर्चा की।

इसके बाद वह एक और स्टोर पर पहुंचे और वहां से मिल्क शेक लिया और लोगों से बातचीत जारी रखी। एलजी ने कनॉट प्लेस में साफ-सफाई और ट्रैफिक की स्थिति का भी जायजा लिया। साथ ही, अलग-अलग इलाकों से आए लोगों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली।

दौरे के दौरान उन्होंने युवाओं से कई मुद्दों पर की चर्चा

उपराज्यपाल ने कहा कि शासन लोगों के केंद्र में होना चाहिए और समस्याओं के समाधान भी लोगों से ही निकलने चाहिए।

उन्होंने दोहराया कि शासन 'टॉप-डाउन' के बजाय 'बॉटम-अप' होना चाहिए। अब तक एलजी मॉडल टाउन, वसंत विहार, चित्तरंजन पार्क और लाल किला जैसे इलाकों में भी इस तरह के संवाद कार्यक्रम कर चुके हैं।

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली/एनसीआर | सोमवार, 30 मार्च 2026

यदि आप स्वयं को जानते है, लेकिन शत्रु को नहीं, तो हर जीत के साथ आपको एक हार भी झेलनी पड़ेगी।
- सन त्ज़ु, चीनी सेनानायक व दार्शनिक

उलझती लड़ाई

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए रविवार को पाकिस्तान में बातचीत शुरू हो गई। सऊदी अरब, तुर्किये और इजिप्ट के विदेश मंत्री भी इस्लामाबाद पहुंचे हैं। एक दिन पहले यानी शनिवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भरोसा जताया था कि युद्ध कुछ हफ्तों में खत्म हो जाएगा। पश्चिम एशिया में बढ़ती अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से जुड़ी चिंताओं को भी उन्होंने यह कहकर खारिज कर दिया कि युद्ध में थल सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी।

बात शुरू, जंग जारी

सीधी बात नहीं । यह पूरा सीन उम्मीदें जगाने वाला भी लगता है, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत से इनकार कर दिया है, यानी अब दोनों के बीच संवाद के लिए कोई तीसरा पक्ष सामने आएगा। अमेरिका ने समझौते के लिए जो शर्तें रखी हैं, ईरान उससे इनकार करता आ रहा है। सऊदी अरब का रुख भी अहम रहेगा, क्योंकि खबरें हैं कि वह ईरान पर अमेरिकी हमले के समर्थन में भी था।

इस्राइल की मुश्किल । फिर शनिवार को ईरान समर्थित हूती विद्रोही भी जंग में शामिल हो गए, जिससे स्थिति और जटिल हो गई। इस्राइल भले ही कह रहा है कि वह कई मोर्चों पर लड़ने के लिए तैयार है, लेकिन हालात पहले से अलग और चुनौतीपूर्ण हैं। लेबनान में हिज्बुल्लाह के साथ टकराव जारी है, जबकि गाजा में भी बड़े पैमाने पर सैन्य संचालन लगे हुए हैं। ऐसे में इस्राइल पर दबाव और बढ़ता दिख रहा है।

अमेरिका में गुस्सा । इस लड़ाई का दुनिया पर बुरा असर पड़ रहा है। यूं तो डॉनल्ड ट्रंप दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि होर्मुज स्टेट बंद होने से अमेरिका पर फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन वहां गैस के दाम 35% तक बढ़ चुके हैं, जबकि यूरोप में 80% तक। यह मामूली बात नहीं कि ट्रंप को सत्ता संभाले सवा साल भी नहीं हुए और उन्हें तीसरी 'नो किंग्स रैली' का सामना करना पड़ा। इस बार ट्रंप विरोधी विरोध-प्रदर्शन पूरे अमेरिका के अलावा यूरोप के कई देशों में भी हुए।

थोपा गया युद्ध । अमेरिका और इस्राइल ने शांति वार्ता पर भरोसा करने के बजाय सब जानते-समझते हुए भी लड़ाई का रास्ता चुना। उनके इस फैसले की कीमत अब दुनिया चुका रही है। तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से गरीब मुल्क सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। फर्टिलाइजर की कमी से वैश्विक खाद्य संकट पैदा होने का डर है। भारत सहित दुनिया के कई देशों में ग्रोथ की रफ्तार धीमी पड़ने का डर है। इसलिए अच्छा यही होगा कि यह युद्ध जल्द रुके और इसका रास्ता बातचीत की टेबल से निकलता है।

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक को हार या जीत के रूप में पेश करना ग़लत

नए क़ानून से सुरक्षा बेहतर होगी

अशोक कुमार

AI Image

भारत आज अंदरूनी और सीमा सुरक्षा की बढ़ती मुश्किलों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में देश ऐसी बहस का जोखिम नहीं उठा सकता, जिसमें नौकरी से जुड़ी छोटी-छोटी समस्याओं को बड़ा अन्याय बताया जाए और सुधार की कोशिशों को संस्था को कमजोर करने के रूप में दिखाया जाए। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक 2026 को लेकर जो चर्चाएं चल रही हैं, उसे कुछ लोग ऐसे पेश कर रहे हैं जैसे देश को CAPF अधिकारियों और IPS नेतृत्व में से किसी एक को चुनना पड़ेगा। असल में ऐसा कोई चुनाव है ही नहीं। यह गलत और खतरनाक सोच है।

एकता के लिए । 34 बरसों के अपने करियर में मैंने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) और सीमा सुरक्षा बल (BSF) में सेवा दी है। इस दौरान मैंने कई नक्सल प्रभावित इलाकों और सीमा पर काम किया। अपने अनुभव से कह सकता हूं कि यह विधेयक अधिकारियों की जायज चिंताओं को हल करता है। यह केवल पदोन्नति का सवाल नहीं, देश की विविधता और केंद्रीय ढांचे में सुरक्षा बरकरार रखने का कदम है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश में केंद्रीय समन्वय और एकता के वास्ते अखिल भारतीय सेवाओं को स्टील फ्रेम माना था। IPS हमेशा केंद्र-राज्य, इंटेलिजेंस-ऑपरेशन और राज्य पुलिस-CAPF के बीच सेतु का काम करता रहा है।

बेहतर तालमेल । इस बहस को कैडर तक सीमित करने वाले लोग एक जरूरी बात भूल जाते हैं कि भारत की आंतरिक सुरक्षा अलग-अलग वर्गों के टुकड़ों से नहीं चल सकती। एक जिले का खतरा पूरे देश को प्रभावित कर सकता है। खुफिया सूचना पर तुरंत कार्रवाई की दरकार होती है। भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका करियर उन्हें राज्य की पुलिस, CAPF, CRPF, BSF, इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) जैसे संगठनों के बीच काम का अनुभव देता है। इससे उन्हें व्यापक परिचालन दृष्टि और बेहतर तालमेल की क्षमता मिलती है, जो देश की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

कानून क्यों जरूरी
- विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय मजबूत होगा
- बेहतर होगा प्रशासन, अफसरों की चिंताओं का हल
- करियर को ध्यान में रखते हुए नए पद बनाए गए हैं

समन्वय से सफलता । CRPF और BSF में काम के दौरान मैंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमाओं की कठिनाइयां देखी हैं। नक्सल-विरोधी और उग्रवाद-विरोधी अभियानों की सफलता बताती है कि सफलता वहीं मिली जहां अधिकारियों ने राज्य की पुलिस, खुफिया एजेंसियों और केंद्रीय बलों में काम किया था। उनका अनुभव उन्हें एक तंत्र की तरह निर्णय लेने और काम करने में सक्षम बनाता है।

खींचतान होगी कम । मेरे ख्याल से न तो सभी IPS अधिकारी हर भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं और न ही सभी CAPF अधिकारी। हर सेवा में सक्षम अधिकारी के साथ कुछ अपवाद भी होते हैं। परिपक्व रास्ता यह है कि दोनों की शक्तियों का उपयोग करने वाली संरचना बनाई जाए ताकि आपसी खींचतान कम हो। CAPF विधेयक की भी यही कोशिश है। यह नियम तय करता है और पदोन्नति में पारदर्शिता लाता है। इसमें काम के समय के साथ और शिकायतों का निपटारा कैसे होगा यह भी तय किया गया है।

चिंता होगी दूर । CAPF में करियर की प्रगति हमेशा चिंता का विषय रही है। इस विधेयक में इसका समाधान है। इसमें DIG, IG और ADG स्तरों पर नए वरिष्ठ पद बनाए गए हैं और ऑर्गनाइज्ड ग्रुप ए सर्विस (OGAS) जैसे सुप्रीम कोर्ट के फैसले भी लागू किए गए हैं। यह CAPF कर्मियों के लिए पारदर्शिता और सुधार सुनिश्चित करने के साथ IPS को आंतरिक सुरक्षा के शीर्ष स्तर पर कायम रखता है। CAPF अलग नहीं चलते, वे राज्य की पुलिस के साथ काम करते हैं। दोनों में अनुभवी अधिकारी इस सेतु को बेहतर बनाए रखने में सक्षम होते हैं।

केंद्रीय समन्वय जरूरी । यह विधेयक IPS नेतृत्व को वरिष्ठ भूमिकाओं में बरकरार रखते हुए CAPF अधिकारियों के पदोन्नति अवसर बढ़ाता है। आज भारत के सामने सीमा सुरक्षा, आतंकवाद, नक्सलवाद, संगठित अपराध और साइबर खतरों जैसी कई चुनौतियां हैं। यह बिल पदोन्नति को आसान और प्रशासन को साफ-सुथरा बनाता है। साथ ही, IPS नेतृत्व बरकरार रखता है, ताकि देश की सुरक्षा और केंद्रीय समन्वय मजबूत रहे।

संतुलित निर्णय । इस बिल में सही संतुलन है। यह बिल CAPF अधिकारियों के लिए न्याय करता है, सरदार पटेल की सोच का सम्मान करता है और देश के हित में है। यह किसी एक सेवा की जीत या हार का सवाल नहीं है।

(लेखक पूर्व IPS अधिकारी हैं)

किसी को न डराना अहिंसा है, किसी से न डरना आत्मज्ञान

निर्मल जैन

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर वर्धमान की 'महावीर' बनने तक की यात्रा केवल उनके व्यक्तिगत मोक्ष की कथा नहीं, बल्कि मानव चेतना के लोकतंत्रीकरण की शुरुआत थी। इसलिए उनका जन्म-कल्याणक किसी जाति, धर्म विशेष का धार्मिक उत्सव न होकर शांति-अहिंसा के मार्ग पर चलकर हृदय में मानवता जगाने वाला एक 'आध्यात्मिक अलार्म' है, आत्म-विजय का महापर्व है। उनके सिद्धांत अस्तित्व के संकट के एकमात्र समाधान के साथ पूरी मानवता के लिए सर्वाइवल गाइड की तरह हैं।

अशांति और युद्ध के ज्वालामुखी के ताप से झुलस रहे विश्व के लिए उनकी अहिंसा का व्यापक अर्थ है - 'किसी को न डराना' अहिंसा है, और 'किसी से न डरना' आत्मज्ञान। जब समाज अभय को धारण कर लेता है, तो आतंक का मनोवैज्ञानिक ढांचा ढह जाता है।

AI Image

'मैं और मेरा' का जहां अंत होता है वहीं से महावीर की अहिंसा प्रारम्भ होती है। जब तक हमारी इच्छाएं अनंत रहेंगी, तब तक हिंसा और तनाव खत्म नहीं हो सकते।

सभी युद्ध अक्सर 'मैं सही हूं और तुम गलत' के अहंकार के परिणाम हैं । महावीर कहते हैं, 'सत्य के कई पहलू हो सकते हैं, दूसरा पक्ष भी आंशिक रूप से सही हो सकता है। हो सकता है, हमारी खिड़की से दिखने वाला आसमान नीला हो और दूसरे की खिड़की से दिखने वाला बादल भरा।' सत्य को स्वयं खोजें।

युद्ध हमें बर्बर आदिम युग में ले जाते हैं और परमाणु युग में तो आवेश की एक गलती पूरी सभ्यता को मिटा सकती है। महावीर के विचार हमें एक सभ्य और सह-अस्तित्व वाले भविष्य की ओर ले जाते हैं। आतंकवाद कहता है 'तुम मरोगे तभी मैं जीवित रहूंगा।' महावीर कहते हैं, 'सब सुरक्षित रहेंगे तभी मैं सुरक्षित रहूंगा।' आज की मिसाइलों और ड्रोन के युग में, महावीर का 'मौन' और 'अहिंसा' सबसे शक्तिशाली जवाब है । महावीर जयंती पर हमें यह समझना होगा कि आतंक का अंत हथियारों से नहीं, बल्कि हृदय परिवर्तन और वैचारिक लचीलेपन से ही संभव है।

मशीनों में जान भरता है डेस्क पर रखा पौधा

50 से ऊपर ही सिस्टम लगे होंगे ऑफिस में एक के बाद एक कतार में। काले रंग के डेस्कटॉप, कीबोर्ड और माउस, काले रंग की कुर्सियां और स्लेटी मैट। कुछ सीट पर सामने पिन से लटके कैलेंडर और शिड्यूल। एक तरफ से नजर फिसलना शुरू होती है, तो एकदम आखिरी कोने पर जाकर ही रुकती है, बशर्ते आप इस तरह से न खड़े हों, जहां बीच में वे कुछ सीटें आती हैं, जहां काले-सफेद, भूरे और स्लेटी रंगों के अलावा भी एक और रंग मौजूद है - हरा। काम खत्म होने के बाद भी इन सीटों पर कुछ साथी हमेशा मौजूद रहते हैं - मनी प्लांट, स्पाइडर प्लांट, जेड प्लांट।

काम करने की डेस्क पर एक छोटा-सा पौधा सजावट से बढ़कर है। स्क्रीन, डॉक्युमेंट्स और डेडलाइन के बीच इसका हरा रंग है राहत भरा। काम के बीच जब नजर इस पर जाती है, तो मन शांत हो जाता है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि पौधा कितना छोटा है, उसमें हिम्मत होती है बदलाव के लिए प्रयास करने की। वह कोशिश करता है हवा बदलने की, ताजगी लाने की। कई बार ऐसा होता है कि काम से जब दिमाग थक जाता है, तो बस कुछ सेकंड उस पौधे को देख लेना ही काफी होता है खुद को रीसेट करने के लिए।

मशीनों और कागजों के माहौल में जीवंतता ले आता है एक पौधा। आप उसे निर्जीव चीजों के बीच सांस लेता महसूस कर सकते हैं। डेस्क पर रखा पौधा अहसास दिलाता है कि आप अकेले नहीं। मनी प्लांट की बेल बढ़कर सिस्टम के इर्द-गिर्द फैल जाती है, मानो थोड़ा काम बांटने आई हो। लकी बैम्बू जितनी खामोशी से बढ़ते हैं, बताते हैं कि धैर्य रखिए, कुछ अच्छा ही होगा। स्नेक प्लांट बस देखने में ही टेढ़ा है, वह उस सहयोगी की तरह है जो मदद कर देता है और क्रेडिट भी नहीं लेता।

AI Image

जीवन आनंद
शैलेंद्र पांडेय

पौधे सिखाते हैं केयर करना। समय-समय पर पानी देना, धूप दिखाना, पीली पड़ चुकी पत्तियों को हटाना और उनको बढ़ता महसूस करना - बातें बहुत छोटी हैं, पर इतनी काफी कि जिम्मेदारी का अहसास कराएं। और यह जिम्मेदारी काम की जिम्मेदारी से अलग है। यह साबित करती है कि हम मशीनों के साथ काम कर रहे हैं, पर खुद मशीन नहीं हैं। मशीनें जीवन सरल बनाती हैं, पर खुशी तो जीवन देता है। डेस्क पर रखा पौधा जोड़ता है प्रकृति से। जैसे फाल्स सीलिंग के पीछे दौड़ते तारों और पाइप वाली बिल्कुल अलग छत है, वैसे ही शीशे-सी चमचमाती इमारतों के बाहर एक अलग दुनिया। अपने साथ उसी दुनिया को भीतर ले आते हैं पौधे।

अगर आपकी डेस्क अभी तक सूनी है, तो उस पर किसी हरे-भरे साथी को जगह देकर देखिए - दुनिया से टूटा कनेक्शन फिर जुड़ने लगेगा।

नश्तर

लाइनजीवी हैं हम

सौरभ श्रीवास्तव

मोहल्ले में यह बात फैली हुई है कि फलां साहब का कुत्ता बात कर सकता है। पड़ोसी ने मुझे बताया तो मैंने पूछा, 'और क्या-क्या कर सकता है?' पड़ोसी बोले, 'तुम हर बात को हंसी में उड़ा देते हो, लेकिन इस बार मामला गंभीर है।' मामला गंभीर था तो हमने भी गंभीर ही लिया।

मैंने गौर किया कि फलां साहब का कुत्ता रोज सुबह आठ बजे घर से निकलता है और दो घंटे बाद लौट आता है। एक रोज मैं भी उसके पीछे हो लिया। थोड़ी दूर जाने पर कुत्तों की एक लंबी लाइन दिखी। फलां साहब का कुत्ता भी लाइन में खड़ा हो गया। दो घंटे बाद कुत्ते जब अपने घरों की ओर लौटने लगे, तो मैंने फलां साहब के कुत्ते से पूछा, 'तुम लोग क्या कर रहे थे?'

'लाइन लगाने की प्रैक्टिस। आने वाले समय में हमें भी लाइन लगानी पड़ेगी, हमारे मालिक भी तो यही करते हैं। थोड़े-थोड़े दिन बाद लाइन लगा कर खड़े हो जाते हैं। कभी वैक्सीन के लिए, कभी SIR के लिए, कभी सिलिंडर के लिए, कभी पेट्रोल के लिए। एक रोज तो मालिक के साथ मैं कार से कहीं जा रहा था, देखा लोग नदी के पुल पर खड़े हैं। मालिक ने भी कार किनारे लगाई और खड़े हो गए। सब नदी की ओर झांक रहे थे, मालिक भी झांकने लगे। मैंने मालिक से पूछा तो बोले, सब झांक रहे हैं...कोई तो बात होगी। इतने में झांकने वालों की लाइन लग गई। किसी को नहीं पता था कि वह क्यों झांक रहा है ... शायद कोई कूद गया है। एक शायद पर इतने लोग झांकने लगे कि ट्रैफिक रुक गया। असल में तुम मनुष्य लाइनजीवी हो। कई दिनों तक लाइन नहीं लगती तो बेचैनी होने लगती है कि कुछ हो नहीं रहा देश में। अब हम ठहरे मालिक भक्त। मालिक ने जिस दिन कह दिया लाइन लगानी है, लगा लेंगे। बस उसी की तैयारी कर रहे हैं।' कुत्ते के कठोर वचन सुनकर मैं घर की ओर लौटने लगा। रास्ते में फलां साहब दिखे, पेट्रोल के लिए लाइन में खड़े थे।

कांटे की बात

करीब सात दशकों के लंबे इंतजार के बाद जम्मू-कश्मीर की टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। देश में कश्मीर के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है, जिन्होंने रणजी सीजन में 60 विकेट लिए थे।

नरेंद्र मोदी, *मन की बात में*

2 अप्रैल को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे है। WHO के अनुसार, दुनिया में हर 100 में से 1 बच्चा, जबकि भारत में लगभग 1.8 करोड़ लोग ऑटिज्म से प्रभावित हैं। 2021 के एक अनुमान के अनुसार, वैश्विक स्तर पर करीब 6.18 करोड़ लोग ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर थे।

Autism पीड़ितों को रोज़गार में मुश्किल

प्रस्तुति : अभिषेक मिश्र

जनता जंक्शन — इरफान

कैसा होने जा रहा है स्पेस रेस का भविष्य

मृत्युंजय राय

'Open Space: From Earth to Eternity- the Global Race to Explore and Conquer the Cosmos' नाम की किताब में इसके लेखक डेविड अरिओस्तो (David Ariosto) ने कंपनियों और राष्ट्रों के बीच चल रही स्पेस रेस के बारे में बताया है। डेविड जर्नलिस्ट रहे हैं। इसलिए चीन के स्पेस प्रोग्राम और Intuitive Machines जैसी स्पेस एक्सप्लोरेशन में शामिल कंपनियों तक उनकी पहुंच रही है। इस किताब में उन्होंने ऐसे अनुभवों और जानकारियों का इस्तेमाल किया है।

उन्होंने किताब में लिखा है कि Intuitive Machines के इंजीनियरों को चांद पर अंतरिक्ष यान की लैंडिंग की कोशिशों को लेकर किस तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने चांद की रेस में शामिल कई स्टार्टअप्स के अधिकारियों के जो इंटरव्यू किए, उससे मिली कई दिलचस्प जानकारियां उन्होंने रीडर्स के सामने रखी हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि स्पेस रेस में चीन किस तरह से अमेरिका को पीछे छोड़ने की कोशिश कर रहा है। इससे रीडर्स को यह समझने में सहूलियत होती है कि यह इंडस्ट्री किस तरह से लगातार बड़ी हो रही है और भविष्य में इसका स्वरूप कैसा रहने वाला है। डेविड यह भी लिखते हैं कि इस क्षेत्र में कई ऐसी कंपनियां हैं, जिन्हें अरबपतियों से जबरदस्त पैसा मिल रहा है और किस तरह से इनमें से कई कंपनियां सरकारी फर्मों को चुनौती देती दिख रही हैं। हालांकि, वह यह भी मानते हैं कि इस क्षेत्र में सरकार का समर्थन कितना जरूरी है।

किताब को 47 छोटे-छोटे चैप्टरों में बांटा गया है। इनमें अलग-अलग चैप्टरों में डेविड ने चांद पर जाने वाले अभियानों, साइबर सिक्योरिटी, माइक्रोग्रैविटी दवाओं, अंतरिक्ष में डेटा सेंटर जैसी विषयों की चर्चा की है। किताब का पहला हिस्सा बहुत रोचक है, जो रीडर्स को बांधे रखता है। मगर दूसरे हिस्से में लेखक कहीं बहुत आशावादी तो कहीं बहुत निराशा से जकड़े हुए दिखते हैं। दूसरे हिस्से में डेविड ने अंतरिक्ष के मलबों से बढ़ रहे जोखिम से लेकर मंगल ग्रह पर इंसानी बस्तियां बनाने के प्रॉजेक्ट तक का जिक्र किया है।

विचार विंडो

AI Image

स्पेसएक्स के संस्थापक इलॉन मस्क और ब्लू ओरिजिन-एमेजॉन के संस्थापक जेफ बेजोस जैसे लोगों ने अंतरिक्ष को लेकर दुनिया को जो सपने दिखाए हैं, इस किताब में उन्हें पूरा होते हुए माना गया है। हालांकि, सच्चाई यह है कि इन अभियानों को लेकर बहुत ज्यादा संशय बने हुए हैं और उनके भविष्य के बारे में पक्के तौर पर कुछ भी कहना संभव नहीं है। डेविड जहां चांद को लेकर निजी क्षेत्र के अभियानों को बहुत तवज्जो नहीं देते, वहीं रोशनी से तेज गति से ट्रैवल और अंतरिक्ष में इंसानी बस्तियों जैसे विवादित आइडिया को मंच देते हुए नजर आते हैं।

वह लिखते हैं कि मस्क के रीयूजेबल रॉकेट स्पेस रेस के लिहाज से बहुत बड़ी क्रांति हैं और अभी दुनिया इसके असर को पूरी तरह समझ नहीं पाई है। डेविड यह भी बताते हैं कि इस कामयाबी से अंतरिक्ष अभियानों में जो आगे की राह खुलने वाली है, हम अभी उसके शुरुआती दौर में हैं। वह यह भी बताते हैं कि इस रेस पर वैश्विक शक्ति संतुलन टिका हुआ है।

डेविड ने इस किताब में स्पेस पॉलिसी, टेक्नॉलजी और होड़ की जो बात की है, वह इस विषय में दिलचस्पी रखने वालों को प्रभावित करेगी। किताब उन लोगों के लिए भी अच्छी है, जो इस विषय से नावाकिफ हैं और इसके बारे में जानकारी हासिल करना चाहते हैं। हालांकि, गंभीर रीडर्स को किताब से निराशा भी हो सकती है। कुल मिलाकर, 'Open Space' स्पेस रेस के रोमांच को रीडर्स के सामने लाने में तो कामयाब रही है, लेकिन इसमें गहराई की कमी है।

एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

ख़ुद पर भरोसा

विन्सेंट वैन गॉग एक डच चित्रकार थे। उन्होंने कलाकृतियों का ऐसा संग्रह तैयार किया, जो अपने जीवंत रंगों और सहज अभिव्यक्ति से दर्शकों को प्रेरित करता है। उनका जन्म 30 मार्च 1853 को हुआ था। बचपन से ही वैन गॉग को आलोचना और अपमान का सामना करना पड़ा। यहां तक कि उनके अपने परिवार ने भी उनकी कला को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने जीवन में कई रास्ते अपनाए- कभी आर्ट डीलर बने, कभी पादरी बनने की कोशिश की, लेकिन हर जगह असफल रहे। लगातार असफलताओं ने उन्हें निराश किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आखिरकार 27 वर्ष की उम्र में उन्होंने चित्रकला को अपनाया। उस समय लोग उनकी पेंटिंग्स को अजीब और बेकार समझते थे। वह गरीबी, अकेलेपन और मानसिक संघर्षों से जूझते रहे, लेकिन अपनी आवाज पर हमेशा भरोसा किया। वैन गॉग ने अपने जीवन में केवल एक पेंटिंग बेची, लेकिन उन्होंने मेहनत और जुनून से Starry Night और Sunflowers जैसी अमर कृतियां रच दीं। उनकी मौत के बाद ही दुनिया ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और आज वह महान कलाकारों में गिने जाते हैं। वह कहते थे, 'हर बंद दरवाजा एक नया रास्ता दिखाता है, बस खुद पर विश्वास बनाए रखें।'

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

समाधान पर हो ध्यान

28 मार्च का संपादकीय 'नई मोहलत' पढ़ा। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव, खासकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर, वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का 6 अप्रैल तक मोहलत देने का फैसला राहत भरा हो सकता है, लेकिन ईरान पर लगातार हमले और अनिश्चित बयानों से वार्ता पर शक बरकरार है। अमेरिकी 15 सूत्रीय प्रस्ताव शांति का इरादा दिखाता है, पर उसकी सचाई पर सवाल है। तेल की कीमतें बढ़ रही हैं और वैश्विक बाजार नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जरूरी है कि दोनों पक्ष गंभीर वार्ता करें और तनाव बढ़ाने के बजाय सार्थक समाधान पर ध्यान दें।

रणविजय कुमार, नोएडा

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

देश के नक्सल फ्री होने के टारगेट में सिर्फ दो दिन बचे

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के देश को 31 मार्च तक नक्सल फ्री करने के टारगेट में अब दो दिन बचे हैं। इन 48 घंटों में सरकार देश को नक्सल फ्री होने की घोषणा कर सकती है। लेकिन, इससे पहले देशभर में नक्सलियों के टॉप कैडर में बचे गणपति उर्फ मुपल्ला लक्ष्मण राव और मिशिर बेसरा का कोई हल निकालना होगा।

File Photo

इनमें गणपति से अब कोई खतरा नहीं है। 80 साल का गणपति बूढ़ा हो गया है। बाकी बचा, मिशिर बेसरा। इसके बारे में इनपुट है कि वह अपने 50 से अधिक साथियों के साथ झारखंड में दुर्गम सारंडा जंगलों में छिपा हुआ है। झारखंड पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सारंडा जंगलों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि एक करोड़ रुपए से अधिक का इनामी मिशिर 31 मार्च तक ही आत्मसमर्पण कर दे, नहीं तो वह मुठभेड़ में भी मारा जा सकता है।

छत्तीसगढ़ भी एक तरह से नक्सल फ्री होने की कगार पर है। रविवार को सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना इलाके की पहाड़ी पर मूचाकी कैलाश नाम का एक नक्सली मारा गया।

चुनावी ड्यूटी के लिए BSF में असिस्टेंट कमांडेंट की 'कमी'

File Photo

ड्यूटी पर सीनियर अफसर यानी डिप्टी कमांडेंट को लगाने के आदेश

■ **मनीष अग्रवाल, नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए पैरामिलिट्री (CAPF) के जवानों को तैनात करने के बीच एक समस्या सामने आती दिख रही है। बीएसएफ के कई असिस्टेंट कमांडेंट खासतौर से पश्चिम बंगाल में चुनावी ड्यूटी के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इनकी जगह अब इनके सीनियर डिप्टी कमांडेंट को लगाने के आदेश दिए गए हैं। इस वजह से जो डीसी छुट्टी पर गए थे, उनकी छुट्टियां रद्द की जा रही हैं।

समय से प्रमोशन न मिलना वजह? सूत्रों का कहना है, इसके पीछे वजह पैरामिलिट्री यानी CRPF, BSF, CISF, ITBP और SSB में काडर अधिकारियों को समय से प्रमोशन ना मिलने और 'ऑर्गनाइज्ड ग्रुप-ए सर्विस' के इन अधिकारियों के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू ना करने से उपजी असंतुष्टि को भी माना जा रहा है।

SSB में भी आ रही ऐसी ही समस्या

एसएसबी की तरफ से मैसेज में चुनावी ड्यूटी के लिए असिस्टेंट कमांडेंट की जगह इंस्पेक्टरों को कंपनी कमांडर बनाने के लिए कहा गया था। इसके बाद अब बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट की जगह डिप्टी कमांडेंट को लगाने की बात कही गई है। सूत्रों का कहना है कि इससे साफ जाहिर है कि सीएपीएफ के काडर-ए अधिकारियों में समय से प्रमोशन ना मिलने और अन्य मांग पूरी ना होने से कई अधिकारी चुनावी ड्यूटी से बचना चाह रहे हैं।

गर्मी के दिन!
अब घर में चाहिए
कैलास जीवन
मल्टिपर्पज् आयुर्वेदिक क्रीम

आँखों की जलन
गुनगुने पानीसे चेहरा और आँखें साफ कीजिए. रात को सोते समय कैलास जीवन आँखों की पलकों पर हलकासा लेप लगाकर रूई की पट्टी रखिए. आँखों की जलन से आराम पाइए और शान्त एवम् गहरी निद्रा का अनुभव लिजिए.

कील-मुहाँसे
चेहरा गुनगुने पानीसे सेकने के बाद धोकर नरम मुलायम सूती कपड़ेसे सुखाकर कैलास जीवन हल्के हाथोंसे चेहरेपर लगाइए. कील-मुहाँसों की तकलीफ से राहत मिलेगी. चेहरा साफ, कांतिमान होकर निखर आएगा.

एडियोंका फटना
पाँव धोकर, कुछ देर तक गुनगुने पानी में रखिए, नरम बनने के बाद मुलायम सूती कपड़े से सुखाएँ. फटी एडियों पर कैलास जीवन धीरेसे लगाएँ. मलना नहीं. कैलास जीवन त्वचामें घुल जाएगा और फटी एडियों पर असर करेगा. एडियाँ और पाँव की त्वचा साफ, मुलायम बन जाएगी.

बवासीर / फिशर्स
एक चम्मच कैलास जीवन में उतनी ही मात्रा पीसी शक्कर मिला कर रोज रात (२१ दिनों तक) सेवन किजिए तथा प्रतिदिन २-३ बार उस जगह पर लगाइए. बवासीर, फिशर्स से राहत मिलेगी. परहेज आवश्यक.

हाथ पाँव और आँखों की जलन, मुहाँसे, मुँह के छाले, एड़ियों का फटना, कटना, जलना, झुलसना, डायपर-नॅपी रॅश आदि के लिए गुणकारी।
विकार अनेक, इलाज एक... आज ही खरीदिए।

Also available on
amazon Flipkart netmeds.com
Available In: 20g Tube, 30g, 60g, 120g, 230g Bottle
| Manufacturer: ASUM, Pune. 020-24486865 | Customer Care: Prashant: 91300 26070 |
| asumkj@gmail.com | www.asum.com |

Distributor: Delhi: Gopal Stores: 9810524934, Noida: Ajay Medical: 0120-2527981
Seelampur: Agarwal Ayurvedic: 9711251291, Saraswati Vihar: Saraswati Ayu: 27058720
Motinagar: Ishar Dass & Sons: 9313519596, Con. Circle: Nath: 9899441605,
Gaziabad - Vaishali: Shri Krishna Ayurved: 9873603747
Khan Market: Preet Medicos: 9899659582, Gurgaon: Vashishth Medical: 9873321179
Faridabad: Laxmi Ayurvedic: 9810083760
Also Available at Chandni Chowk, Bhagirath Palace, Khari Baoli.

pfrda

मजबूत कार्यबल से बनाएँ
मजबूत एमएसएमई



nps national pension system
#Zaruri Hai के साथ अपनी टीम के भविष्य को सुरक्षित बनायें

- एमएसएमई क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए उपलब्ध
- धारा 80सीसीडी(2) के तहत नियोक्ता के अंशदान पर नई कर व्यवस्था के तहत टैक्स बेनिफिट
- सीमित वेतन बजट के अंदर भी सेवानिवृत्ति लाभ
- ऑनलाइन सेवा से खाता खोलना और उसे संचालित करना है बेहद आसान

@PFRDAOfficial @PFRDAOfficial @PFRDAOfficial @PFRDAOfficial /company/pfrda/

नज़दीकी बैंक/डाकघर/प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस (पीओपी) से संपर्क करें, एसएमएस करें एनपीएस 56677 पर कॉल करें : 1800 110 708 अथवा अधिक जानकारी के लिए www.pfrda.org.in देखें

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

ओरिएंट इलेक्ट्रिक का 'उज्ज्वल' कार्यक्रम इलेक्ट्रिशियनों के के लिए बना प्रगति का मजबूत आधार

भारत की प्रगति केवल बड़े शहरों या उद्योगों से नहीं, बल्कि उन लाखों हाथों से बनती है, जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी को चलाते हैं। इलेक्ट्रिशियन उन्हीं में से एक हैं, जो हमारे घरों, बाजारों और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को बिना रुके चलने में सक्षम बनाते हैं।

देश के कई हिस्सों में आज भी इलेक्ट्रिशियनों को औपचारिक प्रशिक्षण, नई तकनीकों की समझ और उद्योग में उचित पहचान नहीं मिल पाती। इसी वास्तविक जरूरत को समझते हुए, ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने अपनी सीएसआर पहल 'उज्ज्वल' के माध्यम से एक ठोस और दीर्घकालिक प्रयास शुरू किया है जो इलेक्ट्रिशियनों को केवल प्रशिक्षित नहीं करता, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने का सही अवसर देता है।

इस पहल के तहत, ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने स्किल इंडिया और समारम्भ फाउंडेशन के सहयोग से तीन वर्षों में 15,000 से अधिक इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से 4,000 से अधिक केवल पिछले एक वर्ष में जुड़े हैं। आज 'उज्ज्वल' सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय स्तर का स्किल मूवमेंट बन चुका है, जिसकी पहुँच देश के कई शहरों और औद्योगिक क्लस्टर्स तक है।

अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा संचालित ये सत्र सिर्फ जानकारी नहीं देते, बल्कि प्रतिभागियों को वह व्यावहारिक समझ और आत्मविश्वास देते हैं, जिससे वे अपने काम को बेहतर तरीके से कर सकें और अपनी कमाई के अवसर बढ़ा सकें। 'उज्ज्वल' की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसका स्किल इंडिया के साथ संरेखण है, जिससे प्रशिक्षण को एक संरचित रूप मिलता है और प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेशन भी प्रदान किया जाता है।

यह सर्टिफिकेट केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिशियनों के लिए एक नई पहचान और भरोसे का प्रतीक बनता है, जो उन्हें बेहतर अवसरों से जोड़ता है। निरंतर प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सही दिशा के साथ, ओरिएंट इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिशियनों को एक मजबूत, सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य की ओर आगे बढ़ा रहा है, ताकि वे न सिर्फ अपने जीवन में बदलाव ला सकें, बल्कि देश के विकास में भी अपनी भूमिका और मजबूती से निभा सकें।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in